जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, सोमवार 2 अक्टूबर, 2023



# बापू के बर्थडे पर आज आखिरी मौका

## फिर कल से नया रेट लागू होगा

Booking QR Code

**For Outstation Clients:**

1. QR Code स्कैन कर ₹ 1 लाख से कोठी बुक करें
2. 15 अक्टूबर तक साइट विजिट करें
3. पसंद नहीं आने पर पूरा पैसा वापस प्राप्त करें

अन्यथा

3 अक्टूबर से 5 लाख अधिक देकर नई रेट में कोठी बुक करें

FIXED PRICE

NO MIDDLE-MEN
DIRECT TO CUSTOMER

KEDIA सेजस्थान
KOTHI & WALK-UP APARTMENT
अजमेर रोड़, जयपुर

**PROPOSED FIXED RATE & RENTAL**

पजेशन तक 50% रेट बढ़ेगी

1.5 गुना

बड़ी-बड़ी कोठी
बड़े-बड़े फ्लैट

POSSESSION DEC. 2025

| युनिट टाइप | साइज | अगस्त की रेट (NPO New Product Offer) | आज की रेट +5% | कल की रेट +10% | नवम्बर की रेट +15% | दिसम्बर की रेट +20% | जनवरी की रेट +25% | पजेशन की रेट +50% | पजेशन के बाद रेंटल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 BHK (GF) अपार्टमेंट | 1350 Sq Ft | 45 L | 47.25 L | 49.50 L | 51.75 L | 54 L | 56.25 L | 67.50 L | 22,000 |
| 3 BHK (SF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 50 L | 52.50 L | 55 L | 57.5 L | 60 L | 62.50 L | 75 L | 25,000 |
| 3 BHK (FF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 55 L | 57.75 L | 60.5 L | 63.25 L | 66 L | 68.75 L | 82.50 L | 28,000 |
| 3 BHK BIG कोठी | 2000 Sq Ft | 60 L | 63.00 L | 66 L | 69 L | 72 L | 75 L | 90 L | 30,000 |
| 4 BHK BIGGER कोठी | 2325 Sq Ft | 70 L | 73.50 L | 77 L | 80.50 L | 84 L | 87.50 L | 105 L | 40,000 |
| 4 BHK BIGGEST कोठी | 3200 Sq Ft | 100 L | 105 L | 110 L | 115 L | 120 L | 125 L | 150 L | 50,000 |

KEDIA®

1800-120-2323

info@kedia.com www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in | RERA No. RAJ/P/2023/2387

WALKTHROUGH QR CODE | DOWNLOAD BROCHURE | LOCATION QR CODE | ROUTE MAP | SITE TOUR 360 DEGREE

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

महान विचार ही कार्य रूप में परिणत होकर महान कार्य बनते हैं। –विनोबा

# जब तक पुरस्कार और सम्मान रहेंगे, उनसे हमारी असहमतियां और नाराज़गियां भी रहेंगी

1936 में प्रगतिशील लेखक संघ के प्रथम अधिवेशन लखनऊ में मुंशी प्रेमचंद द्वारा दिया गया अध्यक्षीय भाषण पढ़ रहा हूं। यह भाषण 'साहित्य का उद्देश्य – प्रगतिशीलता' शीर्षक से सुलभ है। इसको पढ़ते हुए मैं इसके एक अंश पर अटक गया हूं। किस अंश पर अटका हूं, यह ज़िक्र थोड़ा आगे चलकर आ जाएगा।

अब आप इसे मेरा मानसिक विकार समझें या कुछ भी और, मैं इस व्याख्यान के शब्दों को एक अन्य संदर्भ में ठाहण कर विचार करना चाह रहा हूं। इन दिनों राजस्थान में हिंदी साहित्य की दुनिया में पुरस्कारों-सम्मानों का मौसम चल रहा है। सोशल मीडिया बधाइयों से भरा पड़ा है।

और यह बहुत स्वाभाविक और सराहनीय भी है। किसी की खुशी में खुश होना हमारे सहृदय होने का परिचायक होता है। वैसे यह स्थिति जिस तरह आई है उसकी भी सराहना की जानी चाहिए।

पिछले कुछ बरसों से यह रिवायत बन गई है कि नई सरकार बनते ही पिछली सरकार द्वारा नियुक्त साहित्य अकादमी अध्यक्ष से त्यागपत्र तो तुरंत ले लिया जाता है लेकिन नए अध्यक्ष की नियुक्ति प्राय: सत्ता के आखिरी बरस तक टलती रहती है। इसका परिणाम साहित्यकारों को इस रूप में भुगतना पड़ता है कि इस अवधि में देय पुरस्कार व सम्मान उन्हें नहीं मिल पाते हैं।

इस बार भी ऐसा ही हुआ, लेकिन अध्यक्ष की इस बात के लिए सराहना करनी होगी कि उन्होंने सरकार के विलंब के कारण साहित्यकारों का नुकसान नहीं होने दिया। इस बार चार बरसों के पुरस्कार व सम्मान एक साथ दे दिए गए हैं। इससे साहित्यिक बिरादरी को प्रसन्न ही होना चाहिए। लेकिन यहीं मुझे प्रेमचंद का यह भाषण याद आता है। 39;साहित्यकार को अपने भीतर भी एक कमी महसूस होती है और बाहर भी39;। इतने सारे पुरस्कार और सम्मान बंट रहे हैं तो भी साहित्यकार, उनका एक वर्ग दुखी है। दुख के दो-तीन कारण हैं। जिनका नम्बर इतने पुरस्कारों-सम्मानों में भी नहीं आया, उनका दु:ख तो समझ में आता है। वे इन पुरस्कारों के लिए चयन करने वालों की गुण ठााहकता पर सवाल उठाएं, यह बात भी थोड़ी समझ में आती है। यह बात भी कुछ-कुछ समझ में आती है कि जिन्हें छोटा पुरस्कार मिला है वे ख़ुद को बड़े पुरस्कार का पात्र मानते हुए असंतुष्ट हों।

वैसे, पुरस्कारों के लेकर शायद ही कभी ऐसा होता हो कि असहमति, नाराज़गी और विवाद न हों।

पुरस्कार देने वाले प्राय: ज़ाहिर कारणों से गोपनीयता बरतते हैं, जबकि साहित्यकार यह अपेक्षा करते हैं कि सब कुछ पारदर्शी हो। किसी पुरस्कार विशेष के लिए कौन-कौन-सी कृतियां विचाराधीन थीं, पुरस्कार विशेष के निर्णायक कौन थे, और अगर सम्भव हो तो किस-किस ने किस-किस कृति को कितने कितने अंक दिये – वे चाहते हैं कि ये सारी बातें बता दी जाएं! मुझे स्मरण है कि राजस्थान साहित्य अकादमी लम्बे समय तक पुरस्कारों के निर्णायकों के नाम घोषित करती रही है। वह व्यवस्था कब और क्यों बदली गई, मुझे नहीं मालूम। अगर निर्णायकों को यह ज्ञात हो कि पुरस्कार की घोषणा के बाद उनका नाम घोषित कर दिया जाएगा, तो वे अपने निर्णय में अधिक सावधानी बरतेंगे, यह बात बहुत स्वाभाविक है। लेकिन अब दूसरी तरह से सोचें। क्या साहित्य की दुनिया में विज्ञान की तरह सब कुछ निश्चित होता है? क्या सारे निर्णायकों का सोच, उनकी पसंद नापसंद एक-सी और सर्व स्वीकार्य होती है? अगर ऐसा होता तो पुरस्कारों पर कोई विवाद ही नहीं होता। जबकि हक़ीक़त यह है कि साहित्य के और विशेष रूप से हिंदी साहित्य के अधिकांश पुरस्कार विवादों के घेरों में रहे हैं। जब नज़रिया अलग-अलग होगा तो स्वाभाविक है कि मूल्यांकन भी अलग-अलग होगा। और बात यहीं ख़त्म नहीं हो जाती है।

निर्णायकों के नाम घोषित न हों तो भी देर-सबेर उनके नाम लीक हो जाते हैं और फिर शुरू होता है आरोपों-प्रत्यारोपों का अंतहीन सिलसिला, जो बहुत बार बहुत अप्रिय शक्ल भी अख़्तियार कर लेता है। किसका किससे क्या रिश्ता है और किसने किसको कब उपकृत किया था जैसी बातें हम सब सुनते रहते हैं। पुरस्कार से संबंधित सब बातें आधिकारिक रूप से उजागर कर देने पर क्या माहौल बनेगा, कल्पना की जा सकती है। जिन्होंने पुरस्कार के लिए अपनी प्रविष्टि भेजी और जिन्हें पुरस्कार नहीं मिल सका, उनकी रुसवाई की भी कल्पना की जा सकती है। बहुत सारे वरिष्ठ लेखक प्राय: यह कहते हैं कि किसी भी पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित करना लेखक का अपमान है। एक तरह से तो उनका कहना सही है। लेकिन इसी बात का दूसरा पहलू यह भी है कि आखिर क्यों कोई भी पुरस्कार केवल ज्ञात और विख्यात लेखक तक ही सीमित रहे। अगर किसी ने कोई काम किया है और उसे लगता है कि वह काम पुरस्कार के योग्य है और वह उसे निर्णायकों के सामने ले जाना चाहता है तो उसे ऐसा करने से क्यों रोका जाए? हो सकता है एक मिली-जुली व्यवस्था इस समस्या का समाधान कर दे। लेकिन इसमें भी बहुत सारी जटिलताएं हैं।

> **कुल मिलाकर पुरस्कारों और सम्मानों का मामला बहुत जटिल और विवादास्पद है। मुझे तो नहीं लगता कि इनकी गुत्थियों को किसी भी तरह सुलझाया जा सकता है। आप चाहें तो इसे मेरी हताशा कह दें, मेरा तो मानना है कि जब तक पुरस्कार और सम्मान रहेंगे, उनसे हमारी असहमतियां और नाराज़गियां भी रहेंगी।**

हमारा हिंदी समाज पुरस्कारों को लेकर अति संवेदनशील है। हिंदी पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होने वाले व्यंग्य लेखों का तो शायद यह सर्वाधिक प्रिय विषय है। पुरस्कार जब दूसरे को मिलता है तो वह पक्षपातपूर्ण होता है, वह जोड़ तोड़ से मिलता है, उसका कोई मूल्य नहीं होता है, उसकी कोई प्रतिष्ठा नहीं होती है। लेकिन जब वही पुरस्कार हमें मिल जाता है तो न केवल वह सच्ची गुण ग्राहकता का परिचायक होता है, तटस्थ, और निष्पक्ष भी होता है। जब कोई पुरस्कार किसी और को मिलता है तो हम यह कहते नहीं थकते हैं कि इतने बड़े रचनाकार को इतना छोटा पुरस्कार स्वीकार नहीं करना चाहिए था, लेकिन जब वही पुरस्कार हमें मिलता है तो हमारा तर्क दूसरा होता है। तब पुरस्कार पुरस्कार होता है, उसमें छोटे-बड़े का कोई भेद नहीं होता है। जब हमारी पसंद के किसी व्यक्ति को कोई पुरस्कार मिलता है तो हमारी दो प्रतिक्रियाएं बहुत आम होती हैं। एक तो यह कि उनके पास जाकर पुरस्कार स्वयं धन्य हुआ है, और दूसरी यह कि यह पुरस्कार उन्हें बहुत पहले मिल जाना चाहिए था। ये हम सब की आम प्रतिक्रियाओं का लब्बे लुआब है!

पिछले चालीस बरसों में मैं कम से कम इतने ही पुरस्कारों का तो निर्णायक रहा ही हूं, और मैं शपथ पूर्वक यह बात कह सकता हूं कि आज तक मुझे किसी भी पुरस्कार प्रदाता ने यह नहीं कहा कि अमुक को पुरस्कार देना है और अमुक को नहीं देना है। हो सकता है कि आपको यह लगे कि यह अनुभव केवल मेरा है, सबका नहीं हो सकता। मैं भी मान लेता हूं कि ऐसा नहीं है कि सब कुछ साफ़ सुथरा ही होता है। मनुष्य है तो उसके राग-द्वेष भी होंगे, पसंद नापसंद भी होगी। पुरस्कारों के निर्णय में नहीं होगी – यह कल्पना ही अव्यावहारिक है। जीवन में यह सब कहां नहीं है? और अगर न भी हो तो हमें ऐसा होने की कल्पना करने से भला कौन रोक सकता है? ऐसे में, मुझे हमेशा लगता है कि पुरस्कारों पर बहुत विवाद बेमानी है। एक प्रयोग करके देखें।

किसी भी पुरस्कार के लिए अपनी एक सूची बनाएं और दोस्तों से उस पर चर्चा करें! क्या सारे दोस्त उस सूची से सहमत मिलेंगे? आप कुछ भी कर लें, सब को संतुष्ट नहीं कर सकते। पुरस्कार विवादास्पद होने के लिए अभिशप्त हैं!


पुरस्कारों के मामले में तो कुछ प्रक्रियाएं भी होती हैं, सम्मानों का मामला अलग होता है। लेकिन हम सबकी प्रतिक्रियाएं यहां भी वैसी ही होती हैं। हमें मिले तो बहुत बढ़िया, हमें न मिले तो एकदम बेकार और पक्षपातपूर्ण। बहुत बार ऐसी रोचक स्थितियां भी सामने आती हैं कि इस बार जब किसी और को पुरस्कार मिला तो हमने सम्मान के खिलाफ, और उसे दिये जाने की प्रक्रिया के खिलाफ़ काफी कुछ कहा, लेकिन जब अगली बार वही सम्मान उसी प्रक्रिया से हमें मिला तो हमने देने वाले के प्रति कृतज्ञ होते हुए उसे प्रफुल्लित भाव से स्वीकार कर लिया। सम्मानों को लेकर हमारा दुहरा सोच इस रूप में भी सामने आता है कि एक तरफ तो हम बार-बार इस बात पर अफसोस व्यक्त करते हैं कि साहित्यकार का कोई सम्मान नहीं है, लेकिन जब उसी साहित्यकार को कोई सम्मान मिलता है तो हम अनेक किंतु परंतु लगाते हुए उस सम्मान को छोटा बताने का प्रयास करते हैं। हमारी पीड़ा एक और होती है। हम चाहते हैं कि हमारा तो सम्मान हो, लेकिन किसी और का भी हो, यह बात हमें ज़रा कम ही पच पाती है।

पुरस्कारों और सम्मानों पर अपनी असहमति या नाराज़गी व्यक्त करने वालों में से अनेक उन लोगों के बारे में अपनी कटु प्रतिक्रियाएं व्यक्त करने में संकोच नहीं करते हैं जो उनकी आवाज़ में अपनी आवाज़ नहीं मिलाते हैं। वे उन पर तरह-तरह के आरोप लगाते हैं, जिनमें से अनेक बहुत अभद्र भी होते हैं। वे यह नहीं सोचते हैं कि यह क़तई ज़रूरी नहीं है कि हरेक असहमत अपनी असहमति को सार्वजनिक रूप से अभिव्यक्त भी करे। और यह भी कहां ज़रूरी है कि हरेक आपकी बात से सहमत भी हो। दुनिया में अकेले ईमानदार और अंतरात्मा वाले आप ही नहीं हैं, इस बात को स्वीकार किया जाना चाहिए। क्या इतने पर बात ख़त्म नहीं हो जानी चाहिए कि जैसा आपको लगा, आपने कह दिया। केवल हमीं पाक साफ और स्वाभिमान वाले हैं, शेष सब गंदे और दुम हिलाऊ हैं, यह कैसा विकृत सोच है?

कुल मिलाकर पुरस्कारों और सम्मानों का मामला बहुत जटिल और विवादास्पद है। मुझे तो नहीं लगता कि इनकी गुत्थियों को किसी भी तरह सुलझाया जा सकता है। आप चाहें तो इसे मेरी हताशा कह दें, मेरा तो मानना है कि जब तक पुरस्कार और सम्मान रहेंगे, उनसे हमारी असहमतियां और नाराज़गियां भी रहेंगी।

**अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# शास्त्रार्थ के बिना ही गांधी हार गए



देवी सिंह नरूका

राजस्थान में अजमेर-मेरवाड़ा ही ऐसा क्षेत्र है जहाँ की धरती दो बार बापू '1869-1948 ई.' की पदरज से पवित्र हुई। इस क्षेत्र में उस समय ब्रिटिश सरकार का शासन था। इसी कारण से अजमेर-मेरवाड़ा ही स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों का मुख्य कार्यक्षेत्र रहा है। प्रदेश के शेष सभी भाग देशी राजाओं के अधीन थे। गाँधीजी की मान्यता थी कि आजादी की लड़ाई विदेशी हुकूमत से है। राजा लोग तो अपने ही हैं अत: वे तत्कालीन राजपूताने की किसी रियासत में नहीं गए। यद्यपि प्रदेश के अनेक स्वतंत्रता सेनानियों और अन्य लोगों से उनका सीधा सम्पर्क रहा और निरन्तर सलाह देते रहते थे, जिससे खादी और हरिजन सेवा के कार्य बराबर चलते रहे। सर्वप्रथम अक्टबूर 1921 में गाँधीजी का अजमेर आगमन हुआ।

उस समय अजमेर में फरूखाबाद के शेर सिंह कांग्रेस का काम करते थे। उन्होंने ही गांधीजी को बुलाया था।

अपनी नौ माह की देशव्यापी हरिजन कल्याण यात्रा के अवसर पर 6 जुलाई 1934 को बड़े सवेरे ही राष्ट्रपिता अजमेर से जिले के मुख्य औद्योगिक नगर ब्यावर 'अब जिला' पहुँचे। उनकी इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य हरिजन कल्याण और छुआछूत मिटाने के लिए जनमानस तैयार करना था। ब्यावर पहुँचने पर पंड़ित चन्द्रशेखर 'बाद में जगन्नाथपुरी के शंकराचार्य' ने अपने साथियों के साथ गाँधीजी को काले झंडे दिखाए। पंडित चन्द्रशेखर गाँधीजी से मिले और उनसे शास्त्रार्थ करने की इच्छा प्रकट की। संभवत: वे गाँधीजी की छुआछूत आदि हरिजन विचारधारा के सम्बन्ध में शास्त्रार्थ करना चाहते थे। किन्तु गाँधीजी ने विनोद में कहा–"तुम घोषणा कर दो कि बिना शास्त्रार्थ के ही गाँधी हार गया।" इस सभा में ब्यावर के नागरिकों और हरिजनों की ओर से गाँधीजी को मानपत्र दिए गए। हरिजन कोष के लिए 1772 रूपये और कुछ आने गाँधीजी को भेंट किए गए।

इससे एक दिन पूर्व 5 जुलाई सन 1934 को अजमेर में महिलाओं की एक सभा में गाँधीजी ने छुआछूत मिटाने और हरिजनों को समाज में समान दर्जा देने की अपील की। वे यहाँ चर्खा संघ के कार्यकर्ताओं से भी मिले। हरिजन सेवक संघ के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गाँधीजी ने कहा– "मैं चाहता हूँ कि पूरी सच्चाई और ईमानदारी से हमारे सेवक हरिजनों की सेवा करें। सेवा का फल मेवा ही है। स्वार्थ या किसी राजनीतिक उद्देश्य का तो लेश भी नहीं होना चाहिए। हमारा मुख्य लक्ष्य तो हिन्दू धर्म की शुद्धि है। इसलिए उन लोगों के लिए इस हरिजन प्रवृत्ति में कोई स्थान नहीं हो सकता जो राजनीतिक दृष्टि से इसमें पड़ना चाहते हैं।अजमेर में सार्वजनिक सभा से पूर्व बाबा लालनाथ गाँधीजी से मिले और उन्होंने भी सभा में भाष्ण की इच्छा प्रकट की। गाँधीजी ने इसे सहर्ष स्वीकार कर लिया किन्तु उनसे कहा गया कि गाँधीजी के पदार्पण के बाद वह सभा स्थान पर आएं। बाबा लालनाथ अपने साथियों के साथ पहले ही सभा स्थल पर पंहुच गए। उनके साथियों के हाथों में काली झंडिया थी। नागरिकों और लालनाथ व उनके साथियों के बीच मुठभेड़ हो गई। भीड़ में से किसी ने बाबा लालनाथ के सिर पर चोट मार दी जिसमें से खून बहने लगा। गाँधीजी को जब इस बात का पता चला हो उन्हें बड़ा दु:ख हुआ। उन्होंने बाबा लालनाथ को बुलाकर मंच पर अपने पास बिठाया और उनकी चोट पर पट्टी बांधी गई। गाँधीजी ने सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए कहा, काली झंडी वालों को साथ लेकर बाबा लालनाथ को सभा में आने और हमारे आन्दोलन के विरूद्ध प्रदर्शन करने का पूरा अधिकार था। जिस किसी ने उन पर हमला किया है उसने बहुत बड़ी अशिष्टता की है। काली झंडियाँ सुधारकों का क्या बिगाड़ सकती है। किन्तु पं. लालनाथ पर जो यह वार हुआ है उससे निश्चय ही हरिजन

कार्य को क्षति पहुँची है। धर्म रक्षा या धर्म की सेवा तो आत्म-त्याग और आत्म-संयम के द्वारा ही हो सकती है। मैं तो राजनीतिक वातावरण में भी हिंसा को बर्दाश्त नहीं कर सकता, फिर यह तो धर्म का क्षेत्र है।

गाँधीजी ने बाबा लालनाथ को बोलने के लिए कहा किन्तु ज्योंही वह बोलने लगे तो लोग शेम-शेम की आवाज लगाने लगे और उनका बोलना कठिन हो गया। इस पर गाँधीजी ने लोगों को डांटते हुए कहा आप जो शेम-शेम की आवाज लगा रहे है, तो यह धिक्कार लालनाथ जी के लिए नहीं किन्तु आपके लिए ही है। असहिष्णुता भी एक प्रकार की हिंसा है। जो मनुष्य अपने विरोधियो की बात नहीं सुनना चाहता, वह कदापि धर्माचरण का पात्र नहीं कहा जा सकता। मान लीजिए कि कोई मुझ पर ही घातक हमला कर बैठे तो क्या आप आपे से बाहर हो जायेंगे और पागल की तरह हिंसा पर उतारू हो जायेंगे? ऐसा है तो मैंने व्यर्थ ही आपके आगे जीवन बिताया। ऐसा करके तो आप विशाल आन्दोलन को ही खत्म कर देंगे। पर, यदि आपने संयम से काम लिया तो मेरे शरीर के अंत के साथ-साथ इस अस्पृश्यता का अंत निश्चित है। इस पर लोग चुप हो गए और उन्होंने लालनाथजी का भाषण सुना।

इसी प्रवास के दौरान गाँधीजी स्वतंत्रता सेनानी अर्जुन लाल सेठी के निवास स्थान पर भी गये सेठीजी मदार गटे के बाहर एक मकान में रहते थे। गाँधीजी के प्रति उनकी नाराजगी थी किन्तु गाँधीजी अपने सहयोगियों के साथ उनके घर पर पहुँचे तो सेठीजी गद्-गद् हो गये और उन्होंने तथा उनकी धर्मपत्नी ने गाँधीजी की आरती उतारी और अपनी ओर से एक थैली भेंट की और बच्चों के लिए आशीर्वाद मांगा।

असहयोग आन्दोलन के सिलसिले में दूसरी बार 8 मार्च सन् 1922 को महात्मा गाँधी अजमेर पधारे। हिन्दु-मुस्लिम एकता और धार्मिक सहिष्णुता के क्षेत्र में अजमेर अगण्री रहा है। गाँधीजी देश में असहिष्णुता का वातावरण बना रहे थे। किन्तु 1922 में अजमेर में आयोजित जमीयतुल उलेमा कांफ्रेन्स में प्रस्ताव पारित किया गया कि इस्लाम की रूह के मुताबिक मजहब और इन्साफ की हिफाजत के लिए तलवार उठाना भी जायज होगा। गाँधीजी की प्रेरणा से उलेमाओं का यह प्रस्ताव बदलवाया गया। उन्होंने स्वयं ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में उलेमाओं की बैठक में भाग लिया। बताया जाता है कि गाँधीजी पहले गैर मुस्लिम थे जिन्होंने ख्वाजा साहेब की दरगाह में धार्मिक बैठक में तकरीर की।

राजस्थान के प्रथम मुख्यमंत्री पं. हीरालाल शास्त्री ने अपने संस्मरण में लिखा है–

"सबसे अधिक मार्मिक बात गाँधी से मेरी 15 जनवरी 1948 के आस-पास हुई थी। बात करते-करते गाँधीजी ने कहा– "हीरालाल! वल्लभ भाई और जवाहरलाल मेरी बात नहीं सुनते है, अब मैं दूसरा वल्लभ भाई और दूसरा जवाहरलाल कहाँ से लाऊँ" इन शब्दों के साथ गाँधीजी की आँखों में आंसू छलक आये। वही मेरा गाँधीजी का अंतिम दर्शन था।

**–देवी सिंह नरूका,**
**वरिष्ठ लेखक व पत्रकार**

# कृषि शोध एवं प्रौद्योगिकी प्रयोग से देश आगे बढ़ा : डॉ. चौधरी

- **केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (काजरी) जोधपुर का 65वां स्थापना दिवस मनाया**
- **भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् नई दिल्ली के उप महानिदेशक डॉ. चौधरी ने कृषि पारिस्थितिकी पर्यटन पार्क का शुभारम्भ किया**

**जोधपुर, (कासं)।** केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (काजरी) जोधपुर का 65वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् नई दिल्ली के उप महानिदेशक (एनआरएम) एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एस.के. चौधरी ने कहा कि आईसीएआर संस्थानों की कृषि शोध उपलब्धियों एवं कृषि प्रोद्योगिकियों से देश आत्मनिर्भर बना परिषद् ने किसानों एवं देश की आवष्यकता को पूरा किया।

खाद्यान्न भण्डार भरे होने से कोरोनाकाल में घर बैठे लोगों को खाद्य सामग्री उपलब्ध करा पाये। काजरी में सामूहिक सकारात्मक प्रयास योगदान से प्रगति हुई है। रेगिस्तान में हरे भरे खेत खलिहान कृषि की उन्नित देखकर ख़ुशी होती है।

डॉ. चौधरी ने कृषि पारिस्थितिकी पर्यटन पार्क का शुभारम्भ किया। इस पार्क में शुष्क क्षेत्रों के पारिस्थितिकी तंत्र का अभिवेदन करने वाले 31 ब्लाक प्रदर्शित किये गये हैं। काजरी निदेशक तथा कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. ओपी यादव ने अतिथियों का साफा पहनाकर स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। उन्होंने गत वर्ष की कृषि उपलब्धियों कार्यक्रमों गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम में आउटस्टेडिंग वर्कर अवार्ड डॉ. पीसी महाराणा डॉ. राकेश पाठक डॉ. डीवी सिंह डॉ. एचआर महला तथा बेस्ट वर्कर के लिए वैज्ञानिक श्रेणी में डॉ. आरएन कुमावत एवं डॉ. अर्चना वर्मा प्रशानिक श्रेणी में हेमा राम तकनीकी श्रेणी में मुकेश गहलोत वीरेन्द्र कुमार हर्ष रामनिवास सहायक श्रेणी में जमना देवी को प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। आईसीएआर, नई दिल्ली द्वारा काजरी की 11 कृषि प्रौद्योगिकिया अनुमोदित की गई है। कृषि प्रौद्योगिकियों एवं विभिन्न उपयोगी कृषि माडल विकसित करने के लिए डॉ. प्रदीप कुमार डॉ. एसपीएस तँवर डॉ. आरएन कुमावम डॉ. वीएस राठौड़ डॉ. प्रवीण कुमार डॉ. धीरज सिंह डॉ. प्रियब्रत सान्तरा डॉ. एनआर पंवार को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

काजरी जोधपुर के पूर्व निदेशक एवं कार्यक्रम के विशिस्ट अतिथि डॉ. केपीआर विटल एवं डॉ. प्रताप नारायण ने अपने संस्मरण सुनाये एवं अनुभव साझा किये। केन्द्रीय तटीय कृषि अनुसंधान संस्थान गोवा के निदेशक एवं विशेष अतिथि डा. प्रवीण कुमार ने कहा कि जलवायु परिर्वतन हो रहा है ऐसे में काजरी की तकनीकियों अन्य राज्यों के लिए भी बहुत उपयोगी होगी। कार्यक्रम संयोजक डॉ. एके पटेल ने तथा संचालन गजे सिंह जोधा एवं डा. सोमा श्रीवास्तव ने दिया। कार्यक्रम में डॉ. एके पटेल डॉ. पीसी महाराणा डॉ. सुमन्त व्यास डॉ. एसपीएस तँवर डॉ. पी. सान्तरा सुरेश कुमार सुनीता आर्य डॉ. आरके कांकाणी डॉ. एचएल खुशवाहा डॉ. धीरज सिंह आईआर मीणा ने अहम भूमिका निभायी। समारोह में सेवानिवृत्त एवं कार्यरत वैज्ञानिकों अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

# कुलपति प्रो. कैलाश सोडाणी का वी.एम.ओ.यू. में अभिनंदन

**उदयपुर, (कासं)।** वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय (वीएमओयू) में शनिवार को कुलपति प्रो. कैलाश सोडाणी के कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर उनका अभिनंदन किया गया। विश्वविद्यालय के पूरे स्टाफ ने गांधी भवन में प्रोफेसर सोडाणी को फूल-मालाओं से लाद दिया। प्रोफेसर सोडाणी के कार्यकाल की उपलब्धियों में सबसे बड़ी उपलब्धि रही विवि को नैक से 'ए' ग्रेड मिलना। इसके अलावा शिक्षकों के प्रमोशन करना एक अहम उपलब्धि रही।

- **कुलपति सोडाणी के नेतृत्व में नैक "ए" ग्रेड विवि बना वीएमओयू**
- **वीएमओयू में सोडाणी के कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर अभिनंदन**

महिलाओं को नि:शुल्क शिक्षा देने में वीएमओयू एकमात्र विश्वविद्यालय बना। साथ ही दो डिग्रियों की पढ़ाई भी एकसाथ कराने वाला विवि वीएमओयू ही बना। पुरानी पेंशन को लागू कराने में कुलपति प्रो सोडाणी आगे रहे। इसके अलावा देशभर के सभी मुक्त विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की जयपुर में कांफ्रेंस कराने का श्रेय भी कुलपति प्रो सोडाणी को जाता है, इसमें राज्यपाल महोदय ने भी अध्यक्षता की। क्षेत्रीय केन्द्र अजमेर के लिए भवन हेतु सरकार से निशुल्क जमीन का आवंटन कराने में भी प्रो. सोडाणी की भूमिका अहम रही। रुके हुए शोध कार्य को आरंभ कराने और कुछ छात्रों की रुकी पीएचडी को अवार्ड कराने और ऑनलाइन गृहकार्य में आई बाधाओं को दूर करने में प्रोफेसर सोडाणी के प्रबंधन कौशल को सभी ने जमकर सराहा।

अपने उद्बोधन में प्रोफेसर सोडाणी ने कहा कि सभी लोगों के मिलकर कार्य करने से ही परिणाम अच्छे मिलते हैं। उन्होंने कहा कि आज हम 'ए' ग्रेड विवि के तौर पर जाने जा रहे हैं और आने वाला समय तकनीक का है, अब हमें ऑनलाइन कोर्सेज शुरू पर जोर देना होगा। प्रो. सोडाणी ने कहा कि अब प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है और बाजार में टिकने के लिए हमें मजबूत बनना होगा। कार्यक्रम में नैक में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संदीप हुडा ने किया।





कुलपति प्रो. कैलाश सोडाणी का वीएमओयू में अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित हुआ।

## बार कौंसिल ऑफ राजस्थान की बैठक में कई विषयों पर चर्चा

जोधपुर, (कासं)। बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के कार्यालय में बार कौंसिल ऑफ उतर प्रदेश के उपाध्यक्ष अनुराग पाण्डेय के नेतृत्व में बार कौंसिल ऑफ उतर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल के साथ बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष, रामप्रसाद सिंगारिया के साथ बैठक आयोजित हुई। बार कौंसिल ऑफ उतर प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं प्रतिनिधिमंडल ने अधिवक्ताओं के हितार्थ एवं लाभार्थ के लिए कई विषयों पर विस्तृत चर्चा की, जिनमें प्रमुख मुद्दे अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम, अधिवक्ता वेलफेयर फंड, ऑनलाईन पंजीकरण व नवीनीकरण प्रक्रिया, तत्काल पंजीकरण प्रक्रिया, सदस्यगणों सचिव व कर्मचारीगण के-यात्रा भत्ता, किसी सदस्य की आकस्मिक मृत्यु होने पर नये सदस्य के चुनाव संबंधी नियम आदि चर्चा के विषय रहे। बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष, रामप्रसाद सिंगारिया ने बार कौंसिल ऑफ उतर प्रदेश के उपाध्यक्ष अनुराग पाण्डेय तथा अन्य सदस्यों का साफा व माला पहनाकर अभिनंदन किया।

बैठक में बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष, राम प्रसाद सिंगारिया तथा बार कौंसिल ऑफ उतर प्रदेश के उपाध्यक्ष अनुराग पाण्डेय व अन्य सदस्य पांचू राम मौर्य (पूर्व अध्यक्ष, बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश), जानकी शरण पाण्डेय (पूर्व अध्यक्ष, बार कौंसिल ऑफ उतर प्रदेश) एवं विनोद कुमार पाण्डेय उपस्थित थे।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### सोमवार 2 अक्टूम्बर, 2023

आश्विन मास, कृष्ण पक्ष, तृतीया तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2080, भरणी नक्षत्र सांय 6:24 तक, हर्षण योग प्रात: 10:28 तक, विष्टि करण प्रात: 7:37 तक, चन्द्रमा रात्रि 12:15 से वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कन्या, चन्द्रमा-मेष, मंगल-कन्या, बुध-कन्या, गुरू-मेष, शुक्र-सिंह, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज भद्रा प्रात: 7:37 तक रहेगी। आज चतुरदशी तिथि का क्षय हुआ है। आज भरणी और चतुर्थी तिथि का श्राद्ध है। आज चतुरथी व्रत है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:31 तक, शुभ 9:20 से 10:48 तक, चर 1:44 से 3:13 तक, लाभ-अमृत 3:13 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:23, सूर्यास्त 6:10

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी और व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा।

**वृष**
मित्रों/रिश्तेदारों के कारण समय खराब हो सकता है। अतिथियों का आगमन बना रहेगा। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आज व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिल सकती है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**सिंह**
शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। वाणी पर संयम रखना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक मामलों में प्रगति होगी।

**कन्या**
आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। संभावित धन प्राप्ति में विलम्ब होगा। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा में दुर्घटना का भय है।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

**धनु**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। आपसी ईर्ष्या-वैमनस्यता के कारण परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

**मकर**
घर-परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। परिजनों के व्यवहार के कारण अपमानित हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

**कुंभ**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। महत्वपूर्ण मामलों में परिजनों से सहयोग मिलेगा। घर-परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

**मीन**
आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। व्यावसायिक प्रतिष्ठा का ध्यान रखें। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



Infrastructure Funds Et Al Were Not The Deterrents

The dream of staging the first-ever Asian Games was materialized when in 1951, India, who barely four years ago got Independence ventured to hold the Asiad in Delhi

Engaging Tasks for Kids

Gandhi Jayanti is an opportunity to celebrate important values.



*श्रीमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र के अजीतगढ में आयोजित किसान सम्मेलन में भारी संख्या में उमड़ी भीड़ ने सचिव पायलट का शानदार स्वागत किया। सम्मेलन के रास्ते में की गयी पुष्प वर्षा पर पायलट ने कहा कि, जनता ने इतना प्यार दिया कि सर और शरीर से फूलों को साफ करने में आधा घंटा लगा।*

# अजय माकन कांग्रेस के कोषाध्यक्ष नियुक्त

## यह घटनाक्रम विशेष रूप से उल्लेखनीय इसलिये भी है, क्योंकि कई महारथियों ने, जिनमें गहलोत व सुरजेवाला भी शामिल हैं, इस नियुक्ति को रुकवाने की पूरी कोशिश की थी

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 अक्टूबर। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और राहुल गांधी के वफादार अजय माकन को पवन बंसल की जगह ए.आई.सी.सी. कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

इस अखबार में सबसे पहले यह रिपोर्ट किया गया था कि, अजय माकन को ए.आई.सी.सी. कोषाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया जाएगा, हालांकि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, रणदीप सिंह सुरजेवाला तथा पार्टी के कुछ अन्य नेता उनकी नियुक्ति को रोकने की बहुत कोशिश कर रहे थे।

अजय माकन उस समय राजस्थान के प्रभारी थे जब उनका अशोक गहलोत से आमना-सामना हुआ था। माकन ने 25 सितम्बर 2022 को गहलोत द्वारा तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गाँधी के विरूद्ध किए गए विद्रोह के बाद गहलोत के खिलाफ रिपोर्ट दी थी।

भारत जोड़ो यात्रा के दौरान माकन ने, गहलोत और उनके सिपहसालारों के विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं होने के विरोध में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

- **माकन 2022 में राजस्थान के प्रभारी थे, महासचिव की हैसियत से।**
- **प्रभारी के रुप में उनकी मुख्यमंत्री गहलोत से खुल्लम-खुल्ला भिड़न्त भी हुई। 25 सितम्बर 2022 की गहलोत द्वारा रची साजिश के तहत, कांग्रेस के विधायकों ने कांग्रेसाध्यक्ष सोनिया गांधी के खिलाफ बगावत की थी, तथा, दिल्ली से आये हाईकमान के प्रतिनिधियों द्वारा आहूत बैठक का बहिष्कार किया था।**
- **भारत जोड़ो यात्रा के दौरान, इन विद्रोही विधायकों के खिलाफ कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं होने के कारण माकन ने अपने प्रभारी पद से इस्तीफा दे दिया था।**
- **निर्वतमान कोषाध्यक्ष पवन बंसल को हटाने से रोकने के लिए, अम्बिका सोनी ने पूरी कोशिश की थी, पर इस बार उनके प्रयासों को सफलता नहीं मिली।**

अब राहुल गाँधी उन्हें वापस लेकर आए हैं।

उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि, जब पवन बंसल के विरूद्ध वित्तीय अनियमितताओं के कुछ मामले सामने आए तब उन्हें हटाना पड़ा, क्योंकि उनकी स्थिति अस्थिर हो गई थी।

पवन बंसल, अंबिक सोनी के बिज़नेस पार्टनर हैं तथा उनके द्वारा बंसल का पद बचाने के लिए किए गए सभी प्रयास विफल रहे।

# प्रधानमंत्री आज चित्तौड़गढ़ में

जयपुर, 1 अक्टूबर (का.सं.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 2 अक्टूबर को चित्तौड़गढ़ में होने वाली सभा को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सभा स्थल पर सुरक्षा , पांडाल, बैठक व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल व्यवस्था सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली।

प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि, कांग्रेस की महाभ्रष्ट सरकार से प्रदेश की जनता पूरी तरह त्रस्त है। जनता ने अब मन बना लिया है कि, कांग्रेस को सत्ता से उखाड़ फेंकना है। 2 अक्टूबर को सभा में विश्व और देश के लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सुनने के लिए प्रदेश भर से लाखों की संख्या में आमजन चित्तौड़गढ़ आएगा । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबसे पहले सांवलिया सेठ जी के दर्शन करेंगे, उसके बाद चित्तौड़गढ़ में सुबह 11 बजे विभिन्न विकास योजनाओं और परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। उसके पश्चात सभा को सम्बोधित करेंगे।

- **मोदी पहले सांबलिया सेठजी के दर्शन करेंगे, फिर योजनाओं व परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे तथा 3 बजे बाद सभा को संबोधित करेंगे।**

# अजीतगढ़ में सचिन पायलट पर 21 जेसीबी से पुष्प बरसाये

## अजीतगढ़ के चौंमू, शाहपुरा, नीमकाथाना सहित कई मार्गों पर सुबह से लेकर शाम तक जाम रहा

श्रीमाधोपुर, 1अक्टूबर (निस)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने रविवार को अजीतगढ़ स्कूल के खेल मैदान पर विधायक दीपेंद्र सिंह शेखावत एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य बालेंदु सिंह शेखावत के समर्थन में विशाल किसान सम्मेलन को संबोधित किया। पायलट की सभा में हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। सभा स्थल के अलावा आसपास के मकान की छतों पर भी लोग पायलट को देखने के लिए उमड़े। अजीतगढ़ के सारे सड़क मार्गों पर जाम रहा। यहां 21 जेसीबी से पायलट पर पुष्प बरसाये गये।

सभा स्थल पर सुबह से ही लोग अपने-अपने वाहनों में नेहडा गाते हुये एवं चंग पर धमाल गाते हुए सभा स्थल पर पहुंचे। भारी मात्रा में सभा स्थल पर महिलाओं और युवाओं की संख्या भी देखी गई। इसके बाद पायलट जैसे ही सभा स्थल पर जनता के बीच से गुजरे लोगों एवं महिलाओं ने पायलट पर फूलों की वर्षा की तो पायलट ने चुटकी लेते हुए कहा कि, जनता ने इतना प्यार दिया है कि,उन्हें सिर और शरीर से फूलों को साफ करने में आधा घंटा लग गया।

कार्यकर्ताओं ने पायलट, दीपेंद्र सिंह शेखावत, बालेंदु सिंह एवं अन्य अतिथियों को 51 किलो की फूलों की माला एवं बाजरे के सिटटे व जेली भेंट की। सचिन पायलट व दीपेंद्र सिंह के जयकारों से सभा स्थल गूंज उठा।

सम्मेलन को देखते हुए अजीतगढ़ के हर सड़क मार्ग पर एवं सभा स्थल पर भारी मात्रा में पुलिस का जाब्ता, प्रशासनिक अधिकारी, चिकित्सकों की टीम, दमकल एवं एंबुलेंस तैनात थी। इस किसान सम्मेलन में पूरी भीड़ श्रीमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र से आई हुई थी।

सुबह से लेकर सभा की समाप्ति तक पूरा अजीतगढ़ सचिन पायलट एवं दीपेंद्र सिंह शेखावत के जयकारों से गूंज रहा था। साथ ही सभा स्थल पर महिलाएं बार-बार नाच रही थीं एवं लोग चंगो पर धमाल कर रहे थे। अजीतगढ़ कस्बे में सुबह 10:00 बजे से लेकर शाम चार बजे तक बड़े वाहनों मध्य वाहनों, का प्रवेश बंद रहा।

- **कांग्रेस में नहीं है गुटबाजी, भाजपा अपने गिरबान में झांक कर देखे : पायलट।**
- **पायलट की सभा में हजारों की संख्या में उमड़े लोग।**
- **पायलट व दीपेंद्र सिंह शेखावत के नारों से गूंजा पांडाल।**
- **कार्यकर्ताओं ने 51 किलो की फूलों की माला, बाजरे के सिट्टे व जेली भेंट की।**

पायलट ने कहा कि, राजस्थान भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं है जिस कारण वह कांग्रेस का विरोध कर सके, भाजपा झूठ बोलकर लोगों को ठगने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि, आज राजस्थान की जनता केंद्र सरकार के कारण महंगाई से जूझ रही है। केंद्र में जब कांग्रेस की सरकार थी उस समय रसोई गैस सिलैण्डर 400 में मिलता था डीजल व पेट्रोल 50 के करीब मिलता था लेकिन आज केंद्र में भाजपा की सरकार होने के कारण रसोई गैस की कीमत 1100 पार कर गई है एवं पेट्रोल व डीजल 100 पार कर गए हैं।

उन्होंने श्रीमाधोपुर विधायक दीपेंद्र सिंह शेखावत को विकास पुरुष का दर्जा देते हुए कहा कि, शेखावत ने श्रीमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र की काया पलट दी साथ ही शेखावत के पुत्र बालेंदु सिंह शेखावत भी दीपेंद्र सिंह शेखावत के पग चिन्ह पर ही चल रहे हैं। जब शेखावत गंभीर बीमार थे । उस समय भी बालेंदु सिंह ने अपने पिता की सेवा के साथ-साथ श्रीमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र को भी संभालने का काम किया।

किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधायक दीपेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि, जब-जब मैं श्रीमाधोपुर से विधायक रहा तब तब उन्होंने श्रीमाधोपुर के विकास में नए आयाम स्थापित किये। सम्मेलन को राजस्थान के वन मंत्री एवं वरिष्ठ जाट नेता हेमाराम चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि, भाजपा की करनी व कथनी में अंतर है। इस अवसर

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# भाजपा केन्द्रीय चुनाव समिति ने 50 सीटों पर चर्चा पूरी की


## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनाव समिति में हर सीट पर विस्तार से जानकारी ली

जयपुर, 1 अक्टूबर (का.सं.)। प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने कमरकस ली है। इसके लिए लगातार बैठकों का दौर जारी है । ज्ञातव्य है कि, शनिवार को प्रदेश चुनाव प्रभारी प्रहलाद जोशी के साथ प्रदेश के नेताओं ने अलग-अलग वार्ता की थी। उसके बाद रविवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर भी प्रदेश की कोर ग्रुप के नेताओं के साथ बैठक हुई। उसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक-एक विधानसभा सीट पर विस्तार से चर्चा की। इस बैठक के बाद अब प्रदेश भाजपा की पहली सूची जल्द आने की संभावना है।

भाजपा इस बार चुनाव में कोई गलती नहीं करना चाहती है। इसके लिए हर स्तर पर चर्चा करने के बाद ही प्रत्याशियों के चयन को आगे बढ़ाया जा रहा है। केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा पिछले दिनों दो दर्जन से भी ज्यादा सर्वे करवाए गए। उन सभी को आधार मानकर पहली सूची जारी होने की संभावना है , हालांकि यह भी कहा जा रहा है कि, श्राद्ध पक्ष में भाजपा की पहली सूची आने की कम संभावना है। वहीं यह भी कहा जा रहा है कि, नवरात्र स्थापना के साथ ही सूची जारी हो सकती हैं। इस बैठक में लगभग 50 सीटों पर चर्चा की गई। 70 साल की आयु सीमा पार कर चुके नेताओं, तीन या चार बार जीत चुके विधायकों के टिकट काटे जाने की संभावना बताई जा रही है। इस बार भाजपा द्वारा महिलाओं को पहले के मुकाबले ज्यादा संख्या में टिकट देने की संभावना हैं। इस बैठक में सांसदों के चुनाव लड़ने पर भी चर्चा की गई। कहा जा रहा है कि, भाजपा की पहली सूची में कई ऐसे बदलाव देखने को मिलेंगे जो आश्चर्यचकित करने वाले होंगे। कई बड़े नेताओं का टिकट काटा जा सकता है और नए युवा चेहरों पर भी भाजपा दाव

- **यह माना जा रहा है कि, भाजपा की पहली सूची लगभग तैयार है, पर घोषणा का समय अभी तय नहीं हुआ है।**
- **70 साल से अधिक आयु वाले तथा 3-4 बार चुनाव जीत चुके नेताओं के टिकिट कट सकते हैं।**
- **महिलाओं को पहले के मुकाबले अधिक टिकिट मिलने की सम्भावन है।**

( शेष पृष्ठ 4 पर )



# आलोचना ऐसी करता हूं कि विरोधियों को चैन की नींद नहीं लेने देता : सचिन पायलट

## पूर्व उपमुख्यमंत्री ने श्रीमाधोपुर में किया किसान सम्मेलन में कांग्रेस की जीत का दावा

**जयपुर**, (का.प्र.)। सचिन पायलट ने कहा कि, कांग्रेस का कोई नेता हो या कार्यकर्ता, सबको एकजुट रहना जरूरी है, तभी कांग्रेस पार्टी आगे बढ़ेगी। जब तक राजस्थान कांग्रेस दोबारा सरकार में नही आएगी, तब तक 2024 में भाजपा से लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ पाएंगे।

किसान सम्मेलन में बोलते हुए पायलट ने कहा की यहां मौजूद आप सब लोगो का बहुत आभारी हूँ, कि कांग्रेस पार्टी के इस विशाल किसान सम्मेलन में आज हमारे नौजवान बैठे हैं, उनके मन में उत्साह है और यह बात बिल्कुल सही है। पायलट ने कहा कि हम विपक्ष में थे, ज़ब मैं प्रदेशाध्यक्ष था। मुझे कहते हुए बहुत फ़क्र होता है, तब शेखावाटी की इस जमीन ने कांग्रेस का दामन बहुत कसकर पकड़ा था। तब कांग्रेस पार्टी ने लगभग सभी सीटें यहां से जीती थी और ये सब आप लोगो के आशीर्वाद से मुमकिन हो सका था।

पायलट बोले कि अब चन्द दिनों के बाद विधानसभा के चुनाव की घोषणा हो जायेगी। इस दौरान पांच राज्यों में चुनाव होने वाले है। ऐसा होता आया है कि पिछले तीन दशकों में जब ज़ब सरकार बनी है, तब दूसरी पार्टी की सरकार आ जाती है। पांच साल सरकार भाजपा की पांच साल कांग्रेस की। अब उसमें बदलाव लाने के लिए हम सब को मिलकर मेहनत करनी होंगी।

पायलट ने कहा कि जब शेखावत साहब बीमार हो गये थे, तब मैं मिलने अस्पताल जाता था, तब डॉ भी मुझसे कहते थे की इस उम्र में इतनी बड़ी बीमारी। तब दवाई भी काम करती है, दुआ भी काम करती है। आप सबने दिल से दुआ दी है। शेखावत साहब आज हमारे बीच में खड़े है। 1980 के बाद कांग्रेस पार्टी को सींचने का काम इन्होंने किया है।

पायलट ने कहा कि चुनाव के समय जोश और होश दोनों की जरूरत होती है। राजनीति दिल से नहीं, दिमाग से की जानी चाहिए। कई राजनीतिक नेताओं की ओर से बोले जाने वाले शब्दों को लेकर सचिन पायलट ने कहा कि राजनीति में ऐसे शब्दों का प्रयोग कभी नहीं करना चाहिए, जिनका बाद में पछतावा हो। आलोचना मैं भी करता हूं और इस तरह की करता हूं कि विरोधियों को चैन की नींद नहीं लेने देता। आजकल टकराव, नफरत, गाली-गलौज और आरोप प्रत्यारोप की राजनीति हो गई है। इस तरह की राजनीति से बचना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि जब मैं अध्यक्ष था, उस वक्त वसुंधरा राजे की तानाशाही सरकार चलती थी, लेकिन कांग्रेस के 21 विधायक होने के बावजूद भी कांग्रेस सड़कों पर मजबूत रही और 2018 में कांग्रेस की सरकार बनी। पायलट ने कहा कि यह तालियों से मैं मानने वाला नहीं हू। अगर आप मेरी बात से सहमत हो तो जितने लोग यहां मौजूद है। सब लोग हाथ खडे करके मुझे आश्वासन दे जाओ, कि श्रीमाधोपुर की जमीन से कांग्रेस पार्टी जीतेगी।

कार्यक्रम में राजस्थान सहप्रभारी काजी निजामुद्दीन, मंत्री हेमाराम चौधरी, विधायक सुरेश मोदी, विधायक इंद्राज गुर्जर, विधायक हरीश मीणा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक दीपेंद्र सिंह शेखावत, कांग्रेस नेता मनीष यादव सहित बड़ी संख्या में किसान नौजवान मौजूद थे।

# मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने किया वरिष्ठ मतदाताओं का सम्मान



भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त अनूप चंद्र पांडेय और अरूण गोयल ने जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में वोटर शपथ एवं अभिनंदन समारोह में 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को सम्मानित किया।

**जयपुर**, (का.सं.)। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर एक अक्टूबर को पूरे प्रदेश में 80 वर्ष से अधिक आयु वाले वृद्धजन का निर्वाचन विभाग की ओर से सम्मान किया गया। भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त अनूप चंद्र पांडेय और अरूण गोयल ने जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में वोटर शपथ एवं अभिनंदन समारोह में 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को सम्मानित किया। जयपुर में मुख्य निर्वाचन आयुक्त से सम्मान पाकर 103 वर्ष की नर्मदा देवी ने बताया कि उनके लिए ये अद्भुत क्षण है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में 11 लाख 92 हजार 80 वर्ष या इससे अधिक आयु के हैं। इन वृद्धजन को अलग-अलग जिलों में पंचायत भवन, स्कूल भवन या सार्वजनिक परिसर में आयोजित समारोह में जिला कलक्टर, उच्चाधिकारियों, प्रधान, सरपंचों द्वारा सम्मानित किया गया। लगभग 100 से अधिक वृद्धजन को जिला कलेक्टरों एवं उच्चाधिकारियों द्वारा व्यक्तिगत रूप से सम्मानित किया गया। जो वृद्धजन आने जाने में सक्षम नहीं थे अधिकारी उनके पास पहुंचे और घर पहुंच कर उनका सम्मान किया। इनमें 11 हजार से अधिक शतायु मतदाता भी सम्मिलित रहे। गुप्ता ने बताया कि बहुत से मतदाताओं ने प्रथम चुनाव सन् 1952 में अपने मत का प्रयोग किया था और अब सम्मानित होना उन्हें भावुक और प्रसन्न कर गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रमों में वृद्धजन का उत्साह और जोश देखते ही बनता था। इस अवसर पर वृद्धजन ने मतदान और चुनाव से जुड़े अपने अनुभव भी साझा किए।

इस अवसर पर गुप्ता ने कहा कि इन मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग कर देश में लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाई है और भावी पीढ़ी भी इन से प्रेरित होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहली बार विधानसभा आम चुनावों में 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाता जो बूथ पर जाकर मतदान करने में सक्षम नहीं है उन्हें होम वोटिंग की सुविधा मिलेगी।

# डेरा सच्चा सौदा के सत्संग में उमड़े श्रद्धालु



डेरा सच्चा सौदा की ओर से जयपुर के मानसरोवर में आयोजित नामचर्चा सत्संग का आयोजन किया गया।

- दस किलोमीटर तक लगे रहे जाम
- सत्संग ग्राउंड सहित ट्रैफिक पंडाल पड़े कम
- सड़क किनारें खड़े होकर श्रद्धालुओं ने श्रवण किया सत्संग

**जयपुर**। राजधानी जयपुर में डेरा सच्चा सौदा के श्रद्धालुओं ने रविवार को विशाल शक्ति प्रदर्शन किया। इस दौरान लाखों श्रद्धालु जयपुर में एकत्रित हुए और एकजुटता का संकल्प लिया। श्रद्धालुओं में उत्साह इतना था कि डेरा प्रबंधन द्वारा किए गए समस्त तमाम बंदोबस्त छोटे पड़ गए और 10 किलामीटर के एरिया में जाम लग रहा। कार्यक्रम की शुरूआत से पहले ही मुख्य पंडाल साध-संगत से खचाखच भर गए। बाद में सड़क किनारों खडे होकर अनुयायियों ने सत्संग कार्यक्रम का लाभ उठाया। जयपुर के राजस्थान आवासन मंडल ग्राउंड, अरावली मार्ग, वीटी रोड शिप्रा पथ थाने के सामने मानसरोवर में आयोजित नामचर्चा सत्संग कार्यक्रम के दौरान डेरा सच्चा सौदा की साध-संगत द्वारा किए जा रहे 159 मानवता भलाई कार्यों को गति देते हुए फूड बैंक मुहिम के तहत 33 अति जरूरतमंद परिवारों को राशन की किटें वितरित की गई। इस दौरान पूज्य गुरु जी द्वारा भेजी गई 17वीं चिट्ठी को साध-संगत के समक्ष पढ़कर सुनाया गया, जिसे सुनकर साध-संगत भाव-विभोर हो गई। सुबह करीब 11 बजे धन-धन सतगुरु तेरा ही आसरा का इलाही नारा लगाकर सत्संग भंडारे कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इससे पूर्व उपस्थित साध-संगत ने इलाही नारा बोलकर पूज्य गुरु जी को पवित्र सत्संग भंडारे की बधाई दी। तत्पश्चात कविराजों ने सुंदर भजन वाणी से गुरु महिमा का गुणगान करते हुए मनुष्य जन्म में राम-नाम का जाप करने के लिए प्रेरित किया। बाद में सत्संग पंडाल में लगाई गई बड़ी एलईडी स्क्रीनों के माध्यम से पूज्य गुरु संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां ने उपस्थित साध-संगत को अपने अनमोल रूहानी वचनों से लाभान्वित किया। सत्संग भंडारे की नामचर्चा में पूर्व मंत्री डा. रामप्रताप, पूर्व विधायक राजेन्द्र भादू सहित दर्जनों पंचायत के सरपंच नगर परिषद के पार्षद सहित भारी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## चुनावों के लिये केंद्रीय नेतृत्व के साथ पूनिया कर रहे मंथन

**जयपुर**। राजधानी जयपुर में आमेर युवा संगम कार्यक्रम बिरला ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया, जिसमें विशाल संख्या में आमेर विधानसभा क्षेत्र के युवा शामिल हुये। राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने संबोधित करते हुये कहा कि, आमेर से मेरे संस्कार जुड़े हुये हैं, 20 वर्षों तक आमेर के मतदाताओं ने वनवास भुगता, पार्टी के आदेश पर आमेर से चुनाव लड़ा, माता-बहनों और युवाओं ने मिलकर आमेर में 2018 में शान और स्वाभिमान का कमल खिलाया, फिर दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा ने मुझे राजस्थान जैसे बड़े प्रदेश का अध्यक्ष बनाकर पूरे राजस्थान के किसानों और नौजवानों का मान बढ़ाया।

बतौर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष साढ़े तीन साल में कार्यकर्ताओं ने पूरे राजस्थान में पार्टी को बूथ और पन्ना तक मजबूत किया, जिसमें पहली बार फोटो युक्त बूथ समितियों का 50 हजार से अधिक बूथों पर गठन किया, कोरोनाकाल में सेवा ही संगठन अभियान पार्टी ने चलाया जिसमें करोड़ों जरूरतमंदों को भोजन, राशन, पानी और दवाइयां इत्यादि को लेकर मदद पहुंचाई, जनहित के तमाम मुद्दों पर पार्टी ने प्रदेशभर में मजबूती से आंदोलन किये।

वहीं आमेर युवा संगम को जब सतीश पूनिया संबोधित कर रहे थे तो उस दौरान भाजपा केंद्रीय नेतृत्व का उन्हें दिल्ली बुलाने का संदेश आया। कार्यक्रम को संबोधित कर सतीश पूनिया फ्लाइट द्वारा दिल्ली पहुंचे। भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के साथ विधानसभा चुनाव 2023 के विजय

## पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ आईजी बीएसएफ के पद पर पदोन्नत



पुष्पेंद्र सिंह राठौड़

**जयपुर**, (कासं)। बीएसएफ में 36 वर्षों के शानदार करियर, राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण और उत्कृष्ट सेवा के लिए प्रसिद्ध पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में इन्सपेक्टर जनरल (आईजी) के पद पर पदोन्नत किया गया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बीकानेरवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने 1987 में डायरेक्ट एंट्री ऑफिसर के रूप में सीमा सुरक्षा बल के साथ अपनी यात्रा शुरू की थी। इस दौरान, उन्होंने राजस्थान, पंजाब, एएम एंड सी, दक्षिण बंगाल और गुजरात फ्रंटियर सहित देश भर में कई चुनौतीपूर्ण और जोखिम भरे क्षेत्रों में काम किया।

पुष्पेंद्र सिंह के पिता सांचू बॉर्डर पर तैनात, 1965 और 1971 के युद्ध के नायक थे। वहीं उनके दादा राजस्थान पुलिस में आईजी रहे थे।

गौरतलब है कि वर्ष 2020 में, राठौड़ को डीआईजी बीएसएफ बीकानेर के रूप में नियुक्त किया गया था। अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने सांचू को सीमा दर्शन बीओपी के रूप में विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और रिट्रीट समारोह परेड के आयोजन के लिए खाजूवाला में एक परेड ग्राउंड की स्थापना में भी योगदान दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने समुदाय और सुरक्षा की भावना को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय सार्वजनिक भागीदारी के साथ बीकानेर में कई कार्यक्रम आयोजित किए और विभिन्न सराहनीय कार्य किए।

## धरियावद घटना की पीड़िता को मिलेगी सरकारी नौकरी

**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर राज्य मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित हुई। बैठक में संविदा कार्मिकों के हितों की रक्षा के लिए राजस्थान लॉजिस्टिकल सर्विस डिलिवरी कॉर्पोरेशन का गठन करने, कार्यप्रभारित कार्मिकों के लिए पदोन्नित के अवसर बढ़ाने और राजस्थान वक्फ नियम-2023 के प्रारूप का अनुमोदन करने, 80 से अधिक सामाजिक संस्थाओं को भू-आवंटन और धरियावद घटना की पीड़िता को सरकारी नौकरी देने सहित कई महत्वपूर्ण निर्णयों का अनुमोदन किया गया।

राजस्थान में अब प्लेसमेंट एजेंसियों के जरिए राजकीय विभागों में संविदा पर कार्मिक लगाने की प्रथा बंद हो जाएगी। अब राज्य सरकार द्वारा सरकारी कम्पनी के रूप में राजस्थान लॉजिस्टिकल सर्विस डिलिवरी कॉर्पोरेशन (त्सै्क्ब्) का गठन करने का मंत्रिमंडल में बड़ा निर्णय लिया गया है। मंत्रिमंडल बैठक में लिए इस निर्णय से विभिन्न राजकीय विभागों, संस्थानों में कुशल-अकुशल अभ्यर्थियों का पंजीकरण/चयन पारदर्शी तरीके से किया जा सकेगा। संविदा कार्मिकों को शोषण से मुक्त करते हुए उचित पारिश्रमिक उपलब्ध करवाया जाएगा।

# हैरिटेज निगम के उप महापौर, आयुक्त, अधिकारियों व कर्मचारियों ने एक घंटे तक झाड़ू लगाई



नगर निगम जयपुर हैरिटेज की ओर से ''स्वच्छता ही सेवा'' पखवाड़े के तहत 1 अक्टूबर जलेब चौक पर श्रमदान कार्यक्रम में उप महापौर असलम फारूखी, डीएलबी हर्देश कुमार शर्मा, आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत, उपायुक्त सतर्कता सुरेश मैहरानिया व कर्मचारियों ने सफाई की।





भारत सरकार के ''स्वच्छता ही सेवा अभियान 2023'' के तहत एक अक्टूबर को प्रातः 10 बजे सीजीएसटी विभाग जयपुर की ओर से विधाद्यर नगर स्थित सीजीएसटी आवासीय कॉलोनी, महाराजा अग्रसेन हॉस्टिपल एवं इसके आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई के प्रति जागरूकता किया गया।

**जयपुर**। नगर निगम जयपुर हैरिटेज की ओर से ''स्वच्छता ही सेवा'' पखवाड़े के तहत रविवार 1 अक्टूबर जलेब चौक पर सफाई श्रमदान कार्यक्रम उप महापौर असलम फारूखी,डीएलबी हर्देश कुमार शर्मा, आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत, उपायुक्त सतर्कता सुरेश मैहरानिया, सफाई कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष नंद किशोर डंडोरिया, इन्स्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम), सेन्टर फॉर एडवोकेसी एण्ड रिसर्च (सीफॉर) मौहल्ला समितियों की प्रतिनिधियों, युवाओं, निगम के अधिकारियों ने लगभग एक घन्टे तक झाड़ लगाई व कचरा ईकठा कर हूपरों में डाला।

हैरिटेज निगम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों के साथ राह चलते पर्यटकों व गोविन्द देव जी मंदिर के दर्शन करने आये श्रृद्वालुओं को पता चला कि स्वच्छता को लेकर कार्यक्रम हो रहा है तो वे भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए व सफाई कार्य में भागीदारी निभाई। गोविन्द देव जी मंदिर का दर्शन करने आई बुजुर्ग महिला राधा शर्मा ने झाडू। लगाने के बाद कहा कि उन्हें इस श्रमदान में भाग लेकर बहुत अच्छा लगा। हम अपने घर को तो साफ रखते हैं परन्तु अपनी कॉलोनी व शहर को रोज साफ रखने में लापरवाही करते है। अगर हम सब सफाई कार्य में सहयोग करेंगें तो हम स्वस्थ रहेगें।

उप महापौर असलम फारूखी ने झाडू लगाने के बाद कहा कि निगम के साथ-साथ प्रत्येक नागरिक भी इस मुहिम में जुड़े व अपने घर के साथ-साथ अपने मौहल्ले,कॉलोनी व पूरे शहर को स्वच्छ रखने में सहयोग करें।

## सांसद बोहरा ने दिया स्वच्छता का संदेश

**जयपुर**। जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर चलाए गए 1 घंटे के राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान के अंतर्गत दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन पर श्रमदान कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान संसद बोहरा ने दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों एवं आमजन की सुविधा हेतु वाटर कूलर लगाने के लिए सांसद कोष से 5 लाख की घोषणा की। साथ ही सांसद बोहरा ने दुर्गापुरा गौशाला में भी श्रमदान किया और मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत दिल्ली में बनने वाले शहीद स्मारक के लिए अमृत कलश में मिट्टी एकत्रित की।

## स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का भाग बनाएं : दीया कुमारी

**जयपुर**, (कासं)। सांसद दीया कुमारी ने आमजन से स्वच्छता को अपने जीवन में अपनाने और इसे अपनी दिनचर्या का भाग बनाने का आवाह्न किया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम अपने घर की सफाई करते हैं, वैसे ही अपने गली, मोहल्ले, कॉलोनी और शहर को भी हमे साफ रखना है।

प्रधानमंत्री के आवाह्न पर आयोजित सेवा पखवाड़ा के दौरान चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत सांसद दीया कुमारी ने जयपुर के चांदनी चौक में सैंकड़ो भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं के साथ श्रमदान किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि स्वच्छता का पालन केवल एक दिन के लिए ही नहीं बल्कि इसका पालन वर्ष पर्यंत किया जाना आवश्यक है। हमें एक अच्छे नागरिक का दायित्व निभा कर कचरे को निर्धारित पात्र में ही डालना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता का लगातार संदेश देकर देशभर में स्वच्छता के प्रति जन चेतना जागृत की है। प्रधानमंत्री के आवाह्न पर अब पूरे देश मे स्वच्छता का वातावरण बना है और सिविक सेंस बढा है। उन्होंने स्वच्छता अभियान के तहत देशभर में घर-घर शौचालय बनवाकर महिलाओं को शर्मिंदगी से मुक्ति दिलाई है।

## सीजीएसटी कार्मिकों ने उठाया स्वच्छता का बीड़ा

**जयपुर**। भारत सरकार के ''स्वच्छता ही सेवा अभियान 2023'' के तहत एक अक्टूबर को प्रातः 10 बजे सीजीएसटी विभाग जयपुर के द्वारा विधाद्यर नगर स्थित सीजीएसटी आवासीय कॉलोनी, महाराजा अग्रसेन हॉस्टिपल एवं इसके आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई एवं सफाई के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान सीजीएसटी के वरिष्ठ अधिकारियों एवं विभाग के कार्मिकों के साथ ही आसपास के नागरिकों ने भी बढ चढकर हिस्सा लिया।


**खोया पाया**

मेरे आवास संख्या 43/17/05, मानसरोवर का आवंटन पत्र एवं कब्जा पत्र कहीं खो गया है मिलने पर सूचित करें मो. 9214322395

**नाम परिवर्तन**

मैं, चित्रांगद सिंह, पुत्र श्री तरूण यादव एवं श्रीमती सोनिया, निवासी W-017, -1 लेन, गुलमोहर गार्डन, वाटिका रोड, टोंक रोड, जयपुर, मैने अपना नाम चित्रांगद इन्दर सिंह से बदल कर चित्रांगद सिंह कर लिया है। मुझे सभी उद्देश्यों हेतु चित्रांगद सिंह के नाम से ही जाना जाए।

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अभिभाष्य भैरूलाल यादव पुत्र रामनारायण, निवासी ग्राम गोविन्दगढ, तहसील चौमूँ, जिला जयपुर ने जरिये इकरारनामा दिनांक 21.12.2022 से ग्राम थोबलाई में स्थित भूमि खसरा नम्बर 1257, 1258 कुल रकबा 2.82 हैक्टेयर में हिस्सा 100/141 भाग को खरीद किया हुआ है तथा मेरे अभिभाष्य की खरीदशुदा भूमि को महावीर प्रसाद शर्मा पुत्र स्व.श्री सीताराम शर्मा, निवासी ग्राम थोबलाई, तहसील चौमूँ, जिला जयपुर ने जरिये इकरारनामा दिनांक 22.07.2023 से खरीद किया गया है लेकिन उक्त महावीर प्रसाद द्वारा इकरारनामा में वर्णित शर्तो की पालना में राशि का भुगतान नहीं करने के कारण मेरा अभिभाष्य इकरारनामा दिनांकित 22.07.2023 स्वतः ही निरस्त हो चुका है तथा महावीर प्रसाद द्वारा मूल इकरारनामा मेरे अभिभाष्य को वापस लौटा दिया है। मेरा अभिभाष्य व मूल खातेदार उक्त भूमि का बैचान, हस्तान्तरण करने के लिए स्वतंत्र है। उक्त इकरारनामा दिनांक 22.07.2023 के आधार पर महावीर प्रसाद से कोई भी व्यक्ति/संस्था किसी प्रकार का संव्यवहार करेगा या किसी प्रकार की कोई कार्यवाही की जाती है तो वह अमान्य एवं झूठी समझी जायेगी। अतः सूचित रहे।

जे.पी.यादव, एडवोकेट, मो.-9829738200

**सूचना** श्री श्री 108 सन्त श्री धन्नाराम उर्फ धन्ना महाराज जिनका आश्रम भोजपुरा फागी तहसील माधोराजपुरा जयपुर रोड में स्थित है। जिनकी जमीन 2 बीघा तीन बिसवा जिसमें करीब 400 वर्गगज आश्रम का पक्का निर्माण है। निरंजन सम्प्रदाय अद्वैत आश्रम के अधीन एवं आध्यात्मिक जन कल्याण समिति के अधीन है। धन्ना महाराज का निधन 11 मार्च 2021 को हो गया। के पश्चात विधि विधान से श्री श्री 108 श्री गिरधारी लाल उर्फ एकानन्द जी महाराज को चादर ओढाकर मालिकाना उत्तराधिकारी बनाया गया था। वर्तमान में सम्पत्ति, जायदाद, वाहन सभी के मालिक व हकदार है। किसी को आपत्ति हो तो 15 दिन में पेश करें बाद में कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

अध्यक्ष
आध्यात्मिक जन कल्याण समिति
भोजपुरा फागी

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
ADJ-10 सांगानेर जयपुर प्रथम
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 9/2021
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम (1) सुनीता सत्तावन पत्नि स्व. हितेन्द्र सिंह महर (2) कुमार जानवी जानवी महर पुत्री स्व.हितेन्द्र सिंह महर जरिये संरक्षक माता सुनीता सत्तावन जाति....
विवाद स्थान प्लाट नम्बर ए-401 मालवीय नगर, जयपुर (राज.)
मृतक हितेन्द्र सिंह महर की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 6/10/23
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम हितेन्द्र सिंह महर पुत्र सोहनलाल मीना जाति मीना निवासी प्लाट नम्बर ए-401 मालवीय नगर, जयपुर (राज.) का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें। अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 6 माह 10 सन् 2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 30 माह 09 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
मोहर अदालत
आज्ञा से-शरिस्तेदार
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश
क्रम संख्या 10 जयपुर महानगर प्रथम
न्यायालय सांगानेर

# ढोलक की रस्सी से गला घोंटकर की थी नीलू किन्नर की हत्या

## कानोता इलाके में दो दिन पहले मिली अधजली लाश का खुलासा

- पुलिस ने किन्नर के प्रेमी चालक और उसके दोस्त सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया
- आरोपियों ने शव को पहचान छुपाने के लिए सुनसान जगह ले जाकर पैट्रोल छिड़कर आग लगा दी थी



कानोता थाना पुलिस ने दो दिन पहले इलाके में मिली अदजली लाश के मामले में मृतका के प्रेमी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**जयपुर।** कानोता इलाके में अधजला शव मिलने के मामले में पुलिस ने रविवार को खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने रस्सी से गला घोंटने के बाद मृतका की पहचान छुपाने के लिए शव को जलाने की कोशिश की। मृतक की पहचान नीलू किन्नर (25) के रूप में हुई है, जो मानसरोवर की रहने वाली थीं। करीब 3 महीने से अपने दोस्त नरेश मीणा उर्फ नरसी को छोड़कर बस्सी में रहने लगी थी। इसी बात को लेकर दोनों में हुई कहासुनी के बाद आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व ज्ञानचंद यादव ने बताया कि कानोता थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले में नरेश कुमार उर्फ नरसी मीना (33) निवासी जवाहर नगर, सुनील भाट उर्फ कालू (22) निवासी शास्त्री नगर और और सूरज मीना (19) निवासी जवाहर नगर को गिरफ्तार किया है।

जानकारी में सामने आया कि आरोपित नरेश मीना उर्फ नरसी चालक और सुनिल भाट उर्फ कालू ढोलक बजाने का काम करता था। 28 सितम्बर को मृतका नीलू किन्नर आरोपित नरेश मीना और सुनील तीनों फागी की तरफ से बधाई लेकर रात आठ बजे बोलेरो से जयपुर लौट रहे थे। रास्ते में नीलू किन्नर और नरेश मीना के बीच दूसरे व्यक्ति के साथ रहने की बात को लेकर कहासुनी हो गई। नरेश ने नीलू के चेहरे पर मुक्का मार दिया। मुंह से खून निकलने लगा। उसके बाद आरोपित नरेश तथा सुनील ने मिलकर उसी समय रास्ते में ही ढोलक की रस्सी से नीलू किन्नर का गला घोंटकर हत्या कर दी। उसके बाद दोनों ने शव को गाड़ी की डिग्गी में डालकर जवाहर नगर ले आये और लाश को ठिकाने लगाने की योजना बनाई।

आरोपित नरेश मीना ने इस घटना के बारे मे अपने चाचा के लडके सूरज मीना को जानकारी देकर अपनी बुलेट मोटरसाइकिल में 10 लीटर पेट्रोल मंगवाया। सूरज मीना पेट्रोल पंप से 10 लीटर पेट्रोल लेकर आया। उसके बाद आरोपी नरेश मीना उर्फ नरसी ने मोटरसाइकिल में से पेट्रोल निकालकर पांच लीटर की प्लास्टिक की पीपी में भर लिया।

उसके बाद तीनों आरोपी नरेश मीना उर्फ नरसी, सुनील भाट उर्फ कालू तथा सूरज मीना लाश को ठिकाने लगाने के लिये नायला की तरफ जंगलों में लेकर आये। जहां नायला से आगे मीनो का बाढ गांव से पापड को जाने वाली सड़क के किनारे सुनसान स्थान पर मृतका नीलू किन्नर की लाश को डालकर पेट्रोल छिडककर आग लगा दी। पुलिस उपायुक्त यादव ने बताया कि मौके पर मिले मोबाइल के टुकड़ों और फटे हुए कपड़ों से मृतक की पहचान हुई।

पहचान करने के लिए किन्नरों को नीलू की फोटो दिखाई गई। मोबाइल नम्बर के आधार पर पुलिस नीलू के बस्सी स्थित दोस्त तक पहुंची।

# सुभाष चौक व रामगंज में स्थिति नियंत्रण में, दिनभर बाजार खुले

## शुक्रवार देर रात को एक समुदाय विशेष के युवक की हत्या के बाद इन इलाकों में तनाव व्याप्त हो गया था

- हालांकि ऐतियात के तौर पर पुलिस का भारी जाप्ता तैनात रहा।
- पुलिस मामले में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

जयपुर। राजधानी जयपुर के सुभाष और रामगंज इलाके में शुक्रवार देर रात को एक समुदाय विशेष के युवक की हत्या को लेकर उपज तनाव के बाद रविवार को दूसरे स्थिति काफी नियंत्रण में रही। इलाके में दिनभर बाजार खुले रहे। हालांकि ऐतियात के तौर पर पुलिस का भारी जाप्ता तैनात रहा।

जानकारी के अनुसार रविवार को सुभाष चौक और रामगंज बाजार, बड़ी चौपड़ सहित भी बाजार आम दिनों की तरह खुले। सड़कों पर सुबह से ही लोगों को आवाजाही शुरू हो गई। इलाके में किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना नहीं। हालांकि अभी गंगापोल में रावलजी का बाजार, जोरावर सिंह गेट, सुभाष चौक, बड़ी, रामगंज बाजार, चारदरवाजा सहित आसपास के इलाकों में पुलिस का जाप्ता तैनात किया हुआ है। दिन में पुलिस के आलाधिकारी इलाकों में गश्त कर हालात पर नजर बनाए रहे। उधर पुलिस मामले में नामजद बाकी आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। हालांकि अभी दस लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

वहीं दूसरी ओर मृतक इकबाल को शनिवार देर रात सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। पूरा परिवार घटना के बाद टूटा हुआ है। पुलिस की अब तक की जांच में सामने आया है कि इकबाल की चंद मिनटों में ही हत्या कर दी गई। वह खुद को बचाने की कोशिश करता रहा, लेकिन लोहे की रॉड सिर पर लगने से खून ज्यादा बह गया। उसने घटना के दौरान मौके पर मौजूद अपने छोटे भाई को वहां से भागने के लिए कहा। मृतक के भाई का आरोप है मारपीट करने वालों में महिलाएं भी शामिल थी।

उधर पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस हत्याकांड में लिप्त अधिकांश लोगों को पकड़ा जा रहा है। मौके पर मौजूद लोगों से घटना के बारे में पूछताछ की जा रही है। पुलिस मौके पर जाकर सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय लोगों से घटना के बारे में पूछताछ कर रही हैं।

गौरतलब है कि परकोटे में सुभाष चौक रावलजी का बाजार में शुक्रवार देर रात को दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत के बाद हुए झगड़े में एक समुदाय विशेष के युवक की डंडे व सरिए से हमला कर हत्या कर दी। इस घटना के बाद शनिवार को रामगंज व सुभाष चौक इलाके में तनाव व्याप्त हो गया और बाजार बंद करवा दिए गए। तनाव को देखते हुए इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। वहीं पुलिस के आलाधिकारी व मंत्रियों ने दोनों पक्षों से समझाइश के प्रयास किए। पुलिस ने मामले में दस लोगों को गिरफ्तार कर लिया। सरकार ने मृतक के परिजनों को पचास लाख रुपए की सहायता देने के साथ ही परिवार के एक सदस्य को संविदा पर नौकरी और एक डेयरी बूथ देने की घोषणा की।

## दो वाहन चोर सहित तीन गिरफ्तार

**जयपुर।** दौलतपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो वाहन चोरों सहित चोरी का माल खरीदने वालो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी का एक ट्रैक्टर बरामद किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम संजीव नैन ने बताया कि दौलतपुरा थाना पुलिस ने वाहन चोरी करने वाहन चोर रोहित शर्मा निवासी शास्त्रीनगर और राहुल योगी निवासी दौलतपुरा सहित चोरी का माल खरीदने वाले अल्लाखान, मोहम्मद रफीक और असफाख को गिरफ्तार किया गया है। तीनों ही आरोपी शास्त्री नगर के रहने वाले है।

## संक्षिप्त

### युवती से दुष्कर्म के बाद ब्लैकमेलिंग

**जयपुर।** खोह-नागोरियान इलाके में एक युवती से दुष्कर्म के बाद ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया मूलत: जिला अलवर 19 वर्षीया युवती ने मामला दर्ज करवाया है कि वह जब 17 साल की थी, तब खोह-नागोरियान इलाके में रह कर पढ़ाई कर रही थी। आरोप है इस दौरान सजन लाल मीणा ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया और अश्लील फोटो वीडियो बना लिए। अब वह वीडियो वायरल करने की धमकी देकर देहशोषण करता आ रहा है। वहीं शिवदासपुरा थाने में मूलत: जिला दौसा हाल इलाके निवासी 22 वर्षीया युवती ने भागीरथ मीणा के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म और वीडियो के आधार पर ब्लैकमेलिंग का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामलों की जांच में जुटी है। वहीं सदर थाना इलाके स्थित एक होटल में युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया मूलत: जिला सीकर हाल ज्योति नगर निवासी 23 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया है कि अखिलेश उर्फ़ दीपू धामा परिचित है। आरोप है अखिलेश कुछ दिन पहले रेलवे स्टेशन के पास स्थित एक होटल में ले गया, जहां उससे दुष्कर्म किया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### धोखाधड़ी करने वाला पकड़ा

**जयपुर।** करणी विहार थाना पुलिस ने खाली भूखंडों के फर्जी दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करने के मामले में तीन माह से फरार चल रहे एक शातिर ठग को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित के खिलाफ करणी विहार थाने में धोखाधडी के तीन मामले दर्ज है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर संजीव नैन बताया कि करणी विहार थाना पुलिस ने मामले में राजीव कौशिक निवासी बानसूर जिला कोटपूतली-बहरोड़ हाल मानसरोवर हाल चित्रकूट को गिरफ्तार किया है। आरोपित ने प्रॉपर्टी डीलरों के साथ मिलकर एक गिरोह बना रखा है और यह लोग फर्जी दस्तावेज तैयार कर लोगों की संपत्ति हड़पने का कार्य करते है।

### पांच दिवसीय कला प्रदर्शनी का उद्घाटन

**जयपुर, (कासं)।** सूफी संगीत, क्लासिकल नृत्य और दक्षिण भारत की खूबसूरत बनावट से प्रेरित कंटेम्प्ररी आर्ट को जयपुर आर्ट लवर्स के बीच प्रस्तुत किया गया। जवाहर कला केंद्र और दक्षिण वर्णम के संयुक्त तत्वावधान में रविवार से पांच दिवसीय कला प्रदर्शनी का उद्घाटन हुआ। अलंकार गैलरी में कंटेम्प्ररी आर्ट फ्रॉम साउथ इंडिया की पांच दिवसीय प्रदर्शनी का 1 से 5 अक्टूबर तक आयोजन होने जा रहा है। जिसके तहत दक्षिण भारत के जाने-माने और प्रख्यात 17 आर्टिस्ट्स अपने आर्ट फॉर्म्स के द्वारा दक्षिण की लोक संस्कृति की भव्यता को कैनवास पर प्रस्तुत कर रहे है।

# रत्ना कुमारी ने त्रिवेणी धाम में किया श्रमदान



महात्मा गांधी की जयंती से पहले रविवार को भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी ने त्रिवेणी धाम में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया।

**जयपुर।** महात्मा गांधी की 154वीं जयंती से पहले रविवार को देशभर में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत श्रमदान किया गया। इसके तहत भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी ने त्रिवेणी धाम में झाड़ू लगाकर सफाई का संदेश दिया। सितंबर के मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने 1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से एक घंटे के लिए लोगों से स्वच्छता के लिए श्रमदान की अपील की थी। पीएम मोदी ने इस श्रमदान के लिए एक तारीख, एक घंटा, एक साथ का नारा देकर कहा था- स्वच्छ भारत एक साझा जिम्मेदारी है और इसका हर प्रयास मायने रखता है।

इस दौरान त्रिवेणी धाम के संत खोजीद्वाराचार्य रामरिछपाल दास महाराज ने लोगों से श्रमदान करने और स्वच्छता अभियान से जुड़ने की अपील की। महाराज ने स्वच्छता अभियान की मुहीम के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की एवं राष्ट्रिपता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। रत्ना कुमारी ने कहा कि जहाँ स्वच्छता है, वहां ईश्वर का वास है। यह भारत की पौराणिक मान्यता है।

महात्मा गांधी स्वच्छता के प्रति काफी संवेदनशील रहते थे। महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को सभी को मिलकर पूरा करने का प्रयास करना चाहिए। स्वच्छता हम सभी की सामूहिक जिम्मेवारी है। इसके लिए हम सभी को संकल्पित रहना है।

# वाहन रैली के माध्यम से रक्तदान जागरूकता का संदेश दिया

- स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक और रक्तदान परिसंघ ने निकाली वाहन रैली

**जयपुर।** राष्ट्रीय रक्तदान दिवस 1 अक्टूबर के अवसर पर स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक और रक्तदान परिसंघ की ओर से जयपुर शहर में रक्तदान जागरूकता वाहन रैली निकाली। स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक से जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा, राजस्थान हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉक्टर एस एस अग्रवाल ने रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया।

सांसद रामचरण बोहरा और डॉ. एस एस अग्रवाल ने रैली रवाना करने से पूर्व लोगों का आव्हान किया कि वे वर्ष में दो बार रक्तदान अवश्य करें, जिससे जरूरतमंद मरीजों को समय पर बिना एवज में रक्त उपलब्ध हो सके। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक की ओर से रक्तदान जागरूकता के इस प्रकार के आयोजन विगत 23 वर्ष से लगातार किए जा रहे हैं।



राष्ट्रीय रक्तदान दिवस पर रविवार को निकाली गई रक्तदान जागरूकता वाहन रैली को सांसद रामचरण बोहरा और डॉ. एस एस अग्रवाल ने झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली में रक्तदान परिसंघ के पदाधिकारी, सुनील मित्तल अध्यक्ष और संजय खवाड़ सचिव के अलावा स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक के निदेशक आनन्द अग्रवाल, प्रभारी डॉ. के के मिश्रा, रक्तदान करने वाली विभिन्न संस्थाओं से जुड़े प्रतिनिधियों और उनके परिजनों ने अपने-अपने वाहनों के साथ भाग लिया।

रैली मार्ग पर जगह-जगह रैली का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। रैली, टोंक रोड, राम बाग सर्किल, अम्बेडकर सर्किल, बाइस गोदाम सर्किल, सहकर मार्ग, सहित विभिन्न इलाकों में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाते हुए राजस्थान हॉस्पिटल पर संपन्न हुई।

# जवाहर कला केंद्र में गूंजेंगे गीतकार शैलेन्द्र के नगमें

**जयपुर, (कासं)।** जवाहर कला केंद्र के रंगायन सभागार में दो अक्टूबर की शाम हिंदी सिने जगत के मशहूर गीतकार शैलेन्द्र के नगमों की गूँज सुनाई देगी। पूरा देश इस वर्ष इस महान गीतकार की जन्मशती मना रहा है। इसी सिलसिले में उनकी स्मृति में देवरञ्जनी म्यूजिक स्कूल की तरफ से "आवारा हूँ" कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम की संयोजक और देवरञ्जनी म्यूजिक स्कूल की निदेशक डॉ सरिता द्विवेदी ने बताया कि कार्यक्रम में स्व. शैलेन्द्र की सुपुत्री अमला मजूमदार, राजस्थान के पूर्व मुख्य सचिव अशोक जैन, मशहूर संगीतकार मदन मोहन की सुपुत्री संगीता गुप्ता और बॉलीवुड स्तम्भकार पवन झा शिरकत करेंगे। शाम साढ़े पांच बजे शुरू होने वाले तीन घंटे के इस कार्यक्रम में सुपर-60 क्लब के सदस्य शैलेन्द्र के भावपूर्ण और मर्मस्पर्शी गीतों की सुर,ताल और लय में बंधी माला पिरोयेंगे। शैलेन्द्र के कुछ सुप्रसिद्ध और अमर गीतों को एक अलग अंदाज़ में पेश किया जा रहा है।

## युवक ने की ठगी

**जयपुर।** प्रताप नगर इलाके में बुजुर्ग की देखभाल के लिए आए युवक द्वारा ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि प्रताप नगर निवासी लक्ष्मीनारायण ने मामला दर्ज करवाया है कि बुजुर्ग पिता की देखभाल के लिए खेमचंद को नौकरी पर रखा था। आरोप है गत दिनों खेमचंद ने पिता के मोबाइल से सिम निकाल ली और आधार, पैन, एटीएम कार्ड की फोटो खींच ली। इसके बाद खेमचंद ने अपने मोबाइल में पिता के नाम से यूपीआई आईडी बना ली और बैंक खाते से 421946 रुपए निकाल लिए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# 110 करोड़ रुपये के 25 कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार के फैसलों से राजस्थान पर्यटन सहित हर क्षेत्र में आगे बढ़ा है। राज्य में हुए ऐतिहासिक कार्यों की पूरे देश में चर्चा हो रही है और अन्य राज्य इनका अनुसरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में प्रति व्यक्ति आय के साथ ही हैप्पीनेस इंडेक्स में वृद्धि हो और प्रदेश प्रत्येक क्षेत्र में अठाणी बने, इसके लिए राज्य सरकार द्वारा मिशन-2030 के तहत विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जा रहा है। इसके माध्यम से वर्ष 2030 तक राजस्थान को देश का सिरमौर राज्य बनाना हमारा संकल्प है। प्रदेश के लोगों में विकास के लिए जज्बा नजर आ रहा है और अब तक करीब 2.50 करोड़ लोग इसके लिए अपने सुझाव दे चुके हैं। आगामी 5 अक्टूबर को इस विजन डॉक्यूमेंट को जारी किया जाएगा।

गहलोत रविवार को जवाहर कला केन्द्र में आयोजित पर्यटन क्षेत्र से जुड़े हितधारकों के साथ संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

## सार-समाचार

### 265 केंद्रों पर हुई आरएएस प्री परीक्षा

**जयपुर।** राजधानी में रविवार को 265 परीक्षा केंद्रों पर आरएएस प्री-2023 की परीक्षा हुई। इसके लिए 95 हजार से अधिक परीक्षार्थी जयपुर पहुंचे। इस दौरान 5 मिनट लेट होने पर भी स्टूडेंट्स को एंट्री नहीं दी गई। एक दिव्यांग को भी सेंटर में एंट्री नहीं दी गई। कुछ लोग पेट्रोल पंप बंद होने के चलते परेशान होते रहे। कमला देवी बुधिया राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल हीरापुरा में लेट पहुंचने के कारण दिव्यांग स्टूडेंट को भी सेंटर में एंट्री नहीं दी गई। एग्जाम से करीब 1 घंटे पहले 10 बजे एंट्री बंद होने के कारण कई स्टूडेंट एग्जाम नहीं दे पाए। स्टूडेंट का कहना है कि ट्रैफिक ज्यादा होने के कारण वह 5 मिनट लेट हो गए। एग्जाम खत्म होने के बाद भी कुछ सेंटर पर छात्रों को सेंटर से बाहर नहीं निकलने दिया गया। सेंटर के गेट नहीं खोलने के कारण कैंडिडेट्स 10 मिनट तक अंदर ही इंतजार करते रहे। उधर रविवार को प्रदेश में पेट्रोल पंप संचालकों की हड़ताल रही। राजधानी में भी पेट्रोल पंप बंद पड़े रहे। इसका सीधा असर दूर-दराज से शहर आए परीक्षार्थियों को उठाना पड़ा। हड़ताल के कारण एग्जाम देने वाले स्टूडेंट भी चक्कर काटते रहे। एक टैक्सी ड्राइवर रमेश आरएएस एग्जाम देने वाले दो स्टूडेंट को अपनी कार में लेकर पेट्रोल पंपों के चक्कर लगाता रहा। परीक्षा के सुचारू और सफल संचालन के लिए जयपुर कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम बनाया गया। वहीं, व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस, निगम, यातायात पुलिस, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, नागरिक सुरक्षा विभाग, विद्युत विभाग, रोडवेज सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

### दो वाहन चोर दबोचे

**जयपुर।** राजधानी की एसएमएस अस्पताल थाना पुलिस ने वाहन चुराने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से चोरी की एक बाइक बरामद की है। प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी बीकानेर और जोधपुर में वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुका है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व ज्ञानचंद यादव ने बताया कि एसएमएस अस्पताल थाना पुलिस ने वाहन चुराने वाले एक शातिर बदमाश फारूख हुसैन निवासी आनंद नगर हाल पाली को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से एक चोर की बाइक बरामद की है। वहीं पुलिस एक अन्य मामले में वाहन चुराने वाले और शातिर बदमाश समीर उर्फ रिजवान निवासी सुहार जिला रामपुर उत्तर प्रदेश हाल जालुपूरा को गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से एक चुराई गई एक बाइक बरामद की है। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने जयपुर शहर में आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज है।

### पत्रकार अधिवेशन का आयोजन

**जयपुर।** जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) जयपुर जिले की बस्सी इकाई द्वारा जयपुर संभाग स्तरीय पत्रकार अधिवेशन का आयोजन कानोता में स्थित आनंद इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग में हुआ। अधिवेशन में मुख्य अतिथि बस्सी विधायक लक्ष्मण मीणा, एनयूजेआई के राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य व जार के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राकेश शर्मा, जार के पूर्व प्रदेश महासचिव संजय सैनी रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि बस्सी प्रधान इंदिरा देवी शर्मा, प्रदेश महासचिव भाग सिंह, वरिष्ठ लेखक जितेंद्र शर्मा, जयपुर जिला अध्यक्ष जगदीश शर्मा और संरक्षक रामजीलाल शर्मा रहे। बस्सी विधायक लक्ष्मण मीणा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारिता जनसमस्याओं के समाधान का सर्वोत्तम माध्यम है। अन्य राज्यों में पत्रकारों पर हमले के मामलों में बढ़ोतरी हुई है लेकिन राजस्थान इस मामले में अभी सुरक्षित है, पत्रकारों की सुरक्षा के लिए सरकार से पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग करेंगे।

# 'घी नहीं, अनाज-चीनी पहुंचा रहे दिल की सेहत को नुकसान'

## देशभर से आए विशेषज्ञों ने बचाव के तरीकों पर किया मंथन

- कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया राजस्थान चैप्टर की ओर से आयोजित नेशनल कॉन्फ्रेंस सीएसआई कार्डियक प्रिवेंट-2023 संपन्न

**जयपुर।** दिल की सेहत को अच्छी बनाए रखने के लिए भ्रांति थी कि घी का परहेज करें, लेकिन हार्ट एक्सपर्ट्स ऐसा नहीं मानते। जयपुर में हार्ट डिजीज के इलाज की नई तकनीकों पर चर्चा करने आए देशभर के एक्सपर्ट्स का कहना है कि दिल की सेहत को नुकसान घी नहीं बल्कि गेहूं, चीनी, चावल, मैदे जैसे खाद्य पदार्थों से है। कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया राजस्थान चैप्टर की ओर से आयोजित नेशनल कॉन्फ्रेंस 'सीएसआई कार्डियक प्रिवेंट -2023' में एक्सपर्ट्स ने कुछ ऐसी ही जानकारी दी।

कॉन्फ्रेंस के ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. एसएम शर्मा ने बताया कि दो दिन चली इस कॉन्फ्रेंस में हृदय रोग के खतरे को बढ़ाने वाले अलग-अलग फैक्टर्स पर बात की गई। इस दौरान चार इंटरनेशनल फैकल्टी के अलावा 30 से अधिक नेशनल फैकल्टी ने अपने सत्रों में हार्ट डिजीज की हालिया स्थिति और गंभीरता के बारे में चर्चा की। ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. दीपक माहेश्वरी ने जानकारी दी कि कॉन्फ्रेंस में स्टूडेंट्स ने अपने पोस्टर भी प्रदर्शित किए। अंतिम दिन डॉ. कुशल मदान, डॉ. धीरज खुराना, डॉ. रुचि गुप्ता, डॉ. सतीश कौशिक सहित अन्य एक्सपर्ट्स ने सेशन में अपनी रिसर्च प्रस्तुत की।




जयपुर में कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया राजस्थान चैप्टर की ओर से आयोजित नेशनल कॉन्फ्रेंस 'सीएसआई कार्डियक प्रिवेंट -2023' को हार्ट एक्सपर्ट ने सम्बोधित किया।

### कार्बोहाइड्रेट ज्यादा नुकसानदेह

डॉ. रजनीश जोशी ने बताया कि अब त्यौहारी सीजन में खान-पान ज्यादा बिगड़ेगा। चावल, मैदा, गेहूं या चीनी जैसे खाद्य पदार्थ इंसुलिन ज्यादा बनाते हैं जिससे डायबिटीज बढ़ती है। डायबिटीज के कारण ही सबसे ज्यादा हार्ट डिजीज होती है। उन्होंने बताया कि कॉलेस्ट्रॉल के अलावा कार्बोहाइड्रेट ज्यादा नुकसानदेह है। ऐसी चीजों से परहेज करें जिनमें कार्बोहाइड्रेट अधिक है।

### देश में 15.3 प्रतिशत आबादी प्री डायबिटिक

डॉ. प्रकाश डीडवानिया ने बताया कि भारत में प्रीमैच्योर हार्ट डिजीज महामारी का रूप लेने वाला है। उम्र से पहले हृदय रोग होने पर उसे प्रीमैच्योर हार्ट डिजीज कहा जाता है। देश की जनसंख्या का 15.3 प्रतिशत प्री डायबिटिक है, यानी वे डायबिटीज से ग्रस्त होने के शुरुआती चरण में हैं। प्री डायबिटिक लोगों में हृदय रोग को भी शुरुआत हो जाती है, इसका मतलब देश में 15.3 प्रतिशत लोगों में हृदय संबंधित समस्याएं शुरू हो चुकी हैं।

ARBIT it happens here...




## International Day of Non-Violence

The International Day of Non-Violence is observed on October 2nd in honor of the birthday of Mahatma Ghandi, one of the most influential political activists of all time. Ghandi used nonviolent civil disobedience to eventually overthrow the British, who ruled India at the time. Despite being thrown in jail numerous times, but nothing ever caused him to abandon his peaceful approach, which eventually resulted in India finally gaining the independence they'd wanted for years.



#GANDHI JAYANTI

# Engaging Tasks for Kids

Gandhi Jayanti is not just a day to remember Mahatma Gandhi; it is an opportunity to celebrate important values.



Gandhi Jayanti is a significant day in India. On this day, the country commemorates the birth anniversary of the father of the nation, Mohandas Karamchand Gandhi (also known as Mahatma Gandhi). This day is not only a holiday, but also a showcase of the life and teachings of Mahatma Gandhi, a remarkable leader who helped secure independence for India from the British Empire.

It is a wonderful opportunity for parents to introduce their children to principles of non-violence, truth and simplicity, and thus help them develop valuable life skills in a fun and engaging way.

Here are some engaging tasks for kids during their Gandhi Jayanti celebration.

### Storytime with Bapu

Reading is one of the best ways to introduce children to historical figures like Mahatma Gandhi. Start by picking age-appropriate books that tell his life story. There are many beautifully illustrated books with Gandhi Jayanti information available for children. They beautifully depict Mahatma Gandhi's journey from childhood to becoming the leader of the Indian independence movement. You will be surprised how much children can absorb in one reading.

### Gandhi's Spinning Wheel Craft

A great way to spend your Gandhi Jayanti celebration is by doing a fun craft project. Mahatma Gandhi was a strong advocate for spinning and weaving cloth as a way to promote self-reliance and the use of Indian products. Teach your children this value by organising a craft activity! With the use of cardboard, pencils and string, help them create their own mini spinning wheel. As they put their own wheels together, you can explain the importance of the spinning wheel in Gandhi's philosophy and how it symbolised the empowerment of rural India. There is nothing like the gift of self-reliance through a creative and fun activity for your children.

### Dandi March Re-enactment

Another way to share more about Gandhi Jayanti is through theatre! Children love role-playing, and putting on a skit with your kids can be an enjoyable and informative activity. The Dandi March, also known as the Salt March, was one of Mahatma Gandhi's most famous acts of civil disobedience.

Invite your kids and their friends to re-enact this historic event in your backyard or living room. Provide them with all the necessary props such as white clothes, wooden sticks and a container of salt. Explain the significance of the march, by introducing the concept of a 'peaceful protest'. Narrate the tale of



bravery that challenged the British salt monopoly. This activity will help children appreciate the power of peaceful resistance. Not only that, it will also strengthen teamwork, cooperation and interdependence!

### Gandhi's Favourite Foods

We all want our kids to eat healthy food, but often struggle to find a balance between 'healthy' and 'tasty'. An interesting way to promote a healthy diet could be the backdrop of Mahatma Gandhi's dietary habits on Gandhi Jayanti. Mahatma Gandhi believed in the importance of a simple vegetarian diet. So why not make yummy vegetarian food with your kids? Bring the celebration into the kitchen and prepare some of Gandhi's favourite vegetarian dishes like khichdi or vegetable stew!

### Gandhi's Quotes Wall Art

Gandhi's wisdom and words continue to inspire people around the world today. Choose a few of his famous quotes, such as "Be the change you want to see in the world," and turn them into a creative art project. Provide your children with art supplies and let them design their own posters or wall art featuring these quotes. Hang their creations around the house to remind them of Gandhi's timeless principles.

### The Salt Experiment

If your children are a curious bunch and love science, then another engaging activity related to Mahatma Gandhi's principles is the salt experiment. Fill a small container with water and add a few spoonfuls of salt. With the help of a magnifying glass, ask your children to observe what happens when the water evaporates. Allow your children to try different combinations of water and salt quantities to see if the results vary. Use this simple experiment to explain how Gandhi's fight against the salt tax was symbolic of his larger struggle for justice and equality.

So, this Gandhi Jayanti, let's celebrate not only the man but also the ideals he stood for, while creating lasting memories.

# Infrastructure Funds Et Al Were Not The Deterrents

"There was no stadium in Delhi, no cinder track, no equipments, no funds. The Union government refused to provide any funds and the Indian Olympic Association (IOA) had no money with them. Anthony De Mellow, managed to get Rs one lakh loan from National Sports Club of India (NSCI) of which de Mellow was one of the founders and Chief Executive. De Mellow, as my father had told me enjoyed a good clout in Delhi's bureaucracy. When the issue of billeting 1000 athletes and setting up the Asiad village came, de Mellow went to Commander-In Chief of the Indian Army Gen K M Cariappa, who lent two groups of Army buildings which flanked the site of the National Stadium, the main venue. He entrusted the task of building the stadium to a British construction company which also built the swimming pool. They were built in just 300 days when all the constriction work were carried manually." said Tutu Dhawan.

PART:1



Japanese contingent, New Delhi, 1951 greeted by Prime Minister Nehru, Countess Mountbatten and Rajkumari Amrit Kaur.



Prakash Bhandari
*The writer is a senior journalist*




Jawaharlal Nehru at the inauguration of the first Asian Games in New Delhi.



The Prime Minister With Asian Games Federation.



Then president of the Asian Games Federation, the maharaja of Patiala, along with then President Dr Rajendra Prasad at the inauguration of the first Asian Games in 1951

The 19th Asian Games, delayed by a year because of Covid is now on in the Chinese city of Hangzhou where the People's Republic of China is hosting the Games.

Sports giants of various Asian countries will be seen in action at Hangzhou. This Asian Games will see the inclusion of both men's and women' cricket and both Indian and Pakistan are likely to face each other for gold medal in the first-ever Asian Asian Games contest.

The Asian Games will be crucial for those who are aspiring to participate in the next year's Olympics in Paris. The performance in the Asian games will give a ticket to athletes of various disciplines to go to Paris Olympiad.

Seventy two years ago, the dream of staging the first-ever Asian Games was materialized when in 1951, India, a nation who barely four years ago got Independence ventured to hold the Asiad in Delhi with meager resources. Today, the Asian Games has taken a gigantic shape with huge sponsorship and funds for raising infrastructure. But the first Asian Games could be conducted largely because of the efforts of a handful of dedicated sports organizers like late Maharaja of Patiala, Yadvinder Singh, Anthony de Mellow, Guru Dutt Sondhi and a band of grassroot workers like SS Dhawan. Mehar Chand Dhawan, S K Bhoot and a host of others.

In fact, the games could become a reality mostly because of Mehar Chand Dhawan, a teacher in Ajmer's Mayo College and his brother Sheri Dhawan, who worked for the Northern Railway in Delhi. Another man from Rajasthan, Mehar Singh, the sports instructor of Ajmer's Government College, who was also an athletic official contributed immensely for the success of the first –ever Asiad.

It was during the 1948 Olympics in London when Guru Dutt Sondhi, a member of the International Olympic Committee with the generous backing of Maharaja of Patiala, the President of the Indian Olympic Association, took the opportunity to talk to the representatives of the Asian countries participating in the London Olympic Games and float the idea of staging Asian Games. The efforts paid dividend and the die was cast with the formation of the Asian Games Federation (AGF)

The five charter members forming the federation were Afghanistan, Burma (now Myanmar), India, Pakistan, and the Philippines. The decision was made to organise the Asian Games Championships in four-year intervals since the inception of the Games in Delhi in February, 1950. Maharaja Yadavindra Singh, who also became the president of the organisation committee of the Games, sent the formal invitation to several other Asian countries to



Then prime minister Jawaharlal Nehru, left, and Anthony De Mello, second from left, at the 1951 Asian Games.

#ASIAD






participate in the 1950 Asian Games.

The staging of the first-ever Asian Games stadium was postponed twice and finally it was decided to hold it in March 1951.

Then, Guru Dutt Sondhi, who was a Professor and a pioneer of starting the Olympic movement in not only India, but also in various other Asian countries was made the Director of the Asian Games' organising committee. The burden of organising the first-ever Asian games with no infrastructure and funds fell upon him. A much harassed Sondhi, six months before the Asian Games, resigned.

Anthony de Mellow, who was one of the founders of the Board of Control for Cricket in India (BCCI), who was a Goan and was educated in Cambridge and worked for a Delhi based transport company owned by R E Govan, who served as the first President of the BCCI. He was made the Director of the Asian Games replacing Sondhi. Anthony Stanlius de Mellow had the knack for organisation and had corporate experience of handling difficult situation. Tutu Dhawan, the son of Sheri Dhawan, the right hand man of de Mellow, was a little toddler when the Asian games were held in 1951. But, he has kept all the records that his father Sherri and mother Parkash Dhawan left which gave an authentic account of the first Asiad.

> Writing in 1959, Anthony de Mello, the Director of the organising committee, recounted the opening ceremony, "What was the greatest moment in Indian sport? there was never an occasion to beat that of March 4th, 1951. On that historic day for the sports of India-indeed for the sports of Asia, even the world-the first Asian Games were opened…It was Asia marching ever nearer to the great Olympic ideal of 'Citius, Altius, Fortius'-faster, higher, stronger….India-the 'Big Brother of Asia'-had given the lead in this the finest sporting venture of the Orient."

This first Asian Games was an Indian initiative, which was intrinsically linked to the larger Indian self-image of being a major Asian power and the Nehruvian idea of India's centrality in a new global order. The Games were deeply tied to the ideals, hopes, and aspirations of Nehruvian India. They are also a useful prism to understand the struggle for Asian leadership that unfolded thereafter. As Indian administrators went about creating the Asian Games Federation and the first Delhi Asiad of 1951, they were also driven by the idea of a resurgent independent India and Nehru's notion of a new world order: decolonized states, led by India, marching forward to take their rightful place. At the heart of the story of the Delhi Asiad was a desire for newly independent India to be noticed, the moment of arrival signified by an international event of Olympic proportions. Writing in 1959, Anthony de Mello, the Director of the organising committee, recounted the opening ceremony, "What was the greatest moment in Indian sport? there was never an occasion to beat that of March 4th, 1951. On that historic day for the sports of India—indeed for the sports of Asia, even the world—the first Asian Games were opened…It was Asia marching ever nearer to the great Olympic ideal of 'Citius, Altius, Fortius'—faster, higher, stronger….India—the 'Big Brother of Asia'—had given the lead in this the finest sporting venture of the Orient."

It is to be noted that nationalist India was invested in the idea of Asian unity and solidarity before its Independence – the Congress Working Committee in the 1920s proposed and later passed a resolution for the Asian Federation with India as its leader.


"There was no stadium in Delhi, no cinder track, no equipments, no funds. The Union government refused to provide any funds and the Indian Olympic Association (IOA) had no money with them. Anthony De Mellow, managed to get Rs one lakh loan from National Sports Club of India (NSCI) of which de Mellow was one of the founders and Chief Executive. De Mellow, as my father had told me enjoyed a good clout in Delhi's bureaucracy. When the issue of billeting 1000 athletes and setting up the Asiad village came, de Mellow went to Commander-In Chief of the Indian Army Gen K M Cariappa, who lent two groups of Army buildings which flanked the site of the National Stadium, the main venue. He entrusted the task of building the stadium to a British construction company which also built the swimming pool. They were built in just 300 days when all the construction work were carried manually." said Tutu Dhawan.

Tutu Dhawan has been writing on automobile and is a racing and vintage car enthusiast. He has enormous collection of the photographs also of the first Asiad.

An international event like the Asian Games required not only infrastructures, but also sports equipments for track and field, swimming and other sports. De Mellow rushed to London to negotiate with a firm Lilywhiles to provide the equipments. The firm agreed to provide some of the equipments that they had produced for the 1952 Olympic Games in Helsinki. These equipments came before March 1951. The filtration unit for the swimming pool was provided by another British firm, who also trained the staff to operate it.

**To be continued**

*rajeshsharma1049@gmail.com*



Indian athletes standing in the stadium.

#TOWARDS-PEACE

# Predictable Patterns

"If we're going to design effective counter-messages for radicalization, it is necessary to understand how the radicalization process is happening in the first place," says Hahn



New research finds predictable patterns in terrorist propaganda that attempt to persuade otherwise morally grounded people to join violent causes.

The findings provide a foundation for developing counter-messaging that seeks to neutralize those appeals or provide leverage for encouraging people to leave terrorist groups, the researchers say.

**"TERRORISTS OFTEN EXPLOIT IN-GROUP LOYALTY AND PURITY."**

Lindsay Hahn, an assistant professor of communication at the University at Buffalo, along with her research team, examined 873 items created by 73 violent terrorist organizations, including websites, rally signs, videos, and notes left at crime scenes. All of the material is now part of an expansive database, dating from the 1920s, which future researchers can use to advance knowledge in this area.

Besides trying to understand the degree to which terrorists' appeals are predictable, the study also looked at the effects of terrorist propaganda by concentrating the analysis on messages created at times the groups were known to be violent.

Results of the content analysis showed an emphasis toward in-group loyalty and fairness across all propaganda, while purity-based language was directly related to the frequency of an organization's attacks and an increase in the number of deaths and casualties.

"If we're going to design effective counter-messages for radicalization, it is necessary to understand how the radicalization process is happening in the first place," says Hahn, an expert in media psychology and morality and lead author of the paper, published in the Journal of Communication.

The paper doesn't propose potential messaging strategies, but the findings do offer some possibilities. "Terrorists often exploit in-group loyalty and purity," says Hahn. "When these are stressed in propaganda we see a correlation with a greater number of attacks and a greater number of deaths and causalities," says Hahn. "Interventions focused on these two moral values would be a good place to start developing counter-messaging."





In 2019, terrorists killed over 20,000 people around the world. The assumption is that these violent actors are amoral, but previous research finds that extremists believe their actions are virtuous to the point of justifying violence.

"They are actually driven by what they see as moral righteousness," Hahn says. "Although they are using violence to achieve some end, they believe their ends are justified."

Hahn says that to her knowledge this is the first study to examine terrorists' media production alongside its antecedents and effects. It is, however, an area of communication research that began with a famous set of studies called "Why We Fight" that explored the effectiveness of WWII recruitment films.

Those studies suggested that propaganda does little to change people's minds unless it appeals to an audience's pre-existing attitude.


"That's what's happening here: a moral value an audience already holds is exploited by terrorists."

Guided by that early work, Hahn's team looked at these various sources to determine how terrorist organizations persuade people with moral appeals.

"And it turns out that it's almost always about morality," she says. "Terrorists are using mass media, social media, and other means to send out their message, but the appeals are focused and aimed at certain groups of people to bolster pre-existing attitudes."




## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# लाखों रुपए के सरियों से भरे ट्रक चोरी के मामले का खुलासा

## पुलिस ने चुराया गया ट्रक व सरिया बरामद किया, आरोपी खलासी गिरफ्तार

**अजमेर, (कासं)।** अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक ग्रामीण वैभव शर्मा ने गेगल थाना क्षेत्र से हुई लाखों रुपए के सरियों से भरे ट्रक चोरी के मामले का खुलासा किया। एसपी जाट ने पत्रकारों को बताया कि मामले में एक आरोपी ट्रक खलासी को गिरफ्तार किया है। ट्रक व ट्रक में भरे हुए सरिए भी बरामद किया है। एएसपी वैभव शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शातिर प्रवृति का है ओर खुद को बेरोजगार बताकर मालिक का विश्वास जीतकर ट्रक पर खलासी व नौकरी पर लग जाता है। धोखा देकर ट्रक में भरा माल चोरी करके फरार हो जाता था। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी धोखाधड़ी के चार मामले जयपुर के थानों में दर्ज है।

**30 लाख रुपए के लोहे के सरिए भरा था ट्रक में :-** एएसपी शर्मा ने बताया कि गेगल थाना क्षेत्र के गेगल तेलियों का मोहल्ला निवासी मुमताज पुत्र अलानुर ने 27 सितंबर को रिपार्ट दर्ज कराई थी, जिसमें बताया कि परबतसर से लोहे का सरिया भरकर ट्रक अजमेर ला रहा था। ट्रक पर चार पांच दिन पहले ही नया खलासी रखा था। पीड़ित का गांव गगवाना होने के कारण ट्रक को बस स्टेंड पर खड़ा करके रात को घर पर चला गया। खलासी गाड़ी में ही था। दूसरे दिन सुबह ट्रक के पास गया तो खलासी ट्रक लेकर फरार हो गया। ट्रक नही मिलने पर आसपास खूब तलाश की, लेकिन नहीं मिला। खलासी पर संदेह जताया। पुलिस ने रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर ट्रक व खलासी की तलाश शुरू की। जिस मे करीब 30 लाख रुपए के लोहे के सरिए भरे हुए थे।



पुलिस ने सरिए सहित ट्रक चुराने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया।

एसपी चूनाराम जाट के मुताबिक


**■ 30 लाख रुपए के लोहे के सरिए भरे हुए थे ट्रक में**

गेगल थाने की पुलिस टीम ने घटना स्थल पर पहुंचकर बारिकी से निरीक्षण किया। अलग अलग टीमें बनाकर संभावित ठिकानों पर दबिश दी। आरोपी को पकड़ने के लिए हाइवे पर सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। साइबर सेल की मदद से व तकनीकी मदद से आरोपी रतनसिंह उर्फ बन्ना पुत्र महेंद्रसिंह निवासी मकान नंबर 7 गणेशनगर मुरलीपुरा जयपुर को लोहे के सरियों से भरे ट्रक के साथ जयपुर हाइवे से पकड़ लिया। पुलिस ने ट्रक को जब्त करने के साथ चुराए लोहे के सरियों को भी बरामद किया है।

उन्होंने बताया कि पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी रतन सिंह शातिर किस्म का बदमाश है। खुद को बेरोजगार बताकर ट्रक मालिकों को विश्वास में लेकर मालिक के ट्रक का खलासी व ड्राइवर की नौकरी करता और मौका पाकर धोखाधड़ी कर माल सहित ट्रक चुरा कर फरार हो जाता, आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी जयपुर के अलग अलग थानों में चार मामले दर्ज है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दो ट्रकों से टकराई स्लीपर बस, आधा दर्जन यात्री घायल

## जान बचाने खिड़कियों से कूदी सवारियां



धौलपुर से आगरा की ओर जा रही एक स्लीपर बस दो ट्रकों से टकरा गई।

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर शहर से गुजर रहे नेशनल हाईवे पर धौलपुर से आगरा की ओर जा रही एक स्लीपर बस दो ट्रकों से टकरा गई। स्लीपर बस के आगे और पीछे चल रहे ट्रकों से टकरा जाने से यात्रियों में हड़कंप मच गया।

हादसे से घबराकर यात्री बस की खिड़कियों से कूद कर बाहर निकले। गनीमत रही हादसे के समय वाहनों की गति बेहद धीमी थी, जिस वजह से कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि हादसे में आधा दर्जन यात्री चोटिल हुए हैं, जिनमें से एक महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल धौलपुर में भर्ती कराया गया।

**■ धौलपुर से आगरा की ओर जा रही थी स्लीपर बस**

हादसे के बाद धौलपुर से आगरा की ओर जाने वाले नेशनल हाईवे पर एक तरफ जाम लग गया। जाम की सूचना पर मौके पर पहुंची ट्रैफिक पुलिस ने दुर्घटनाठास्त बस और ट्रक को मौके से हटवाकर जाम को खुलवाया। हादसे के दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि स्लीपर बस आगरा बस स्टैंड से आगरा की ओर रवाना हुई थी। तभी आगे जा रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिस वजह से बस के आगे का हिस्सा ट्रक में घुस गया।

इसी दौरान पीछे से आते ट्रेलर ने भी बस को टक्कर मार दी। एक साथ तीन वाहनों के आपस में टकरा जाने से यात्री घबरा गए और घबराते हुए बस की खिड़कियों से कूदने लगे। हादसे में कुछ यात्री चोटिल हो गए, जिनमें से 35 वर्षीय सुनीता पत्नी भीकाराम को इलाज के लिए जिला अस्पताल धौलपुर में भर्ती कराया गया। घटना के बाद पुलिस ने जाम को खुलवाया और दुर्घटनाग्रस्त बस और ट्रक को कब्जे में ले लिया।

# स्काउट शिविर में घुसा जहरीला कोबरा

**पुष्कर (निसं.)।** पुष्कर घाटी में स्काउट केम्प में 175 बच्चों के प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम के दौरान टेंट के पास 6 फ़ीट लंबे कोबरा सांप को देखकर बच्चो समेत शिक्षक बेहद घबरा गए। जिसकी सूचना तुरन्त सांपों का जीवन बचाने में लगी टीम पुलिसमित्र के इंचार्ज अमित भट्ट को दी गई।

सूचना प्राप्त होते ही पुलिसमित्र की रेपिड रिस्पॉन्स यूनिट के सदस्य सांवरा शर्मा इंचार्ज अमित भट्ट के साथ स्काउट कैम्प पहूंचे। जहां मौजूद सहायक संचालन देवीलाल व शिवीराधिपति नंदकिशोर वैष्णव ने बताया कि कोबरा सर्प टेंट के पास बजे बिल में घुस गया है। बिना समय गंवाए पुलिसमित्र टीम मेम्बर्स ने बिल को खोदकर बिल में छुपे छः फ़ीट लंबे जहरीले कोबरा सांप को ढूंढ निकाला व बिना नुकसान पहुंचाये कोबरा सर्प को रेस्क्यू कर लिया।



स्काउट कैंप में निकला काला कोबरा।

# गांधी जयंती का अवकाश रद्द

**■ शिक्षा निदेशक ने जारी किया आदेश**

**बीकानेर, (कासं)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर दो अक्टूबर को स्कूलों में अवकाश नहीं होगा। इस दिन स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 15 अगस्त तथा 26 जनवरी की तर्ज पर दो अक्टूबर को भी स्कूलों में उत्सव मनाया जाना अनिवार्य होगा। इस संबंध में शिक्षा निदेशक कानाराम ने आदेश जारी किए हैं। आदेश में कहा गया है कि विद्यालयों में महात्मा गांधी के जीवन पर आधारित नाटक, कविता, अभिनय आदि गतिविधियां आयोजित कराई जाये। साथ ही गांधी दर्शन से संबंधित डॉक्यूमेन्ट्री, फीचर फिल्म अथवा अन्य संदर्भ साहित्य से संबंधित दृष्य सामग्री का प्रदर्शन करवाया जाए।

# कार सवार तीन युवक हथियार सहित गिरफ्तार

## एक पिस्टल मय मैगजीन व चार कारतूस जब्त किए

**भीलवाड़ा, (नि.सं.)।** पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच एवं भीलवाड़ा जिले की थाना प्रताप नगर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर बापू नगर इलाके में एक क्रेटा कार में सवार तीन युवकों को डिटेन कर अवैध हथियार एक पिस्टल मय मैगजीन एवं चार कारतूस बरामद किए हैं। तीनों युवकों को थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार कर लिया।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि अवैध हथियारों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान की निरंतरता में शनिवार को सीआईडी क्राइम ब्रांच एवं भीलवाड़ा की प्रताप नगर पुलिस ने कार सवार विक्रम सिंह पुत्र मूल सिंह (47)

**■ हथियार खरीदने के बारे में पुलिस पूछताछ में जुटी**

निवासी हरनावा थाना मकराना जिला नागौर हाल बापुनगर भीलवाड़ा, जयपाल लोमरोड पुत्र भंवरलाल (28) निवासी जायल जिला नागौर हाल बापुनगर भीलवाड़ा एवं कन्हैयालाल पुत्र डालचंद माली (34) निवासी पुर जिला भीलवाड़ा को अवैध हथियार समेत गिरफ्तार किया है। एडीजी एमएन ने बताया कि क्राइम ब्रांच में एएसआई बनवारी लाल की सूचना पर आईजी प्रफुल्ल कुमार के पर्यवेक्षण एवं एडिशनल एसपी आशा राम चौधरी एवं राजेश मलिक के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा भीलवाड़ा पहुंच शनिवार शाम को स्थानीय थाना प्रताप नगर की सहायता से बापू नगर इलाके में नाकाबंदी की।

पुलिस गाड़ी को देखकर एक सफेद क्रेटा कार के चालक ने यूटर्न लिया और भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा कर पुलिस वाहन आड़े लगा कार को रोका, जिसमें तीन युवक विक्रम सिंह, जयपाल लोमरोड और कन्हैया लाल माली बैठे थे। कार की तलाशी में ड्राइवर की सीट की पीछे कवर में एक पिस्टल मय मैगजीन एवं चार कारतूस 7.65 मिले। इस पर पकड़े गए युवकों पर आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर अवैध हथियार जप्त किया गया।

एडीजी ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने यह पिस्टल और कारतूस रोटू हाल जायल जिला नागौर निवासी सुरेंद्र बिश्नोई से खरीदना बताया। इनके हथियार खरीदने के मकसद के बारे में थाना पुलिस गहनता से पूछताछ करने में जुटी है। संपूर्ण कार्रवाई में क्राइम ब्रांच के कांस्टेबल जितेंद्र कुमार की विशेष भूमिका रही। सीआईडी टीम में एएसआई बनवारी लाल, हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार, सोहन सिंह, कांस्टेबल जितेंद्र कुमार, अरुण कुमार, कुलदीप सिंह व कांस्टेबल चालक सुरेश कुमार और थाना प्रताप नगर पुलिस टीम शामिल थे।

# पेट्रोल पम्पों की हड़ताल फिर शुरू

**बीदासर, (निसं)।** राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के बैनर तले राज्य में पेट्रोल एवं डीजल पर वैट पड़ौसी राज्य पंजाब के समान करने की सरकारी स्तर पर मांगें पूरी नहीं होने पर बीदासर कस्बे के पेट्रोल पम्पों की हड़ताल गुरूवार को फिर से प्रथम दिन भी जारी रही। पेट्रोल पम्प प्रातः 6 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक पूर्णत बंद रहे। जिससे वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पेट्रोल पम्प बंद होने से वाहन चालक इधर-उधर तेल के लिये भटकते नजर आये। पेट्रोल पम्प डिलरों का कहना है कि यदि राज्य सरकार द्वारा हमारी मांगों को नहीं माना गया तो सोमवार से अनिश्चितकालिन हड़ताल की जायेगी। अनिश्चितकालिन हड़ताल के दौरान पम्प पूर्णत 24 घण्टे बंद ही रहेंगे। हड़ताल के दौरान दाधिच फिंलिग स्टेशन व डालमचंद बैंगानी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के पम्प बंद रहे।

# छप्परपोश मकान की ढही दीवार, एक की मौत, दो घायल

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर जिले के बाड़ी शहर के सैंपऊ रोड पर गुमट चौकी के पास मिल्कन बस्ती में देर रात को छप्परपोश मकान की दीवार ढहने से हादसा हो गया। इस हादसे में एक 10 वर्षीय बालक की मौत गई। वहीं बालक की मां और भतीजा घायल हुए हैं। भतीजे की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया गया है।

घटना के बाद मृतक बालक के शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। जहां रविवार को परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया। जानकारी के अनुसार सैपऊ रोड पर गुमट चौकी के पास मिल्कन बस्ती के रहने वाले सुरेश धोबी के घर यह हादसा हुआ है। सुरेश के तीन बेटे और उनके परिवार इन छप्परपोश मकानों में रहते है। जिनमे

**■ बाड़ी उपखंड में गुमट चौकी मिल्कन बस्ती की घटना**

संजू, सरण और गुड्डु शामिल हैं। सुरेश की बेटी रजनी मध्य प्रदेश के मुरैना जिले के खंडोली में ब्याही है। जहां से कल शाम टेंपो से वह अपने पति दिनेश धोबी और 10 वर्षीय मासूम बालक वंशु को लेकर पीहर आई थी। जहां आज रविवार को श्राद्ध का कार्यक्रम था। रात्रि में सभी लोग छप्पर के नीचे सो रहे थे।

अचानक दीवार गिरी तो उसके नीचे वंशु पुत्र दिनेश धोबी, उसकी मां रजनी पत्नी दिनेश धोबी और भाई सरनाम का लड़का अंकु दब गया। ऐसे में जब आवाज हुई और चीख पुकार मची तो मोहल्ले के लोगों ने जैसे-तैसे मलबे को हटाकर नीचे दबे तीनों को निकाला। इस दौरान वंशु पुत्र दिनेश धोबी की मौत हो गई। घटना के बाद तीनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां वंशु को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं रजनी और अंकु का उपचार चल रहा है। अंकु की हालत गंभीर होने पर धौलपुर रेफर किया गया है। मृतक बालक वंशु के मामा गुड्डु ने बताया कि रात 11 बजे के करीब यह हादसा हुआ है। जिसमें उनके भांजे वंशु की मौत हुई है। वहीं उनकी बहन रजनी और भतीजा अंकु घायल है। घटना को लेकर कोतवाली पुलिस में तहरीर दी गई है। पुलिस द्वारा मृतक बालक के शव का परिजनों की मौजूदगी में कराया। कोतवाली एसएचओ लक्ष्मण सिंह का कहना है घटना को लेकर जांच की जा रही है।

# सांप के काटने से बालक की मौत

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर जिले के सरमथुरा उपखंड के खरौली गांव में रविवार को सर्पदंश से 14 वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत का मामला सामने आया है। मृतक बालक अपने पिता के साथ खेत पर कृषि कार्य करने गया हुआ था। इसी दौरान बालक को खेत पर सांप ने डस लिया।

घटना की जानकारी लगते ही परिजन बालक को उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टरों ने बालक को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार 14 वर्षीय मान कुमार मीणा पुत्र अमरसिंह मीणा निवासी गांव खरौली सरमथुरा थाना क्षेत्र का निवासी था। जो आठवीं कक्षा में पढ़ता था। रविवार को स्कूल की छुट्टी होने की वजह से वह पिता के साथ खेत पर कृषि कार्य करने गया हुआ था। इसी दौरान बालक को खेत में घास के नीचे छिपे सांप ने काट लिया।

# पांच साल कुर्सी बचाने में लगी रही गहलोत सरकार : भाटी

**देशनोक, (निसं)।** भाजपा में वापसी के बाद पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी देर रात को समर्थकों के साथ देशनोक पहुंचे और मां करणी के दर्शन किए। मंदिर में भाटी ने विशेष पूजा अर्चना कर मां करणी का आशीर्वाद लिया।

इस दौरान पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में देश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। पीएम मोदी ने विश्व के सभी देशों को एक मंच पर लाकर वसुधैव कुटुंबकम की तर्ज एक परिवार के रूप लाने का प्रयास किया है। गहलोत सरकार के कामकाज पर हमला बोलते हुए पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी ने कहा कि पूरे कार्यकाल में सरकार अपनी कुर्सी बचाने में लगी रही। चारों ओर खुलेआम लूट-खसोट हो रही है। जनता भ्रष्टाचार से परेशान है।

मंदिर प्रन्यास की ओर से प्रन्यास

**■ भाजपा में वापसी के बाद पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी समर्थकों के साथ देशनोक पहुंचे**

अध्यक्ष बादल सिंह, उपाध्यक्ष सीता दान, सचिव वासुदेव, प्रन्यासि आशुदान ने पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी का स्वागत किया।

इस अवसर पर देशनोक भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, पूर्व भाजयुमो अध्यक्ष देवेंद्र सिंह चारण, पूर्व पालिकाध्यक्ष और भाजपा नोखा मण्डल प्रभारी सुशीला देवी सुथार, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष हनुमान दान, गोपाल दान, हेमंत भूरा, भाजपा पार्षद नथमल सुराणा, पवन शर्मा, मनोज सिंह, आवड़दान मौजूद रहे।

# पेड़ पर लटका मिला बालक का शव

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर जिले के सरमथुरा उपखंड के कौनेसा गांव में शनिवार देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में एक 12 वर्षीय बालक का शव नीम के पेड़ पर लटका हुआ मिला। मृतक बालक सातवीं कक्षा का छात्र था। जो शनिवार दोपहर करीब 2 बजे परिजनों से खेत पर से घर जाने की बात कहकर आया हुआ था। घटना के बाद से बालक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। घटना की सूचना पर सरमथुरा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बालक के शव को कब्जे में ले लिया और रात होने की वजह से शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। रविवार सुबह परिजनों की मौजूदगी में डॉक्टरों की टीम ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार 12 वर्षीय बालक घनसुंदर मीणा पुत्र रामावतार मीना निवासी कौनेसा गांव का निवासी था।

# पांच लाख की चोरी को अंजाम देने वाला गिरफ्तार

## गोदाम व दुकान से चुराया गया माल बरामद किया

**सीकर, (निसं)।** जिले के खाटूश्याम पुलिस थाना क्षेत्र की पुलिस ने गोदाम व दुकान में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले शातिर चोर को पांच लाख के चोरी के सामान सहित गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गोपाल पुत्र रामपाल रैगर निवासी खाटूश्याम जी जिला सीकर ने छह जुलाई को रिपोर्ट दर्ज करवाई। जिसमें बताया कि मैं फेंसी सामान का होलसेल व्यापारी हूं। मेरा गोदाम कबूतर चौक के पास स्वामियों की गली में स्थित है। चौदह जून को रात्रि में रोज की तरह मैंने गोदाम बंद कर दिया था। हालांकि रोज गोदाम में काम करने वाले लड़के रहते हैं लेकिन उस रोज लड़के गांव चले गये थे। पीछे से किसी अज्ञात लोगों ने मेरे गोदाम से ज्वैलरी का सामान कंठी माला, बाबा की फेंसी तस्वीरें आदि करीबन पांच लाख रुपये का सामान चोरी हो गया। मैं सुबह गोदाम खोलने के लिये गया तो वहां पर सामान बिखरा पडा था फिर मैने और तलाश किया तो पता चला कि करीबन पांच लाख रुपये का सामान चोरी हो गया। मामले की रिपोर्ट दर्ज की गई। जिसकी जांच सुरेश कुमार को सौंपी गई।

अनुंसधान अधिकारी ने घटना स्थल का जायजा लिया। गोदाम व दुकान के सीसीटीवी फुटेज देखकर अभियुक्त की पहचान की गई। इसके बाद टीम का गठन कर चोरी की गिरफ्तारी के लिए प्रयास तेज किये गये। अथक प्रयासों के बाद अभियुक्त पवन कुमार सैनी पुत्र लक्ष्मीनारायण सैनी निवासी चक कोला की नांगल पुलिस थाना पाटन जिला नीमका थाना को धर्मशाला खाटूश्याम के सामने से गिरफ्तार किया गया। जिसके किराये के मकान माधव कॉलोनी कस्बा खाटूश्यामजी से गोदाम व दुकान से चुराया गया माल बरामद किया गया।

# अधेड़ की लाश मिली, हत्या की आशंका

**भीलवाड़ा, (नि.सं.)।** जिले के हमीरगढ़ थाना क्षेत्र में एक अधेड़ की बीती देर रात लाठियां से पीट कर बेरहमी से हत्या कर दी गई , रविवार सुबह बनास नदी के निकट कुछ व्यक्तियों ने रक्त रंजित लाश देखने के बाद पुलिस को इसकी सूचना दी। हत्या की खबर फैलने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। इधर मामले की गंभीरता को देखते हुए सीओ सदर लक्ष्मण राम भी घटनास्थल पर पहुंचे।

हमीरगढ़ थाना प्रभारी भंवरलाल के मुताबिक रविवार सुबह बनास नदी के निकट एक व्यक्ति की रक्तरंजित लाश मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के हाथ पैर बंधे हुए थे , शरीर पर कई जगह चोट और मारपीट के निशान थे साथ ही उसके शरीर पर कोई कपड़ा नहीं था, मौके पर ही टूटी हुई लकड़िया मिली है जिससे क़यास लगाया गया कि उसे लकड़ियों से बुरी तरह पीटा गया है।



जांच के लिए पुलिस व एफएसएल टीम मौके पर पहुंची।

पुलिस ने मृतक की शिनाख्त मंडपिया निवासी राजू सुवालका के रूप में की है। मृतक का खुद का हाइड्रो एवं कोण रिवाइंडिंग का काम है। मृतक शनिवार को अपने घर से काम के लिए निकला था इसके बाद वह वापस नहीं लौटा।

पुलिस ने घटनास्थल पर मृतक के बेटे को बुलवा लाश की शिनाख्त करवाई है। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल से कुछ दूरी पर ही मृतक की कार मिली है। अंदेशा है कि हत्या करने वाले मृतक के करीबी हो सकते हैं और जो घटनास्थल पर मृतक के साथ ही आए हो। मामले की जांच के लिए पुलिस ने मौके पर एफएसएल टीम को बुलाया है साथ ही पुलिस भी घटनास्थल के निकट जांच में जुटी है।

# छात्र की नहाने के दौरान बनास नदी में डूबने से मौत

**भीलवाड़ा, (नि.सं.)।** जिले के मंगरोप थाना क्षेत्र के धांगड़ास गांव में छठी कक्षा के एक छात्र की नहाने के दौरान बनास में डूबने से मौत हो गई।

**■ दोस्तों के साथ नहाने गया था, 21 घंटे बाद मिला शव**

शव घटना के 21 घंटे बाद रविवार सुबह बाहर निकाला जा सका।

मंगरोप थाना पुलिस ने बताया कि धांगड़ास गांव निवासी दिलखुश (13) पुत्र लालाराम गाडरी, शनिवार को स्कूल से छूटने के बाद साथियों के साथ गांव के पास से गुजर रही बनास नदी पर नहाने गया था। नहाने के दौरान दिलखुश डूब गया। यह देखकर साथी मौके से भाग गये। उन्होंने डर के मारे किसी को कोई जानकारी इस घटना को लेकर नहीं दी। उधर, देर शाम तक दिलखुश घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरु की। इस दौरान पता चला कि दिलखुश अपने साथियों के साथ था। इसके बाद साथियों से पूछा गया तो पहले तो वे आना-कानी करने लगे, बाद में उन्होंने घटना की जानकारी दी। इसके बाद दिलखुश की नदी में तलाश की, लेकिन पता नहीं चला। अंधेरा हो जाने से तलाश रोक दी गई। इसके बाद रविवार सुबह पुनः स्थानीय गोताखोरों व ग्रामीणों की मदद से नदी में तलाश शुरू की गई तो दिलखुश का शव मिल गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव एमजी चिकित्सालय भिजवा दिया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।



गोताखोरों व ग्रामीणों की मदद से नदी में से शव को निकाला।



हर किसी की अपनी राय होती है। पूर्व खिलाड़ियों को अपने विचार साझा करने का पूरा अधिकार है लेकिन मैं नहीं मानता कि इस टीम में किसी तरह का अहंकार है।
- रविन्द्र जडेजा

भारतीय क्रिकेटर, कपिल देव की खिलाड़ियों को लेकर की गई टिप्पणी पर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



## जयदेव उनादकट

**वेस्टइंडीज** के खिलाफ तीसरे और निर्णायक एकदिवसीय मैच में मंगलवार को जयदेव उनादकट 10 साल के लंबे अंतराल के बाद प्लेइंग इलेवन में जगह बनाने में कामयाब हुए हैं। जयदेव उनादकट को अक्षर पटेल की जगह मिली है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट ने 2013 में वेस्टइंडीज के खिलाफ ही अपना आखिरी वनडे मैच खेल था। घरेलू क्रिकेट में दमदार प्रदर्शन करने के बाद वह एक बार फिर से भारतीय टीम में जगह बनाने में कामयाब हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए उन्हें चुना गया था लेकिन प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिला।

**क्या आप जानते हैं ?...** ऑस्ट्रेलिया के खब्बू स्पिनर फ्लीड वुड स्मिथ ने इंग्लैंड के विरुद्ध 1938 में 87 ओवर में 298 रन पर एक विकेट लिया था। ये आज तक एक टेस्ट पारी में किसी भी गेंदबाज द्वारा दिए गए सबसे ज्यादा रन हैं।

## एशियाड में भारत के 53 पदक हुए

# 8वें दिन 3 स्वर्ण, 7 रजत और 5 कांस्य मिले









हांगझोउ, 1 अक्टूबर। 19वें एशियन गेम्स के 8वें दिन भारतीय खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन रहा। रविवार को भारतीय खिलाड़ियों ने 3 गोल्ड, 7 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज सहित कुल 15 मेडल जीते। इन मेडल के सहारे ओवरऑल मेडल टैली में भारत के 53 मेडल हो चुके हैं। आज से एथलेटिक्स के मेडल इवेंट शुरू हुए। इसी के साथ भारत ने आज एथलेटिक्स के हर एक इवेंट में पोडियम फिनिश कर मेडल जीता। एथलेटिक्स में आज भारत ने 2 गोल्ड समेत कुल 9 मेडल जीते। चीन के हांगझोउ में भारत ने शूटिंग के मेंस ट्रैप, 3000 मीटर स्टेपल चेज और शॉटपुट इवेंट में गोल्ड जीते। शूटर्स के बाद युवा एथलीट अविनाश साबले ने 3 हजार मीटर स्टेपलचेज इवेंट में गेम्स रिकॉर्ड के साथ गोल्ड जीता। उन्होंने ईरान के हुसैनी (8 मिनट 22.79 सेकेंड) का रिकॉर्ड तोड़ा। इसके बाद तजिंदर पाल सिंह तूर ने शॉट पुट में इन गेम्स का गोल्ड हासिल किया। वे आखिरी प्रयास में नंबर-1 पोजिशन पर आए।

विमेंस डिस्कस थ्रो इवेंट में सीमा पुनिया ने ब्रॉन्ज, मेंस लॉन्ग जंप में मुरली श्रीशंकर ने सिल्वर, विमेंस 1500 मीटर इवेंट में हरमिलन बैंस ने सिल्वर, मेंस 1500 मीटर में अजय कुमार ने सिल्वर और जिन्सन जॉनसन ने ब्रॉन्ज हासिल किया। विमेंस 100 मीटर हर्डल्स में ज्योति ने सिल्वर जीता। भारतीय टीम के मेंस फाइनल टीम इवेंट में चीन मे भारत को 5 मैच में 2-3 से हरा कर गोल्ड जीता। इसी के साथ भारत को सिल्वर से संतुष्ट रहना पड़ा।

**गोल्फ :** अदिति ने सिल्वर जीता अदिति अशोक ने गोल्फ में दिन का पहला मेडल दिलाया। उन्होंने विमेंस इंडिविजुअल इवेंट में सिल्वर जीता। वह एशियन गेम्स में गोल्फ में मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला भी हैं।

**शूटिंग :** 3 मेडल आए, कुल संख्या 22 पहुंची शूटिंग के इंडिविजुअल मेंस ट्रैप इवेंट में भारत के किनान चेनाई ने ब्रॉन्ज जीता। किनान ने 40 में से 32 स्कोर कर मेडल अपने नाम किया है। यह आज भारत का शूटिंग में तीसरा मेडल है। इससे पहले, शूटिंग के ट्रैप-50 मेंस टीम इवेंट में पृथ्वीराज टोंडाइमैन, जुरावर सिंह और किनान चेनाई की तिकड़ी ने गोल्ड जीता। जबकि विमेंस के ट्रैप इवेंट में मनीषा कीर, प्रीति रजक और राजेश्वरी कुमारी ने सिल्वर मेडल जीता।

**बॉक्सिंग :** सेमीफाइनल हारी निखत जरीन निखत जरीन बॉक्सिंग की विमेंस 50 वेट कैटेगरी का सेमीफाइनल मुकाबला हार गई हैं। उन्हें थाईलैंड की रस्कत सी ने हराया।

**एथलेटिक्स 3000 मीटर स्टीपलचेज :** अविनाश ने दिलाया गोल्ड अविनाश साबले ने 3000 मीटर स्टीपलचेज में गेल्ड मेडल जीता, उन्होंने शुरुआत से ही जिम्मेदारी संभाली और एशियन गेम्स रिकॉर्ड भी बनाया। साबले ने 8:19.53 के समय के साथ फिनिश किया। एशियन गेम्स 2023 में यह भारत का पहला ट्रैक एंड फील्ड गोल्ड था।

**एथलेटिक्स :** शॉट पुट में तजिंदरपाल सिंह तूर नंबर वन रहे, आखिरी प्रयास में 20.36 मीटर स्कोर किया भारतीय शॉट पुटर तजिंदरपाल सिंह तूर ने दिन का तीसरा और एथलेटिक्स का दूसरा गोल्ड दिलाया। उन्होंने 20.36 मीटर स्कोर के साथ सोना जीता। 5 प्रयासों तक तूर दूसरे नंबर पर थे। आखिरी प्रयास में उन्होंने पहला स्थान हासिल किया।

**एथलेटिक्स :** 1500 मीटर में हरमिलन बैंस ने सिल्वर दिलाया भारत के लिए विमेंस 1500 मीटर इवेंट में हरमिलन बैंस ने सिल्वर मेडल जीता। इस इवेंट में गेम्स रिकॉर्ड भारत की ही सुनीता रानी के नाम है।

**एथलेटिक्स :** 1500 मीटर में अजय ने सिल्वर और जॉनसन ने ब्रॉन्ज दिलाया मेंस 1500 मीटर रेस में भारत के अजय कुमार (3:38.94 मिनट) दूसरे और जिन्सन जॉनसन (3:39.74 मिनट) तीसरे नंबर पर रहे। गोल्ड कतर के मोहम्मद अल्गारनी (3:38.35 मिनट) ने जीता।

**एथलेटिक्स:** मेंस लॉन्ग जंप में मुरली श्रीशंकर को सिल्वर मिला भारत के मुरली श्रीशंकर ने 8.19 मीटर के बेस्ट अटेंम्प्ट के साथ मेंस लॉन्ग जंप इवेंट में सिल्वर जीता। इससे पहले श्रीशंकर ने एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सिल्वर जीता था।

**एथलेटिक्स :** हेप्टाथलॉन में एक ब्रॉन्ज आए एथलेटिक्स के हेप्टाथलॉन इवेंट में भारत ने ब्रॉन्ज जीता। नंदिनी ने ब्रॉन्ज हासिल किया।

**एथलेटिक्स :** विमेंस डिस्कस थ्रो सीमा पुनिया ने ब्रॉन्ज दिलाया सीमा पुनिया ने एथलेटिक्स के विमेंस डिस्कस थ्रो इवेंट में ब्रॉन्ज हासिल किया। उन्होंने 58.62 मीटर के स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

**एथलेटिक्स:** विमेंस 100 मीटर हर्डल्स में सिल्वर ज्योति यार्राजी मे विमेंस 100 मीटर में सिल्वर मेडल जीता। ज्योति ने 12.91 सेकेंड्स में दौड़ पूरी की। चीन की यूई लिन ने 12.74 सेकेंड के समय के साथ गोल्ड जीता।



## एशियाड में स्वर्ण, रजत और कांस्य के साथ निशानेबाजी अभियान समाप्त

हांगझोउ, 1 अक्टूबर। भारतीय निशानेबाजों का रविवार को टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण, रजत और व्यक्ति मुकाबले में कांस्य पदक जीतने के साथ एशियाई खेलों में उनका अभियान समाप्त हो गया। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज पृथ्वीराज टोंडिमन, जोरावर सिंह संधू और किनान डेरियस चेनाई ने पुरुषों की निशानेबाजी टीम ने शानदान प्रदर्शन कर 361 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल करते हुए स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा किनान चेनाई ने पुरुषों के व्यक्तिगत ट्रैप में कांस्य पदक भी जीता। दूसरी ओर राजेश्वरी कुमारी, कीर मनीषा और रजक प्रीति की महिला निशानेबाजी टीम ने स्पर्धा में रजत पदक जीता। भारतीय टीम को 337 के स्कोर के साथ रजत पदक मिला। क्वालीफाइंग राउंड में किनान चेनाई सिर्फ तीन शॉट से चूके और 122/125 के साथ शीर्ष पर रहे। 46 वर्षीय जोरावर सिंह संधू क्वालीफाइंग राउंड में 120 के साथ दूसरे स्थान पर रहे। पृथ्वीराज टोंडाइमान ने 119 अंकों के साथ 11वां स्थान हासिल किया। किनान चेनाई ने फाइनल में 32/40 का स्कोर बनाकर व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता, जबकि जोरावर सिंह संधू 23/30 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहे। क्वालीफाइंग राउंड में सिर्फ शीर्ष छह निशानेबाजों ने ही व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाई। चीन के यिंग की ने अपने 50 में से 46 शॉट निशाने पर लगाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि कुवैत के तलाल अल-रशीदी ने 45/50 के साथ रजत पदक जीता। मनीषा कीर ने चौथे सेट में परफेक्ट 25 का स्कोर किया और 114/125 के स्कोर के साथ महिला ट्रैप में व्यक्तिगत फाइनल में पहुंचने वाली एकमात्र भारतीय निशानेबाज रहीं। हालांकि, वह छह निशानेबाजों के बीच बाहर होने वाली पहली महिला थीं। उनके 20 में से चार शॉट निशाने से चूक गए।

## भारतीय महिला हॉकी टीम सेमीफाइनल में, दक्षिण कोरिया से मैच 1-1 से ड्रॉ

हांगझोउ, 1 अक्टूबर। भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को एशियाई खेलों में दक्षिण कोरिया के खिलाफ मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा, इसी के साथ भारतीय टीम सेमीफाइलन में पहुंच गई है। भारत बनाम दक्षिण कोरिया मैच में आज सविता पूनिया की अगुवाई वाली भारतीय महिला टीम ने आक्रामक अंदाज में मुकाबले की शुरुआत की और पहले क्वार्टर के 10वें मिनट में भारतीय खिलाड़ियों ने एक फील्ड शॉट को गोल में तब्दील करने का मौका बनाया।

इसके अगले मिनट में दक्षिण कोरिया ने एक पेनल्टी स्ट्रोक हासिल किया और टीम ने इसे गोल में तब्दील कर अपना खाता खोला। चो ह्येजिन ने 12वें मिनट में यह गोल किया। इस तरह भारतीय महिला टीम ने एशियाई खेलों के अभियान में पहला गोल (कंसीड किया) खाया।

मुकाबले के 22वें मिनट में एक फील्ड शॉट को गोलपोस्ट में भेजने का प्रयास किया, लेकिन दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी के बीच में आ जाने के कारण भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन भारतीय खिलाड़ी विपक्षी डिफेंस के आगे इसे गोल में तब्दील करने में असफल रहे। कुछ देर में दोनों टीमों ने एक-एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया।

## नेपाल ने बोहरा की बेहतरीन गेंदबाजी से मालदीव 138 रन से हराया

हांगझोउ, 1 अक्टूबर। नेपाल ने रविवार को एशियाई खेलों में पुरुष क्रिकेट पुल ए मुकाबले में पहले शानदार बल्लेबाली और फिर अबिनाश बोहरा की 11 रन देकर छह विकेट की बेहतरीन गेंदबाजी बदौलत प्रतिद्वंद्वी मालदीव को 138 रन से हरा दिया है। आज सुबह नेपाल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान रोहित पॉडेल की 27 गेदों में 52 रन की अर्धशतकीय पारी, कुशल मल्ला के नाबाद 20 गेंदों मे 47 रन, ओपनर कुशल भुर्तेल 18 गेंदों में 35 रन तथा गुलशन झा 21 गेंदों में 35 की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 212 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। नेपाल का पहला विकेट आसिफ शेख छह रन के रूप में गिरा। शेख का इस्माइल ने फरीद शियुस के हाथों कैच आउट कराया। उस समय टीम का स्कोर 20 रन था। कुशल भुर्तेल को मोहम्मद मियुवान ने पगबाध आउट कर दिया। बिनोद भंडारी 13 को नजवान इस्माइल ने इस्माइल अली कैच आउट कर पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। उसके बाद खेलने आये संदीप जोरा पांच रन को इस्माइल का शिकार बने। गुलशन झा के रूप में नेपाल का पांच विकेट गिरा और उसे थोलई मोहम्मद राया ने हुसैन सादिन के हाथों कैच करवाया।

## भारतीय तीरंदाजी टीम और ज्योति सुरेखा वेन्नम क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष पर

हांगझोउ, 1 अक्टूबर। भारत की ज्योति सुरेखा वेन्नम ने रविवार को हुए मुकाबलों में व्यक्तिगत महिला कंपाउंड तीरंदाजी के क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारतीय महिला कंपाउंड टीम भी पहले स्थान पर रही।

चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज फुयांग यिनहु स्पोर्ट्स सेंटर में प्रतिस्पर्धा करते हुए ज्योति सुरेखा वेन्नम (704 अंक) ने दक्षिण कोरियाई जोड़ी चैवोन सो (699 अंक) और योह्युन ओह (697 अंक) को हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। महिला कंपाउं की मौजूदा विश्व चैंपियन भारत की अदिति गोपीचंद स्वामी चौथे (696 अंक) स्थान पर रहीं जबकि परनीत कौर (687 अंक) और अवनीत कौर (685 अंक) ने क्रमशः 12वां और 15वां स्थान हासिल किया। इस बीच, भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने एलिमिनेशन राउंड का कट हासिल करने के लिए 2087 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।

पुरुषों की कंपाउंड क्वालिफिकेशन में, भारत के ओजस प्रवीण देवताले (709 अंक) और अभिषेक वर्मा (708 अंक) व्यक्तिगत रैंकिंग में क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहे। भारतीय कंपाउंड तीरंदाज प्रथमेश जावकर (700 अंक) और रजत चौहान (698 अंक) ने क्रमशः 10वां और 16वां स्थान हासिल किया। भारत की पुरुष कंपाउंड टीम 2117 अंकों के साथ दक्षिण कोरिया के बाद दूसरे स्थान पर रही।

कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में, ज्योति सुरेखा वेन्नम और ओजस प्रवीण देवताले की भारतीय जोड़ी ने 1413 के कुल स्कोर के साथ टॉप-सीडिंग हासिल की। इस बीच, पुरुष रिकर्व क्वालिफिकेशन स्पर्धा में, अतानु दास की अगुवाई वाली भारतीय टीम 2022 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही और एलिमिनेशन राउंड तक पहुंचने में सफल रही।



# डेढ़ किलो हेरोइन और हथियारों सहित भारतीय सीमा में मिला ड्रोन

## आठ राउंड कारतूस और पिस्टल भी मिली, बीएसएफ ने सर्च ऑपरेशन चलाया

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जिले के श्रीकरणपुर इलाके के गांव एक एक्स में रविवार सुबह खेत में ड्रोन मिला। इस ड्रोन के साथ करीब डेढ़ किलो हेरोइन, आठ राउंड कारतूस और एक पिस्टल मिला है। बीएसएफ को इलाके के एक खेत में ड्रोन के साथ पैकेट पड़े होने की सूचना मिली थी। इस पर बीएसएफ ने पैकेट और ड्रोन को कब्जे में लिया।

■ **इलाके के खेतों में हेरोइन और हथियार लेने आए तस्करों की तलाश की**

गांव एक एक्स के खेत में किसानों को रविवार सुबह एक ड्रोन नजर आया तो उन्होंने इसकी सूचना बीएसएफ को दी। इस पर बीएसएफ ने ड्रोन कब्जे में लेकर इसके साथ जुड़े पैकेट खोले तो इसमें डेढ़ किलो हेरोइन, एक पिस्टल, आठ राउंड कारतूस मिले। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद बीएसएफ और पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इलाके के खेतों में हेरोइन और हथियार लेने आए तस्करों की तलाश की गई लेकिन हाथ कुछ भी नहीं लगा है। अधिकृत सूत्रों ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि ड्रोन के साथ हथियार और हेरोइन बरामद हुए हैं।

# 1.50 करोड़ की अवैध नशीली दवा बरामद

**उदयपुर, (कासं)।** शहर की हिरणमगरी थाना पुलिस ने मेडिकल व गोदाम पर दबिश देकर 1 करोड़ 50 लाख की अवैध नशीली दवा जब्त कर मेडिकल संचालक को गिरफ्तार किया।

■ **मेडिकल संचालक को गिरफ्तार किया**

जिला पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर मंजीतसिंह, पुलिस उप अधीक्षक शिप्रा राजावत के सुपरविजन में हिरणमगरी थानाधिकरी दर्शनसिंह स्पेशल टीम के एसआई देवेन्द्रसिंह के नेतृत्व में औषधी नियंत्रक अधिकारी कुलदीपसिंह यदुवंशी, नेहा बंसल, स्पेशल टीम के हेड कांस्टेबल विक्रमसिंह, कांस्टेबल उपेन्द्रसिंह, हिरणमगरी थाने के हेड कांस्टेबल वसनाराम, देवेन्द्रसिंह, कांस्टेबल आनंदसिंह, रामजीलाल, किरण कुमार मय टीम ने मेडिकल संचालक व गोदाम मालिक कुराबड़ निवासी कमलेश पटेल पुत्र प्रेमाराम पटेल के कब्जे से 1 करोड़ 50 लाख रूपये मूल्य की नशीली प्रतिबंधित दवाईयां जब्त कर उसे गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया। उक्त मामले में स्पेशल टीम के हेड कांस्टेबल विक्रमसिंह व कांस्टेबल उपेन्द्रसिंह की विशेष भूमिका रही। शहर पुलिस ने दो दिन में दूसरी बड़ी कार्यवाही की है। इससे पूर्व शनिवार को शहर के प्रतापनगर थानाधिकारी हिमांशु सिंह, स्पेशल टीम प्रभारी देवन्द्र सिंह के नेतृत्व में गठित दल ने देबारी में स्थित गोदाम पर दबिश देकर करीब एक करोड़ से अधिक की नशीली दवा जब्त कर मौके पर काम करने वाले ललित पटेल पुत्र खुता पटेल निवासी बांडीमगरी कुराबड़ को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया था।

# कड़ी सुरक्षा के बीच आर.ए.एस. परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आरएएस प्रारंभिक परीक्षा 2023 रविवार को प्रदेश के 46 जिलों में बनाए गए केंद्रों पर शांतिपूर्ण संपन्न हुई। अजमेर जिले में 104 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। अजमेर में 36 हजार 299 कैंडिडेट्स रजिस्टर्ड थे, जिनमें से 20 हजार 292 ने ही उपस्थिति दर्ज कराई, जबकि 16 हजार 7 अनुपस्थित रहे। परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थी सुबह 9 बजे से पहुंचना शुरू हो गए थे, 10 बजे बाद केंद्रों पर अभ्यर्थियों की एंट्री बंद कर दी गई।

सेंटरों के मेन गेट बंद कर दिए गए, सेंटरों पर लेट पहुंचने वाले अभ्यर्थी एंट्री की गुहार लगाते रहे, लेकिन उन्हें प्रवेश नहीं दिया गया। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था रही। परीक्षा के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने कड़े इन्तजाम किए। परीक्षा केन्द्रों के मेन गेट पर एक एक कैंडिडेट्स की पहचान के लिए मूल आधार कार्ड रंगीन प्रिंट को चेक किया गया। मूल आधार कार्ड रंगीन प्रिंट नहीं होने की विशेष परिस्थितियों में ही अन्य मूल फोटो युक्त पहचान पत्र यथा मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस के आधार पर प्रवेश दिया गया।

**सबसे कम उदयपुर व सबसे अधिक सलूंबर में उपस्थिति :-** आरएएस प्री परीक्षा-2023 रविवार को प्रदेशभर के केंद्रों पर आयोजित हुई। आयोग के आंकड़ों के अनुसार परीक्षा में 65.71 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा। परीक्षा के लिए 6 लाख 96 हजार 969 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया था, जिसमें से 4 लाख 57 हजार 957 ने ही उपस्थित दर्ज कराई जबकि 2 लाख 39 हजार 12 ने अनुपस्थित रहे। परीक्षा में सबसे कम उपस्थिति अजमेर और उदयपुर जिलों में रही, अजमेर में 55.90 प्रतिशत तथा उदयपुर में सबसे कम 43.45 प्रतिशत उपस्थित दर्ज की गई, जबकि सबसे अधिक 79.04 प्रतिशत उपस्थिति सलूम्बर जिले में दर्ज की गई।

■ **साढ़े चार लाख अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा, अजमेर व उदयपुर में सबसे ज्यादा अनुपस्थित**

आयोग के नियमों के चलते कई अभ्यर्थियों को एंट्री नहीं दी गई। कई सेंटरों पर पुलिस ने लेट आए अभ्यर्थियों को बाहर निकाल दिया। वहीं कई कैंडिडेट्स ने हंगामा किया तो पुलिस ने समझाइश की। बाहर रह गए कैंडिडेट्स को अंदर आने की अनुमति नहीं दी गई। सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि सभी जगहों पर परीक्षा शांतिपूर्ण चल रही। किसी जगह से कोई व्यवधान की सूचना नहीं मिली।

## कई युवा आरएएस परीक्षा नहीं दे पाये

**मदनगंज-किशनगढ़, (निस)।** गहलोत सरकार के लिये रविवार का दिन एक बार फिर विफलता का दिन रहा। राजस्थान लोक सेवा आयोग की और से रविवार को आयोज्य आर ए एस परीक्षा के दौरान अधिकारियों की लापरवाही के चलते कई युवाओं को परीक्षा से वंचित होना पड़ गया। परीक्षा रविवार सुबह 11 बजे से शुरू हुई, लेकिन सेंटर में 10 बजे ही प्रवेश बंद कर दिया, जिससे सेंटर में पहुंचने के बावजूद काफी समय से तैयारियां कर रहे युवाओं के मंसूबों पर पानी फिर गया। भाजपा नेता सूर्यप्रकाश शर्मा ने होनहारो की पीड़ा को तत्काल सांसद भागीरथ चौधरी तक पहुंचाया। सांसद चौधरी ने उपखंड अधिकारी से बात कर कहा कि सिटी रोड स्थित अग्रवाल कन्या महाविद्यालय में बच्चों को परीक्षा से रोककर भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। यह सुबह 10.05 बजे उक्त सेंटर पहुंच चुके थे, फिर इन्हें रोकने का क्या औचित्य है। जयपुर ग्रामीण से आये आशुतोष शर्मा, मुकेश शर्मा, अशोक प्रजापति, पार्वती देवी, लालचंद बैरवा सहित अन्य युवक मन्नतें करते रहे, पर अधिकारी अनसुनी कर हठधर्मिता पर अड़े रहे।

# सांवलियाजी में पी.एम. मोदी की सभा आज

## राजस्थान व मध्यप्रदेश की 51 सीटों को साधने का होगा प्रयास

**उदयपुर, (कासं)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को चित्तौड़गढ़ जिले में स्थित सांवलिया सेठ मंदिर परिसर में एक आमसभा को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश व राजस्थान की 51 सीटों को साधने का प्रयास करेंगे।

उल्लेखनीय है कि सांवरियाजी एक पवित्र स्थल है तथा राजस्थान एवं मध्यप्रदेश की सीमा के बीच स्थित है। इस क्षेत्र में उदयपुर संभाग व बांसवाड़ा संभाग की कुल 35 विधानसभा सीटें तथा मध्यप्रदेश की 16 सीटें शामिल है। यहां अपने संबोधन में प्रधानमंत्री अपने संदेश में इन सीटों को साधने का प्रयास करेंगे। मध्यप्रदेश के नीमच, मंदसौर, रतलाम व उज्जैन जिलों के लोगों की आस्था इस मंदिर से जुड़ी है तथा ये इलाके मंदिर के निकटवर्ती क्षेत्र है।

गत चुनाव के आंकड़ों के अनुसार इन 51 सीटों में से भाजपा 30 पर, कांग्रेस 18 तथा दो अन्य तथा एक पर निर्दलीय ने चुनाव जीता था। उदयपुर संभाग में उदयपुर, सलूम्बर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, प्रतापगढ़, राजसमंद जिले के कुल 35 विधानसभा सीटें है जिन्हें प्रधानमंत्री साधने की कोशिश करेंगे।

# विरोध के डर से डोटासरा ने मुख्य मार्ग छोड़कर गलियों का रास्ता पकड़ा

## जनता के डर से कब तक भागोगे प्रदेशाध्यक्षजी, आपको सामना करना पड़ेगा : नरेन्द्र गुर्जर

**सुजानगढ़, (निसं)।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्दसिंह डोटासरा जिले की मांग को लेकर आन्दोलन कर रहे आन्दोलनकारियों के प्रदर्शन से घबरा कर मुख्य सड़क छोड़कर पिछली गलियों से बैरासर के लिए रवाना हुए।

जानकारी के अनुसार डोटासरा के आगमन की सूचना पर जिले की मांग को लेकर आन्दोलन कर रहे सुजला महासत्याग्रह समिति एवं जनहित संघर्ष मोर्चा के कार्यकर्ता पंचायत समिति के पास खडे होकर इंतजार कर रहे थे। पीसीसी अध्यक्ष को विरोध की भनक लगने पर उन्होंने मुख्य सड़क छोड़कर प्रगति नगर से होते हुए छापर रेलवे फाटक पहूंच कर वापस मुख्य सड़क पकडी। डोटासरा के मुख्य मार्ग छोड़ते ही आन्दोलनकारियों ने छापर रेलवे फाटक तक उनका पीछा किया तथा फाटक के पास काले झण्डे दिखा कर विरोध जताया।

■ **आन्दोलनकारियों के प्रदर्शन से घबराये डोटासरा**

इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने डोटासरा गोबैक के नारे लगाये। सुजला महासत्याग्रह समिति के नरेन्द्र गुर्जर ने कहा कि जनता के डर से प्रदेशाध्यक्षजी कब तक भागते रहोगे, इस जनता का आपको सामना करना पड़ेगा। इस दौरान विजय पाल श्योराण, किशोर दास स्वामी, श्रीराम भामा, रणसिंह श्योराण, रामनारायण रूलाणियां, एड. बनवारी बिजारणियां, शिवभगवान चौहान, अमित मौसूण, मोनू सैन, बुधाराम गुलेरिया सहित अनेक आन्दोलनकारी उपस्थित थे।




सुजानगढ़ में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा को आन्दोलनकारियों ने काले झंडे दिखाये।




*चीन में चल रहे 19 वें एशियाई खेलों में रविवार को भारतीय एथलीट अविनाश साबले (बाएं)ने पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज़ दौड़ स्पर्धा में रिकार्ड समय के साथ स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। इसी के साथ अविनाश साबले एशियाई खेलों के इतिहास में 3000 मीटर स्टीपलचेज़ में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी भी बन गए हैं। इसी के साथ गोला फेंक स्पर्धा (शॉट पट) में तेजिंदारपाल सिंह तूर (दाएं) ने स्वर्ण पदक जीता। तूर ने 20.36 मीटर के थ्रो में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। एशियाई खेलों का उनका यह लगातार दूसरा स्वर्ण पदक है।*

# कुपवाडा जिले में हथियारों व बारूद का भंडार मिला

## राष्ट्र विरोधी तत्वों से निपटने के लिये चलाये गये पुलिस व सेना के संयुक्त अभियान में यह उल्लेखनीय सफलता मिली

- 30 सितम्बर को दिन में शुरु किये गये अभियान में एक प्राकृतिक गुफा से हथियारों तथा गोला-बारूद का बड़ा जखीरा बरामद हुआ।
- यह अभियान कुपवाडा पुलिस द्वारा एकत्रित विशिष्ट खुफिया सूचना के आधार पर शुरू किया गया था, जिसमें सीमा पार से अवैध रुप से लाये गये हथियार बरामद हुए।

श्रीनगर, 01 अक्टूबर। सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में हथियारों और गोला-बारूद के एक भंडार का भंडाफोड़ किया है।

रविवार को यह जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि, कुपवाड़ा पुलिस और भारतीय सेना द्वारा चलाए गए संयुक्त अभियान में मच्छल के पॉशमार्गी इलाके में हथियारों और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया। बरामद हथियार और गोला-बारूद नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार से भारतीय सीमा में लाए गए थे।

पुलिस के मुताबिक 30 सितंबर को अपराह्न में संदिग्ध क्षेत्र में योजनाबद्ध अभियान शुरू हुआ। यह अभियान राष्ट्र-विरोधी तत्वों द्वारा उत्पन्न खतरे से निपटने के लिए शुरू किया गया था। कुपवाड़ा पुलिस और भारतीय सेना ने संयुक्त रूस से यह अभियान शुरू किया था।

तलाशी अभियान के दौरान एक प्राकृतिक गुफा से हथियारों और गोला-बारूद का खजाना मिला, जिसे अवैध रूप से नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार ले जाया गया था। हथियारों के जखीरे में 01 एके सीरीज राइफल, 4 एके मैगजीन, 02 यूबीजीएल (अंडर बैरल ग्रेनेड लॉन्चर) , 02 हैंडग्रेनेड, 26 यूबीजीएल ग्रेनेड, 7.62 मिमी एके गोला बारूद के 2088 राउंड, 01 साइलेंसर (ध्वनि दबानेवाला यंत्र), 900 ग्राम पीईके (पोटेशियम नाइट्रेट), 20 नंबर 27 डेटोनेटर तार के साथ 19 वाणिज्यिक डेटोनेटर, 02 बूस्टर चार्ज, 02 विस्फोटक उपकरण (सटीक प्रकार अभी तक निर्धारित नहीं किया गया है), 10 संशोधित तंत्र उपकरण, 4 9वी बैटरी, और 01 आईकॉम रेडियो सेट शामिल हैं।

यह अभियान कुपवाड़ा पुलिस द्वारा एकत्रित विशिष्ट खुफिया सूचना के आधार पर शुरू किया गया था, जो क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए हमारे सुरक्षा बलों की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। यह आश्चर्यजनक खोज क्षेत्र में सक्रिय आतंकवादियों के हाथों में हथियारों और गोला-बारूद की आमद को रोकने के लिए पुलिस और सेना द्वारा अपनाई गई सतर्कता और सक्रिय रुख का एक प्रमाण है।

पुलिस ने घाटी में शांति और सुरक्षा को बाधित करने के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए हमारे बलों की प्रतिबद्धता पर भी प्रकाश डाला है।

# राहुल ने हिन्दू धर्म पर लेख लिखा

## सोशल मीडिया पर राहुल गाँधी ने लिखा कि अहिंसा के मार्ग पर चल कर सबको आत्म सात करना ही हिन्दू होने का एक मात्र रास्ता है

- '' जिस व्यक्ति में भय की तह में जाकर इस महासागर को सत्य निष्ठा से देखने का साहस है-वही हिन्दू है।''

नयी दिल्ली, 1 अक्टूबर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भय, धर्म तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की राजनीतिक चर्चा के बीच सत्यम, शिवम, सुंदरम नाम से एक लेख रविवार को सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसमें उन्होंने पूर्वाग्रह तथा भय से मुक्त होकर सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलकर सबको आत्मसात करना ही हिन्दू होने का एकमात्र रास्ता बताया।

गांधी ने हिन्दू होने का मतलब दार्शनिक अंदाज़ में समझाते हुए कहा, ''एक हिंदू अपने अस्तित्व में समस्त चराचर को करुणा और गरिमा के साथ उदारतापूर्वक आत्मसात करता है, क्योंकि वह जानता है कि, जीवन रुपी इस महासागर में हम सब डूब-उतर रहे हैं।''

भय का जिक्र करते हुए उन्होंने लिखा ''जिस व्यक्ति में अपने भय की तह में जाकर इस महासागर को सत्यनिष्ठा से देखने का साहस है- वही हिंदू है। एक हिंदू में अपने भय को गहनता में देखने और उसे स्वीकार करने का साहस होता है। जीवन की यात्रा में वह भय रुपी शत्रु को मित्र में बदलना सीखता है। भय उस पर कभी हावी नहीं हो पाता, वरन् घनिष्ठ सखा बनकर उसे आगे की राह दिखाता है। एक हिन्दू की आत्मा इतनी कमज़ोर नहीं होती कि वह अपने भय के वश में आकर किसी क़िस्म के क्रोध,घृणा या प्रतिहिंसा का माध्यम बन जाए।''

गांधी ने जीवन के अर्थ को परिभाषित करते हुए अपने लेख में लिखा, ''कल्पना कीजिए, जिंदगी प्रेम और उल्लास का, भूख और भय का एक महासागर है और हम सब उसमें तैर रहे हैं।

इसकी खूबसूरत और भयावह, शक्तिशाली और सतत परिवर्तनशील लहरों के बीचोंबीच हम जीने का प्रयत्न करते हैं। इस महासागर में जहां प्रेम, उल्लास और अथाह आनंद है- वहीं भय भी है। मृत्यु का भय, भूख का भय, दुखों का भय, लाभ-हानि का भय, भीड़ में खो जाने और असफल रह जाने का भय।

इस महासागर में सामूहिक और निरंतर यात्रा का नाम जीवन है जिसकी भयावह गहराइयों में हम सब तैरते हैं। इसलिए, क्योंकि इस महासागर से आज तक न तो कोई बच पाया है, न ही बच पाएगा।''

कमजोर वर्ग यानी ओबीसी की राजनीति को साधते हुए उन्होंने कहा ''हिन्दू धर्म कमजोरों की मदद कर सबको आत्मसात करता है। एक हिन्दू अपने अस्तित्व में समस्त चराचर को करुणा और गरिमा के साथ उदारतापूर्वक आत्मसात करता है। क्योंकि वह जानता है कि, जीवन रुपी इस महासागर में हम सब डूब-उतर रहे हैं। अस्तित्व के लिए संघर्षरत सभी प्राणियों की रक्षा वह आगे बढ़ कर करता है। सबसे निर्बल चिंताओं और बेआवाज चीखों के प्रति भी वह सचेत रहता है। निर्बल की रक्षा का कर्तव्य ही उसका धर्म है।

सत्य और अहिंसा की शक्ति से संसार की सबसे असहाय पुकारों को सुनना और उनका समाधान ढूंढना ही उसका धर्म है।

एक हिंदू में अपने भय को गहनता में देखने और उसे स्वीकार करने का साहस होता है।जीवन की यात्रा में वह भय रुपी शत्रु को मित्र में बदलना सीखता है। भय उस पर कभी हावी नहीं हो पाता, वरन घनिष्ठ सखा बनकर उसे आगे की राह दिखाता है।

### भाजपा ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

खेलेगी। राजधानी दिल्ली में बीते दो दिनों से राजस्थान को लेकर बैठकों का दौर जारी है।

भाजपा के दिल्ली मुख्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में राजस्थान भाजपा कोर ग्रुप के नेताओं के साथ बैठक हुई। बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, संगठन महासचिव बीएल संतोष भी मौजूद रहे। राजस्थान से बैठक में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सीपी जोशी, पूर्व सीएम वसुंधरा राजे, प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, सह प्रभारी विजया राहटकर चुनाव प्रभारी प्रहलाद जोशी, सह प्रभारी कुलदीप बिश्नोई, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह, अर्जुनराम मेघवाल, कैलाश चौधरी , नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड, संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां आदि नेता मौजूद रहे।

### अजीतगढ़...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

पर विधायक हरीश मीणा, विधायक सुरेश मोदी, विधायक वीरेंद्र सिंह, विधायक इंद्राज गुर्जर, विप्र बोर्ड के अध्यक्ष महेश शर्मा, पीसीसी सदस्य बालेदु सिंह शेखावत आदि ने सम्मेलन को संबोधित किया।

# 'कांग्रेस और आप के टकराव से ''इण्डिया'' ब्लॉक टूट जायेगा'

- अनुराग ठाकुर का मानना है कि, पंजाब में कांग्रेस नेता की गिरफ्तारी के बाद इन पार्टियों में तनाव और बढेगा।

ऊना, (हिमाचल प्रदेश),1 अक्टूबर। केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार को कहा कि, विपक्षी दलों का गुट इंडिया ब्लॉक पंजाब कांग्रेस नेता खैरा की गिरफ्तारी के तुरंत बाद टूट जाएगा और नरेंद्र मोदी दोबारा प्रधानमंत्री बनेंगे। ठाकुर ने ऊना के अपने दौरे में निर्माणाधीन पीजीआई सैटेलाइट सेंटर (पीजीआईएससी) की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मंत्री ने यह भी स्वीकार किया कि, पीजीआईएससी के निर्माण कार्य में कुछ कारणों से देरी हुई है जो जल्द ही समाप्त हो जाएगा।

ठाकुर रविवार से ऊना और हमीरपुर जिले के दो दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने कहा कि, मार्च 2024 तक पीजीआई सैटेलाइट सेंटर ऊना में ओपीडी शुरू हो जाएगी।

उन्होंने भारत और कैनडा के बीच चल रहे तनाव पर विदेश मंत्री एस जयशंकर की नीतियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री इस मामले में सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। भारतीय हितों की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी।

उन्होंने पत्रकारों से कहा कि, तथाकथित इंडिया गठबंधन ज्यादा दिनों तक नहीं टिकेगा। उन्होंने दावा किया कि पंजाब कांग्रेस नेता सुखपाल सिंह खैरा की गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस और आप के बीच तनाव बढ़ गया है और भविष्य में यह टकराव और बढ़ने वाला है। ठाकुर ने दावा किया कि, केंद्र सरकार राज्य के आपदा प्रभावित लोगों की मदद के लिए पूरी कोशिश कर रही है।

# भारी भूस्खलन से किन्नौर जिले का सम्पर्क कटा

- हाइवे पर वाहनों की लम्बी कतारें लगी हैं। सेब और मटर की फसल मंडी व ट्रकों में फसी है।

शिमला, 01 अक्तूबर। भारत-तिब्बत बॉर्डर को जोड़ने वाले नेशनल हाईवे-5 पर हिमाचल के किन्नौर के निगुलसरी में रविवार सुबह फिर से भारी भूस्खलन हो गया। इससे समूचे किन्नौर जिले का शेष देश दुनिया से संपर्क कट गया। हाइवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गई हैं। निगुलसरी में एनएच-5 बंद होने से सैकड़ों पेटी सेब और मटर की फसल टापरी मंडी और ट्रकों में फंस गई है। इससे बागवानों की चिंताएं बढ़ गई है। लोक निर्माण विभाग सड़क की बहाली में जुटा हुआ है, लेकिन पहाड़ी से बार बार गिर रहे पत्थर इसमें बाधा उत्पन्न कर रहे हैं।

इससे पहले भी बीते छह और सात सितंबर को यहां भारी लैंडस्लाइड हुआ था और सड़क का करीब 400 मीटर हिस्सा धंस गया था। उस दौरान हाईवे 11 दिन तक बंद रहा। दिन-रात सड़क बहाली का काम किया गया। तब जाकर सड़क को खोला गया। सड़क बंद होने से आज किन्नौर जिले में दैनिक उपभोग की खाद्य वस्तुएं दूध, दही, ब्रेड, मक्खन, सब्जियों इत्यादि की सप्लाई भी नहीं पहुंच पाई। किन्नौर जिले के निचले व मध्यम ऊंचाई वाले इलाकों में इन दिनों सेब के साथ साथ मटर की फसल भी पूरी तरह तैयार है। खासकर मटर को चार पांच दिन देरी से मंडियों में पहुंचा तो इससे सड़ने का डर बना रहता है।

# हिमाचल में 1,844 करोना आउटसोर्स कर्मचारी बर्खास्त

- इन कर्मचारियों को 6 माह से वेतन भी नहीं मिला है।

शिमला, 01 अक्तूबर। हिमाचल प्रदेश सरकार ने 1,844 कोरोना आउटसोर्स कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। इन कर्मचारियों को ईमेल के अलावा बर्खास्तगी के ऑर्डर घर भेजे गए हैं। पत्र में इन कर्मचारियों को अस्पताल में नहीं आने के लिए कहा गया है। कोरोना काल के दौरान इन कर्मचारियों की तैनाती की गई थी।

कोरोना वार्ड के अलावा अस्पतालों की ओपीडी में इनकी नियुक्ति की गई थी। इसके अलावा लैब में मरीजों के टेस्ट करने का जिम्मा भी इन कर्मचारियों पर था। नौकरी से निकालने पर इन कर्मचारियों में सरकार के प्रति रोष व्याप्त है। मंगलवार को यह कर्मचारी सचिवालय में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिलेंगे।

विधानसभा के भीतर विपक्ष के नेता और भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने इस मामले को प्रमुखता से उठाया था। सरकार से इन कर्मचारियों की नौकरी बहाल करने की मांग की गई। भाजपा ने भी विधानसभा के बाहर प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों की सेवाएं बहाल करने की मांग की। अब इन कर्मचारियों को नौकरी से हाथ धोना पड़ा है।

कोरोना आउटसोर्स कर्मचारी यूनियन अध्यक्ष अंजली भारद्वाज ने कहा कि कोरोना के समय में सरकार ने स्टाफ नर्सें, लैब टैक्निशियन, वार्ड बॉय, फार्मासिस्ट, कुक, और चालकों की नियुक्ति की थी। बिना अवकाश के कर्मचारियों ने अस्पतालों में सेवाएं दी हैं। कोरोना काल में गांव-गांव जाकर लोगों को जानलेवा बीमारी के प्रति जागरूक किया है। जहां सरकारी कर्मचारी नहीं गए, वहां आउटसोर्स कर्मचारी लोगों को सेवाएं देने के लिए पहुंचा।

उल्लेखनीय है कि हिमाचल के अस्पतालों में सेवाएं देने के बावजूद कोरोना आउटसोर्स कर्मचारियों को छह महीने से वेतन तक नहीं मिला है। यह मामला भी सरकार के ध्यान में लाया गया है, लेकिन आश्वासन ही मिला है।

## अयोध्या : संतों ने देखा मंदिर निर्माण

अयोध्या, 01 अक्टूबर। भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण का संत-धर्माचार्यों ने आज अवलोकन किया। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने संत धर्माचार्यों को आमंत्रित कर श्रीरामजन्मभूमि पर बन रहे भव्य मंदिर निर्माण का अवलोकन कराते हुए पूरे मंदिर परिसर को दिखाया। श्रीरामाश्रम पीठाधीश्वर महंत जयराम दास वेदांती महाराज राम मंदिर के निर्माण कार्यों को देखकर बहुत ही खुश हुए।

# 'मैं उपराज्यपाल बनने के लिये श्रीनगर नहीं आया'

## गुलाम नबी आज़ाद ने एक रैली में कहा कि, मैं जम्मू-कश्मीर के लोगों की सेवा करना चाहता हूँ

- गौरतलब है कि यह अफवाह चल रही थी कि गुलाम नबी आज़ाद अगले उपराज्यपाल बनने जा रहे हैं। आज़ाद ने स्पष्ट रुप से इसका खंडन किया है।

श्रीनगर, 01 अक्टूबर। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री एवं डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने इन अफवाहों का खंडन किया कि वह प्रदेश के अगले उपराज्यपाल बनने के लिए यहां आए हैं।

आजाद ने रविवार को यहां डीपीएपी के एक वर्ष पूरा होने के जश्न में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा,मैं यहां रोजगार की तलाश में नहीं हूं बल्कि जम्मू-कश्मीर के लोगों की सेवा करना चाहता हूं।उन्होंने कहा,मैं लोगों से अनुरोध करूंगा कि वे उन अफवाह फैलाने वालों पर भरोसा न करें जो बहुत तेजी से काम कर रही हैं।

गौरतलब है कि यहां एक ताजा अफवाह है कि गुलाम नबी आजाद अगले उपराज्यपाल बनने जा रहे हैं। आजाद ने हालांकि स्पष्ट रुप से इसका खंडन किया।

उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 और 35ए को निरस्त करना चार साल पहले केन्द्र सरकार द्वारा की गई एक बड़ी भूल थी। इसने जम्मू-कश्मीर के लोगों को और भी मुश्किल में डाल दिया। डीपीएपी अध्यक्ष ने कहा कि राजनीतिक दल कई वर्षों से जम्मू-कश्मीर में चुनावों का इंतजार कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि लोगों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि महंगाई बढ़ गई है और आवश्यक वस्तुओं की कीमतें आसमान छू रही हैं। उन्होंने कहा,यह सच है कि महंगाई केवल भारत में ही नहीं बल्कि अमेरिका और ब्रिटेन समेत पूरी दुनिया में है, इसके अलावा यूरोप में भी यह अधिक है। हम एक गरीब देश से हैं, यूरोप के पास अन्य रास्ते और संसाधन हैं लेकिन हमारे पास कोई संसाधन नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यहां जम्मू-कश्मीर में रोजगार नहीं मिलता। डीपीएपी अध्यक्ष ने पूछा, लड़के और लड़कियां कितनी बार साक्षात्कार में शामिल हुए लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकला।

आजाद ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा,मैं राजनीतिक धोखाधड़ी से गुज़रा हूं, लेकिन मुझे किसी की आलोचना क्यों करनी चाहिए , बुजुर्गों और राजनीतिक नेताओं का सम्मान करें, चाहे वे किसी भी धर्म या पार्टी से हों।

आजाद ने कहा,वर्ष 2008 में मैंने विकास का जो नक्शा खींचा था, वह आज भी मेरे दिमाग में है और मैं इसे अब भी बनाना चाहता हूं।

# आम चुनाव में तमिलनाडु, पुड्डुचेरी की सभी 40 सीटें जीतने का लक्ष्य : स्टालिन

## डी.एम.के. अध्यक्ष ने कहा कि विभिन्न राज्यों में सत्तारूढ़ दल तथा मजबूत क्षेत्रीय दलों के साथ 'इंडिया' गठबंधन भाजपा को वापस सत्ता में आने से रोकेगा

- द्रमुक ने 6 महिने पहले यूथ समितियों का गठन कर चुनाव की तैयारी तेज कर दी है।
- मुख्यमंत्री स्टाालिन ने जिला सचिवों, मंत्रियों व बूथ एजेन्टों को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये संबोधित किया।

चेन्नई, 1 अक्टूबर (वार्ता)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक अध्यक्ष एम.के.स्टालिन ने रविवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से 2024 के लोकसभा चुनाव में सभी 40 सीटों, जिसमें तमिलनाडु की 39 सीट और केंद्र शासित प्रदेश पुड्डुचेरी की एक सीट शामिल है, पर जीत के लिए काम करने का आ ान किया।

द्रमुक के जिला सचिवों, मंत्रियों और बूथ एजेंटों को विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि, यह बहुत महत्वपूर्ण है कि, लोकसभा चुनाव में द्रमुक के नेतृत्व वाला मोर्चा तमिलनाडु और पुडुचेरी में सभी सीटों पर जीत प्राप्त करे।

स्टालिन ने कहा कि, विपक्ष के नेतृत्व वाला इंडिया गठबंधन, जिसमें विभिन्न राज्यों के सत्तारूढ़ दल और मजबूत क्षेत्रीय दल शामिल हैं, भाजपा को फिर से सत्ता में आने से रोकने के लिए बनाया गया है और यह महत्वपूर्ण है कि इंडिया ब्लॉक अखिल भारतीय स्तर पर आगामी लोकसभा चुनाव जीते।

उन्होंने कहा कि, भाजपा केंद्र में सरकार नहीं बनाएगी। चूंकि व्यापक रूप से इस बात की चर्चा है कि चुनाव के बाद अगली सरकार इंडिया ब्लॉक की होगी और इससे हमारी जिम्मेदारी, कर्तव्य और प्रतिबद्धता और ज्यादा बढ़ गई है।

उन्होंने कहा कि, द्रमुक ने छह महीने पहले बूथ समितियों का गठन करके अगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी का काम शुरू कर दिया है जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि हम चुनाव में सभी 40 सीटें प्राप्त करें।

स्टालिन ने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में हमने 40 में से 39 सीटें जीती थीं, लेकिन इस बार हमें सभी 40 सीटें जीतनी हैं और इंडिया ब्लॉक को पूरे देश में जीतना चाहिए जैसे उसने तमिलनाडु में जीत प्राप्त की थी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से चुनाव में जीत प्राप्त करने के लिए कठोर मेहनत करने की अपील की।

## मुइज्जू मालदीव के राष्ट्रपति बने

माले , 01 अक्टूबर। मालदीव में प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव (पीपीएम) और पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) गठबंधन के उम्मीदवार मोहम्मद मुइज्जू ने राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत दर्ज की है।

स्थानीय मीडिया द्वारा संकलित प्रारंभिक परिणाम में यह जानकारी दी गयी है। राष्ट्रपति पद के चुनाव में निवर्तमान राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह और मुइज्जू के बीच आमने-सामने की प्रतिस्पर्धा थी। गौरतलब है कि मुइज्जू , राजधानी शहर माले के मेयर भी हैं। प्रारंभिक परिणाम के अनुसार मुइज्जू ने मतगणना प्रक्रिया के दौरान बढ़ त बना ली और अंत में 50 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल किए।

प्रारंभिक परिणाम के आधार पर मुइज्जू पांच साल के लिए मालदीव के नए राष्ट्रपति के रूप में काम करेंगे। उल्लेखनीय है कि नौ सितंबर को राष्ट्रपति चुनाव के पहले दौर में किसी भी उम्मीदवार को 50 प्रतिशत से अधिक वोट नहीं मिले थे।

# 3000 करोड़ रुपये की कोकीन के साथ दो गिरफ्तार

- कश्मीर से जम्मू की ओर आ रहे वाहन को बनिहाल चौक पर रोका गया था, जिसमें 30 किलोग्राम कोकीन बरामद हुई।
- 158 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और तीन को पीआईटी एनडीपीएस के तहत हिरासत में लिया गया है।

जम्मू, 01 अक्टूबर। पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में 300 करोड़ रुपये की कोकीन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मुकेश सिंह ने कहा, रविवार रात लगभग 10:35 बजे रामबन के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहित शर्मा के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम ने बनिहाल में रेलवे चौक पर हरियाणा में पंजीकृत एक वाहन को रोका।

उन्होंने कहा, ''वाहन कश्मीर से जम्मू की ओर आ रहा था। जांच के दौरान लगभग 30 किलोग्राम कोकीन बरामद की गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय काला बाजार में अनुमानित कीमत 300 करोड़ रुपये है।''

उन्होंने कहा कि इस सिलसिले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया और संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

उन्होंने कहा, ''यह अभियान एसएसपी रामबन और उनकी टीम द्वारा एकत्रित खुफिया जानकारी के आधार पर शुरू किया गया था। ड्रग तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। '' उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में कुख्यात तस्करों के खिलाफ रामबन पुलिस पहले ही मामला दर्ज कर चुकी है।

एडीजीपी ने बताया कि रामबन जिले में 2022 में 104 और 2023 में अब तक 36 मामले दर्ज किए जा चुके हैं।

इस दौरान 2500 किलोग्राम पोस्त भूसा, 30 किलोग्राम कोकीन, 10 किलोग्राम चरस, 200 ग्राम हेरोइन और 200 गोलियां बरामद हुई है। वहीं 158 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और तीन को पीआईटी एनडीपीएस के तहत हिरासत में लिया गया है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908

## संक्षिप्त

### सम्मान समारोह आयोजित

**टोंक।** इनरव्हील क्लब अध्यक्ष सोनिया राजावत ने बताया कि क्लब द्वारा दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें वरिष्ठ नागरिक दुर्गा शंकर शर्मा जो टोंक जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष और राजस्थान एथलेटिक्स एसोसिएशन के सलाहकार है, जिन्होंने 80 वर्ष की आयु में भी जिला और राष्ट्रीय स्तर पर बाधा दौड़ 100 मीटर दौड़ में अनेक स्वर्णपदक प्राप्त कर टोंक जिला का नाम रोशन किया का सम्मान किया गया। साथ ही दिव्यांग वरिष्ठ अध्यापक नीलू अग्रवाल एवं वरिष्ठ अध्यापक हरीश गुप्ता का सम्मान किया किया गया। इन दोनों ने तमाम शारीरिक बाधाओ को पार कर के समाज मे अपना स्थान बनाया है एवं क्लब की मीटिंग भी रखी गई कार्यक्रम में सचिव स्मिता शर्मा अंजू कक्कड़ अल्पना जौनवाल श्वेता सिंघल सुमन गोगिया मीना मंगल प्रभा गौयल पूनम गर्ग सरोज माहेश्वरी सुनीता वर्मा पुष्पा मीणा कामिनी वर्मा आदि उपस्तिथ रहे।

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** दूनी थानाधिकारी विजय सिंह के निर्देशन मे राजा सउनि मय जाप्ता विजयप्रताप कानि, व रत्तिराम कानि, के द्वारा कडी मेहनत व लगन से कार्य करते हुए थाना हाजा के प्रकरण मे वांछित आरोपी जियालाल उर्फ जीवल्या पुत्र शंकर जाट उम्र 24 साल निवासी लाखोला थाना दूनी जिला टोंक को बाद अनुसंधान गिरफ्तार किया गया तथा दोराने अनुसंधान मुल्जिम कि निशा देही से प्रकरण हाजा मे चोरी गये माल मशरुका कुल गेहु मे से 140 किलो गेहु बरामद किया गया है। मुल्जिम को बाद अनुसंधान न्यायालय मे पेश किया गया है।

### डोटासरा का जन्मदिन मनाया

**श्रीमाधोपुर।** कस्बे में राजस्थान कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के जन्मदिवस के अवसर पर सुरेश कुमार सामोता की टीम ने बाबा ब्रह्मचारी गोशाला आश्रम में गौ माता को गुड़ खिलाकर जन्मदिन मनाया एंव उनकी लम्बी उम्र और उज्जवल भविष्य की कामना की इस मौके पर रमेश सामोता, ओम प्रकाश बिजारनिया आदि मौजूद थे।

# झाड़ली से 1000 लोगों ने लिया पायलट की रैली में भाग



ग्राम झाड़ली से अजीतगढ़ में आयोजित हुई किसान रैली में 1000 से अभी अधिक लोगों ने भाग लिया।

**श्रीमाधोपुर।** ग्राम झाड़ली से अजीतगढ़ में आयोजित हुई किसान रैली में झाड़ली से 1000 से अभी अधिक लोगो ने भाग लिया।

सभी लोग सुबह 10 बजे झाड़ली स्टेंड से रवाना होकर एक साथ अजीतगढ़ के लिए रवाना हुए ।युवा नेता नरपत सिंह झाड़ली ने बताया की कई दिनों से गांव में ढाणियां में सबको संदेश करके पूर्व पीसीसी सचिव बालेन्दु सिंह व श्रीमाधोपुर विधायक दीपेंद्र सिंह शेखावत के द्वारा आयोजित रैली के लिए जिसमे पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलेट साहब और राजस्थान प्रभारी सुखविंदर रंधावा सह प्रभारी काजू निजामुदीन की रैली के लिए जनसंपर्क किया जा रहा था। इस अवसर पर मोहन रावत, लक्ष्मीनारायण बंसल,रामचंद्र यादव,राधेश्याम बेनीवाल,निरंजन वर्मा,अंकित सैन,मनीष सैन,विनय सिंह, विनीत सिंह, दिग्विजय सिंह, सुधीर प्रताप सिंह,नरेंद्र कुमावत, बलबीर रैगर, संतोष रैगर, मोती कुमावत, जीतेंद्र सिंह, योगेन्द्र सिंह, सुभाष यादव,मुकेश गुर्जर, मंजीत दीक्षित, शंकर कुमावत, मुकेश कासोटिया, लालचंद वर्मा,महेश वर्मा, सुरेश गुर्जर, महेश सैनी, सतपाल वर्मा, बाबूलाल यादव, विनोद रैगर, यूनुस खान, सरदार मल यादव, शंकर सिंह, विनय प्रताप सिंह,भंवर धानका,प्रदीप वर्मा,जय सिंह आदि रैली में शामिल हुए।

## दिव्यांग बच्चों का आवश्यक सामग्री बांटी

**बहरोड़/ नीमराना।** हर वर्ष की भांति सेवा सप्ताह का प्रारंभ करते शरबती देवी दिव्यांश सशक्तिकरण केंद्र में शुभेच्छा फाउंडेशन एवं लायंस क्लब बहरोड़ ने दिव्यांग बच्चों को रोजमर्रा की आवश्यक सामग्री भेंट की।

कार्यक्रम संचालक शुभेच्छा फाउंडेशन के डॉक्टर विजय मंडोवरा ने बताया कि शुभेच्छा फाउंडेशन और लायंस क्लब बहरोड़ के द्वारा संयुक्त रूप से दिव्यांग सशक्तिकरण केंद्र के बच्चों को रोजमर्रा में काम आने वाली हॉट एंड कोल्ड पानी की बोतल, जग, बेडशीट, तकिया कवर, टूथपेस्ट, तेल, साबुन, कंधे आदि सहित मिठाइयां एवं अन्य सामान भेंट करते सेवा सप्ताह प्रारंभ किया है।

वहीं बताया कि लायंस क्लब बहरोड़ के जॉन चेयरपर्सन लायन राजकुमार जिंदल, अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, सचिव डॉ रतनलाल, कोषाध्यक्ष हंसराज एवं डॉ सुरेंद्र यादव, ब्रजराज सिंह, केपी यादव, जय सिंह शर्मा आदि सभी ने सेवा की गतिविधि में हमेशा अग्रणी रहने के साथ ही आगे भी दिव्यांगों सहित क्षेत्र की अनेक गतिविधियों से राष्ट्र की मजबूती के निर्माण में सहयोग किया जाता रहेगा। इस दौरान दिव्यांग सशक्तिकरण के बच्चे तथा स्टाफ एवं शुभेच्छा फाउंडेशन सहित लायंस क्लब के सदस्य मौजूद रहे।

## गांधी जयंती पर समारोह आज

■ भजन व रामधुन करीब 45 मिनट तक होंगी

**कोटपूतली।** जिला कलक्टर श्रीमती शुभम चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर जिला स्तरीय समारोह के आयोजन आदेश जारी किए हैं। जिला स्तरीय समारोह 2 अक्टूबर 2023 जिले में सरदार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपुतली में राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं गांधीजी के प्रिय भजन व रामधुन करीब 45 मिनट का आयोजन किए जाएंगे।

**समिति की बैठक आयोजित :** ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड अल्ट्राटेक मजदूर संघ कोटपूतली संबंध भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के तत्वाधान में राजस्थान सीमेंट कर्मचारी महासंघ प्रदेश कार्य समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें राजस्थान प्रदेश के कर्मचारी महासंघ की अध्यक्षता नरेन्द्र डाबी के ने की। उन्होंने संघ की रीति नीति व मजदूर के हितों के बारे में चर्चा की। सीमेंट महासंघ प्रदेश अध्यक्ष रतनलाल शर्मा, महेंद्र जैन, प्रदेश महामंत्री गोपाल सिंह चौहान, गोपाल भारती, शंकर सिंह रावत, जयपुर जिलाध्यक्ष रणजीत सिंह, जयपुर ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड अल्ट्राटेक भारतीय मजदूर संघ कोटपूतली के अध्यक्ष संपत सिंह, महामंत्री ईश्वर यादव, उपाध्यक्ष गोपाल चौधरी, महेंद्र सिंह, अजय पांडे, सीताराम जाट, जयप्रकाश, राकेश सिंह, राकेश यादव, किशोर सिंह, गिरवर सिंह, मुखराम, मुन्ना सिंह, दलजीत सिंह, डूंगर सिंह, ओम सिंह, अशोक यादव, महेंद्र सिंह, धर्मेंद्र और ऑल राजस्थान के सीमेंट प्लेटों के अध्यक्ष एवं महामंत्री मौजूद रहे।

# गठबंधन की सीट से उठने लगे विरोध के स्वर

■ कांग्रेस समर्थित मतदाताओं में आला कमान के प्रति गहरी नाराजगी बढ़ती जा रही है

**मालपुरा**(निस) आगामी विधानसभा चुनाव 2023 में मालपुरा सीट से प्रत्याशी चयन को लेकर काँग्रेस आला कमान द्वारा गहन मंथन किय जाने तथा सर्वे रिपोर्ट के आधार पर ही प्रत्याशी घोषित करने की चर्चाओं के बीच में ही बीते एक सप्ताह से मालपुरा सीट को आरएलडी अथवा इंडिया गठबंधन से गठबंधन कर एक बार फिर मालपुरा सीट को गठबंधन का प्रत्याशी देने की शुरू हुई सुगबुगाहट से कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ-साथ कांग्रेस समर्थित मतदाताओं में आला कमान के प्रति गहरी नाराजगी बढ़ती जा रही है ।

हालांकि वर्ष 2018 में समझौते के तहत मालपुरा सीट से आरएलडी प्रत्याशी बने पूर्व विधायक रणवीर पहलवान ने 63451 मत प्राप्त किए थे। नाम नहीं छापने की शर्त पर कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी व दिग्गज नेताओं ने बताया कि यदि इस बार आला कमान मालपुरा सीट को अन्य दलों से गठबंधन कर बाहरी प्रत्याशी को मैदान में उतरती है तो 30 साल से मिल रही कांग्रेस को इस बार भी करारी हार का सामना करना पड़ेगा। 30 साल से मिल रही हार को जीत में बदलने के लिए लंबे समय से घासी लाल चौधरी, गोपाल गुर्जर, अवधेश शर्मा, भंवर लाल चौधरी एवं रामविलास चौधरी लगातार संघर्ष कर रहे हैं । क्षेत्र में पार्टी को फिर से जिंदा करने का प्रयास कर रहे हैं।

मालपुरा- टोडारायसिंह विधानसभा सीट की बात करेंगे तो काँग्रेस आलाकमान द्वारा लगातार मालपुरा की अनदेखी करने के कारण यहां से पिछले 30 सालों से काँग्रेस को पराजय का सामना करना पड़ रहा है। पिछले 10 साल से बीजेपी के कन्हैयालाल चौधरी यहां से विधायक हैं। कांग्रेस की सरकार में बीजेपी के विधानसभा क्षेत्र में काँग्रेस सरकार व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा मालपुरा के प्रति दुर्भावना रखने का आरोप है ।

# टोंक : भाजपा-कांग्रेस के भावी उम्मीद्वार हाईकमान की देहली पर पहुंचे



कंचन मीना



सुनील बंसल

**टोंक ।** टोंक विधानसभा क्षेत्र से 17-18 कार्यकर्ताओं ने अपनी दावेदारी जताई है, वर्तमान विधायक सचिन पायलट जो टोंक विधानसभा क्षेत्र से चुनाव नही लडते है तो इसमें आज की स्थिति का आंकलन करे तो उसमे जो नाम उभरता है, वह सुनिल बंसल का है।

सुनिल बंसल पिछले दो दशको से कांग्रेस के कर्मठ कार्यकर्ताओं की अग्रिम पक्ति में खडे दिखाई देते है, जहां वर्तमान में ही प्रदेश कांग्रेस कमेठी के सदस्य है, वार्ड न. 41 से पाषर्द भी है, साथ ही सरल स्वभाव के अनुसार आप महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति टोक के संयोजक एवं शांन्ति एवं अहिन्सा प्रकोष्ठ के संयोजक भी है । टोंक विधानसभा क्षेत्र में यह भी कयास लगाया जा रहा है कि सचिन पायलट के बाद किसी का नाम चर्चा में हो सकता है, तो वह सुनिल बंसल के नाम संभावित है।

इसी प्रकार देवली-उनियारा क्षेत्र से एक महिला जो गुर्जर-मीणा बाहुल्य क्षेत्र माना जाता है और चुनावो की दावेदारी में वर्तमान विद्यायक हरिश मीणा का भारी विरोध दिखाई देता है, वही जिले की चारो विधानसभा क्षेत्रो से किसी महिला को टिकट दिया जाना भी प्रासांगिक लगता है, ऐसी स्थिति में देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र से सेवा भावी कंचन मीणा अपनी कार्यशैली, व्यवहार शैली व क्षेत्र में लगातार सम्पर्क कर जिस तरह से अपना जनाधार बना रही है।

वही भाजपा की ओर से क्योकी गुर्जर प्रत्याशी को स्थान जाता रहा है और वही मीणा दोवदार का विकल्प के तौर पर संभावना बनती है, कि शायद इस बार कांग्रेस इस क्षेत्र से एक महिला को चुनाव के रूप कचंन मीणा को प्रत्याशी बना सकती है

अगर भाजपा खेमे से टोक में कोई एक नाम उभरकर आ रहा है, तो वह संजय संघी है, आप मूल रूप व्यवसायी है लेकिन आप छात्र जीवन से ही छात्र-संघ सचिव, प्रदेश प्रतिनिधी, प्रदेश भाजपा कमेठी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अग्रवाल समाज 84 युवा परिषद है, वहीं भाजपा के नेताओं ने अपनी प्रबल दावेदारी को लेकर अपने अपने गुट के नेताओं से सम्पर्क साधकर लगातार जयपुर-दिल्ली कूच कर रहे है। आज का सच तो यह है कि प्रदेश की स्थिति ही दोनो दलो की स्पष्ट नही है, तो दावेदारो द्वारा अपने-अपने दावें के लिए ताल टोकना स्वभाविक है, उतना ही हवाई घोडे भी है, लेकिन राजनीति के रण में अन्तिम समय पर तक कुछ भी कहना ठीक नही होगा क्योंकि हम टोक का ही उदाहरण ले तो पिछले बार अजीत मेहता को टिकट देने के बाद भाजपा ने अन्तिम क्षण में यूनूस खान की पेरालेण्डिग कराकर सभी धारणो को ध्वस्त कर चकित कर दिया था।

## 9 चिकित्सकों के पद रिक्त

**दूदू** (नि.स) जिला मुख्यालय दूदू पर स्वास्थ्य विभाग के अधीन संचालित उप जिला चिकित्सालय पर व्याप्त असुविधाओं एवं रिक्त पडे 9 चिकित्सकों के अभाव में मरीजों एवं महिला रोगियों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। विभाग द्वारा यहा उप जिला चिकित्सक में चिकित्सकों के 23 पद स्वीकृत कर रखे है। वर्तमान मे 14 चिकित्सक कार्यरत है। गैर तलब है कि जिला मुख्यालय पर संचालित राजकीय अस्पताल में महिला चिकित्सक एवं सर्जन का पद रिक्त पडा है। इस अभाव में प्रसव हेतू आने वाली महिलाओ को निजि अस्पतालो मे जाकर प्रवास करने को मजबूर होना पड रहा है सर्जन के अभाव मे मरीजो को अन्यत्र जाकर उपचार करवाना पडता है इस सम्बंध मे उच्च अधिकारियो को ग्रामीण जनो द्वारा कई बार अवगत करवाया जा चुका लेकिन कोई सुनवाई आज तक नही हो पायी।

## हत्यारा भाई गिरफ्तार

**कोटपूतली।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले के ग्राम खींवाहेड़ी में एक कलयुगी भाई ने अपने ही सगे भाई की पीट-पीट कर विगत चार दिन पूर्व हत्या कर दी थी। मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी कलयुगी भाई को गिरफ्तार कर लिया है। कोटपूतली-बहरोड़ जिला एसपी डॉ. रंजीता शर्मा के सुपरवीजन में तथा बानसूर डीएसपी सुनिल कुमार जांखड़ नेतृत्व में बास दयाल थानाधिकारी पुखराज के नेतृत्व में टीम गठित की गई जिसमें कानी. महेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश, राकेश कुमार, गिरधारी व कालुराम को शामिल किया गया। उक्त पुलिस ने कार्यवाही करते हुए हत्या के आरोपी हंसराज पुत्र ग्यारसाराम गुर्जर निवासी खींवाहेड़ी को गिरफ्तार किया है।

गौरतलब है कि विगत 24 सितम्बर को परिवादी धोलाराम पुत्र लीलाराम गुर्जर निवासी खींवाहेड़ी ने मामला दर्ज कराते हुए बताया था कि 22 सितम्बर को हंसराज पुत्र ग्यारसाराम, पुरण, प्रशान्त, पालाराम पुत्रान हंसराज, संती पत्नी हंसराज, अनिता पत्नी पालाराम, सुनिता पत्नी पुरण, मिन्टु पत्नी प्रसान्त सभी एकराया होकर हाथों में लोहे के पाईप, लाठी, लकड़ी, पावली, दंताली लेकर गाली गलोच करते हुए घर के अन्दर घुस गये और जानलेवा हमला कर दिया। रिपोर्ट में आरोप है कि लोहे के पाईप से हंसराज ने उसके पिता लीलाराम को बेरहमी से मारा जिससे उसके पिता के सिर, हाथ व पीठ में गंभीर चोटें आई।

# सद्भाव के पैगाम को लेकर शांति मार्च निकाला

■ सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण किया

**टोंक।** प्रख्यात गांधीवादी विचारक चिंतक एवं स्वतंत्रता सेनानी डॉ एसएन सुब्बाराव के प्रेरणा गीतों के साथ अमन प्रेम सद्भावना के पैगाम को लेकर टोंक में रविवार को प्रात: 11.00 शांति मार्च निकाला गया।

भारत सेवा संस्थान, टोंक द्वारा आयोजित शांति मार्च, पटेल सर्कल पर सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ प्रारंभ हुआ जो शहर में घंटाघर से सुभाष चौक पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आगे बाजार की ओर बढ़ा, काफिला बाजार से होकर वापस घंटाघर पर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और संविधान बचाओ देश बचाओ के नारे लगाए गए संविधान की रक्षा कौन करेगा हम करेंगे हम करेंगे इस उद्घोष के साथ महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण के लिए गांधी पार्क पहुंचे जहां पर महात्मा गांधी के प्रति श्रद्धा भाव व्यक्त करते हुए बारी-बारी से महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया, राजस्थान हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता संत कुमार जैन, गांधीवादी विचारक मुजीब आजाद, कांग्रेस जिला अध्यक्ष हरि भाई हरि, महावीर तोगडा शांति मार्च की अगुवाई कर रहे थे शांति मार्च के दौरान सद्भावना के प्रेरणा गीत के साथ जोड़ो ! जोड़ो भारत जोड़ो, नफरत छोड़ो। दिल को जोड़ो जैसे नारे उद्घोष के साथ लगाते हुए और बुद्ध जन्म टोंक के प्रमुख मार्ग से गुजरे कांग्रेस शासन की उपलब्धियां के पंपलेट व प्रचार सामग्री वितरित करते हुए कार्यकर्ता शहर के मुख्य मार्गो से निकले अशोक गहलोत के शांति अहिंसा के पैगाम को देते हुए निकले। भारत सेवा संस्थान के टोंक प्रभारी मुजीब आजाद ने कहा कि प्रख्यात गांधीवादी विचारक स्वतंत्रता सेनानी भाई जी एसेंस सुब्बाराव टोंक में अनेक बार आए और उन्होंने टोंक में शांति और सद्भावना बनाए रखने के लिए अपने संदेश दिए वर्तमान परिपेक्ष में नफरत को पनपन से रोकने के लिए गांधीवादी विचार की महत्ती आवश्यकता है इस उद्देश्य से टोंक में शांति सद्भावना का पैगाम दिया गया।



भारत सेवा संस्थान, टोंक ने शांति मार्च निकाला।

## प्रजापति भामाशाह सम्मान समारोह

**चाकसू**(निस) रविवार को कोटखावदा रोड स्थित कृषि उपज मंडी के सामने प्रजापति समाज की ओर से मां श्री यादें छात्रावास विकास समिति के नेतृत्व में प्रजापति भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित किया। समारोह के मुख्य अतिथि श्री यादें माटी कला बोर्ड उपाध्यक्ष पप्पू लाल प्रजापति एवं विधायक वेद प्रकाश सोलंकी एवं पालिका अध्यक्ष कमलेश बैरवा रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने भगवान दक्ष प्रजापति की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व माल्यार्पण कर की। आयोजकों ने अतिथियों को 21 किलो की माला, साफा और दुपट्टा पहनाकर स्वागत सम्मान किया। श्री यादें माटी कला बोर्ड उपाध्यक्ष पप्पू लाल प्रजापति ने अपने संबोधन में कहा समाज में छात्रावास के निर्माण एवं ऐसे आयोजनों से समाज की प्रतिभाओं में नई जान आती है। और इसके लिए सभी लोगों को बढ़ -चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए भामाशाहों का धन्यवाद ज्ञापित करते हो कहा कि समाज के छात्र-छात्राएं पढ़ -लिखकर अपने माता-पिता और समाज का नाम रोशन करें। वहीं समाज की प्रतिभाओं व विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान चाकसू विधायक सोलंकी द्वारा छात्रावास में मौके पर ही पानी की व्यवस्था के लिए सिंगल ट्ययूबवेल करवाया और एक लाख रुपए नगद राशि तथा छात्रावास के लिए दो हॉल निर्माण की घोषणा की ।

## सार-समाचार

### न्यायालय परिसर में सफाई की



**दूदू** (नि.स) जिला मुख्यालय पर स्वच्छता ही सेवा के अभियान के तहत न्यायालय कक्षों एवं परिसर में न्यायाधीशों एवं कर्मचारियों द्वारा श्रमदान कर सफाई की गई। इस अवसर पर अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संदीप आनंद, वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आशुतोष सिंह सिविल न्यायिक मजिस्ट्रेट रचना बालोत, एवं अभिभावक मौजूद रहे। संदीप आनंद ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे जीवन मे स्वच्छता बहुत जरूरी है।

### शिक्षक संघ के चुनाव संपन्न

**फागी।** राष्ट्रीय शिक्षक संघ उपशाखा फागी के चुनाव ,राजकीय उच्च मा विधालय फागी में प्रधानाचार्य अमित कुमार मीणा के पर्यवेक्षण में व हनुमान गुजर के सभापतित्व में सर्व सम्मति से संम्पन्न हुए ,जिसमे अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा,उपाध्यक्ष मंत्री कुलदीप जोशी,महिला मंत्री पद्मा शर्मा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश दास स्वामी,उपाध्यक्ष महिला लल्ली देवी जाट, उपाध्यक्ष पुरुष लक्ष्मण सिँह, कोषाध्यक्ष घनश्याम जांगिड़, अध्यापक सदस्य ओम प्रकाश मीणा,पंचायत समिति सदस्य कैलाश चंद जाट, ,प्राध्यापक सदस्य अरविंद गौतम,महिला सदस्य सोना जांगिड़ ,प्रबोधक सदस्य मगन लाल देवंदा,शारिरिक शिक्षक सदस्य भँवर लाल मीणा, इसके अतिरिक्त प्रदेश महासमिति सदस्य के रूप में श्री केशव राज चौहान, श्रीनिवास शर्मा सत्यनारायण शर्मा व तुलसीराम जाट निर्वाचित हुए,जिलास्तरीय समिति सदस्य हेतु,मुकेश कुमार जांगिड़ प्रथम ,अमित शर्मा, मोरध्वज रैगर, कृष्णकांत प्रधान,ऋषिकेश इंदौरिया, इकबाल हुसैन सोहनपुरी गोस्वामी, रामफूल मीना मुकेशकुमार जांगिड़ द्वितीय ,अरविंद गौतम ,कैलाश चंद यादव का निर्वाचन हुआ।

### श्रमदान किया

**चाकसू**(निस)। तामड़िया ग्राम पंचायत मे महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य पर 01 अक्टूबर को उन्नत भारत अभियान के कोऑर्डिनेटर डॉ एम एल मीना के सहयोग से राजकीय विद्यालय से तामड़िया भेरू जी के मंदिर तक सभी के सहयोग से सफाई की, साथ ही प्लास्टिक आदि कचरे को हटाया। प्रो ज्योति जोशी ने गांव के लोगो बच्चों एवम् महिलाओं को सफ़ाई का महत्व के बारे बताया। युवाओं को स्वच्छता पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, ग्रामवासियों के लिए स्वच्छता की महत्त्व पर निम्बंध, प्रश्नोत्तरी आदि का आयोजन के 40 विजताओ को प्रमाण पत्र एवम् समृति चिन्ह देकर सम्मान किया। साथ ही 300 से भी ज्यादा ग्रामवासियों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए शपथ दिलवाई। इसी मौके पर एमएनआईटी जयपुर से लगभग 150 विधार्थियो सहित कर्मचारीगण एवम् गांव के 300 से भी ज्यादा लोगों सहयोग किया। इस मौक़े सरपंच मुकेश चौधरी जगदीश गुर्जर (उप सरपंच), हंसराज यादव, डॉ प्रेणना जैन, डीन, एस डब्ल्यू, डॉ अमित जोशी, डॉ दिनेश त्यागी एवम् 400 से भी ज्यादा लोग कार्यक्रम मे उपस्थित रहें।

### 'रक्तदान कर बचाएं दूसरों की जान'

**चाकसू**(निस) कस्बे के टोंक रोड स्थित एक निजी गार्डन में अखिल भारतीय रैगर महासभा,मानवता फाउंडेशन,समर्पण ध्यान एवं स्काई लाइक समेत कस्बे की विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से जयपुरिया अस्पताल एवं सवाई मानसिंह अस्पताल की विभिन्न इकाइयों के सहयोग से सोमवार प्रात 9 बजे से साइकिल 4 बजे तक स्वच्छ रक्तदान महाशिवर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर रविंद्र नारोलिया ने बताया कि सभी के सहयोग से 2004 से अब तक 16 कैंप आयोजित किए गए हैं। शिविर सुबह नो बजे से शुरू होगा। इसमें व्यपारी, समाजसेवी, कर्मचारी समेत तमाम लोग दूसरों का अनमोल जीवन बचाने के लिए रक्तदान करेंगे। कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है, रक्तदान के कई फायदे हैं। इससे शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती और नया खून बहुत जल्द बन जाता है। रक्तदान करने वाले व्यक्ति की उम्र 18 से 65 साल होनी चाहिए। रक्तदान शिविर के लिए सभी के सहयोग से 40 बेड़ो की व्यवस्था की गई है।

### 'स्वच्छता और सेवा ही भाजपा का लक्ष्य'

**कोटपूतली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से शुरू होकर गांधी जयन्ती 02 अक्टुबर तक भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पूरे देश में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत पौधारोपण, स्वच्छता अभियान व मेडीकल कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत प्रधानमंत्री मोदी द्वारा आहुत किये गये राष्ट्रीय श्रमदान अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना के नेतृत्व में ग्राम पंचायत अमाई स्थित राजकीय विधालय एवं मन्दिर परिसर में साफ-सफाई कर पौधारोपण किया। कसाना ने कहा कि साफ-सफाई कर स्वच्छता से परिपूर्ण सेवा ही पार्टी कार्यकर्ताओं का लक्ष्य है जो प्रधानमंत्री मोदी के सपने को पूरा करने के लिए कार्य कर रहे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से आग्रह किया है कि सभी लोग स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत श्रमदान करें। स्वच्छता के प्रति हाल ही के वर्षों में पूरे देश में जागरूकता बढ़ी है और आज यह एक जन आंदोलन का स्वरूप बन गया है। इस दौरान गुल्लाराम कसाना समेत बड़ी संख्या में अन्य मौजूद थे।

### डॉ. विक्रम गुर्जर ने गांवों का दौरा किया

**देवली** (नि स) यहां देवली उनियारा विधानसभा क्षेत्र से विधानसभा चुनाव में अपनी दावेदारी दिखा रहे डॉ विक्रम सिंह गुर्जर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र में जाकर गाँवों का डोर टू डोर दौरा कर ग्रामीणों से संपर्क कर रहे हे तो वही नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से आगामी विधानसभा चुनाव कार्यक्रमो पर भी चर्चा कर रहे है । इसी क्रम में रविवार को देवली उनियारा विधानसभा क्षेत्र के दूनी क़स्बे में एक सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में डॉ विक्रम सिंह गुर्जर पहुंचे जहां भारतीय सेना से सेवानिवृत होने पर पूरणमल साफ़ा व माला पहनाकर स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं भेंट की ।

### 44 मतदाताओं को सम्मानित किया

**श्रीमाधोपुर ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान जयपुर के निर्देशो की पालना में रविवार 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस के अवसर पर उपखंड अधिकारी कार्यालय श्रीमाधोपुर में लोकेंद्र मीणा तहसीलदार श्रीमाधोपुर की अध्यक्षता में आयोजित ब्लॉक स्तरीय सम्मान समारोह में 80 प्लस के 44 मतदाताओं को माल्यार्पण एवं प्रशस्ति पत्र प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार शर्मा ,विष्णु अग्रवाल उप प्राचार्य, राकेश कुमार कुलदीप सहायक प्रशासनिक अधिकारी, रतनलाल सैनी मास्टर ट्रेनर, नगर पालिका श्रीमाधोपुर क्षेत्र के बीएलओ एवं सुपरवाइजर आदि उपस्थित थे ।

### फोरलेन सड़क का शिलान्यास आज

**श्रीमाधोपुर।** गणेश मंदिर के पास स्थित बाईपास तिराहे से गौशाला बाजार तक 4 .10 करोड़ की लागत से बनने वाली फोरलेन सड़क का शिलान्यास श्रीमाधोपुर विधायक दीपेंद्र सिंह शेखावत द्वारा सोमवार 2 अक्टूबर को दोपहर 2:15 बजे किया जाएगा। पार्षद उमेश चूलेट के अनुसार शिलान्यास समारोह के बाद गौशाला के पास स्थित बजाज धर्मशाला में सभा का आयोजन किया जाएगा। सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता रमेश कुमार ढबास के अनुसार इस सड़क की लंबाई 1300 मीटर होगी व बीच में डिवाइडर भी बनाया जायेगा।

### मरीजों को फल बांटे

**सांभरझील,** (निसं)। यहां उसमिया वेलफेयर सोसाइटी की तरफ से राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल बांटे। समिति की तरफ से आयोजित एक प्रोग्राम के दौरान इंद्र रसोई में 1 दिन के लिए सभी जरूरतमंदों को निशुल्क भोजन की व्यवस्था का इंतजाम भी किया गया। मदरसा दाउत उल हक पढ़ने वाले बच्चों को फ्रूटी, टॉफी, बिस्कुट भी वितरित किए गए। इस मौके पर नजम उल हसन उस्मानी, एडवोकेट इलियास बाबू रंगरेज, जिया उर्रहमान पूर्व पार्षद सिराजुद्दीन मंसूरी, पूर्व पार्षद फिरोज खान, एहसान उस्मानी, पार्षद पति टीकमचंद कुमावत, शमीम खान, हाजी नौशाद, हारून रशीद व अशरफ अली की मौजूदगी रही।

भारत सरकार

G20 भारत 2023 INDIA

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव

# राजस्थान के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए संकल्पबद्ध मोदी सरकार

## 7 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 9 विकास परियोजनाओं की सौगात





## लोकार्पण

### चित्तौड़गढ़-नीमच रेल लाइन का दोहरीकरण
- डबल ट्रैक होने से ट्रेन सुचारू रूप से चलेगी
- ट्रेन की समयपालनता में सुधार तथा यात्रा समय में बचत

### चित्तौड़गढ़-कोटा रेल लाइन का विद्युतीकरण
- चित्तौड़गढ़-रतलाम तक वैकल्पिक विद्युतीकृत मार्ग
- आयातित डीज़ल पर भारी बचत

### एचपीसीएल एलपीजी प्लांट, आबू रोड
- प्रति वर्ष 86 लाख सिलेंडर वितरण का प्रावधान
- रोजगार के नये अवसर बनेंगे

### जीएसपीएल इंडिया गैसनेट लिमिटेड (GIGL) - महेसाना बठिंडा गैस पाइपलाइन परियोजना का पाली हनुमानगढ़ खंड
- 900 कि.मी. लंबी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन इन्फास्ट्रक्चर का निर्माण
- सीएनजी और पीएनजी के साथ गैस आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा

### आईओसीएल एलपीजी बॉटलिंग प्लांट, अजमेर में अतिरिक्त 2x1200 मीट्रिक टन भंडारण
- 2400 मीट्रिक टन का अतिरिक्त एलपीजी भंडारण
- एलपीजी का सुचारू संचालन और आपूर्ति सुनिश्चित होगी

### भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान कोटा के स्थायी कैंपस
- देश में डिजिटल और आईटी क्रांति को बढ़ावा
- संकाय और कर्मचारियों के लिए उच्च तकनीक और आधुनिक इन्फास्ट्रक्चर

### स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत नाथद्वारा में पर्यटन सुविधाओं का विकास
- आधुनिक पर्यटक व्याख्या एवं सांस्कृतिक केंद्र का विकास
- पर्याप्त पार्किंग और आसपास के क्षेत्रों का सौंदर्यीकरण

### एनएच-52 पर दरा-झालावाड़-तीनधार खंड पर निर्मित 4-लेन सड़क
- एनएच-52 भारत के छह राज्यों को जोड़ता है
- कोटा और झालावाड़ के खनिज और पत्थर उद्योगों को फायदा मिलेगा

## शिलान्यास

### सवाईमाधोपुर शहर में राष्ट्रीय राजमार्ग-552E के कि.मी. 76 पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण एवं चौड़ीकरण
- आरओबी को 2-लेन से 4-लेन तक चौड़ा किया जाएगा
- डिकंजेशन कम होने से समय और ईंधन की बचत

# नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति

**अशोक गहलोत**
मुख्यमंत्री, राजस्थान

**राजेन्द्र सिंह राठौड़**
नेता प्रतिपक्ष, राजस्थान विधानसभा

**सी. पी. जोशी**
सांसद

**वसुंधरा राजे**
विधायक

DD NEWS कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज़ पर देखें

दिनांकः 2 अक्टूबर, 2023 | समयः पूर्वाह्न 10.15 बजे | स्थानः चित्तौड़गढ़